

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



03 जातिगत जनगणना पर केन्द्र सरकार का उचित ...

वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गिरिजा व्यास का निधन ... 12



वर्ष : 12 | अंक : 23 | पटना, शनिवार, 03 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## संक्षिप्त खबरें

### सैन्य प्रतिष्ठानों की वैबसाइट हैक करने की पाकिस्तान की कोशिश लगातार विफल

नई दिल्ली। पहलगाम हमले के बाद भारत की घेराबंदी से हताश पाकिस्तान भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की वैबसाइटों को हैक करने की निरंतर कोशिश कर रहा है लेकिन भारत की साइबर सुरक्षा एजेन्सयां इन कोशिशों को निरंतर विफल कर रही हैं। सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारत द्वारा निरंतर उठाये जा रहे कदमों से बौखलाए पाकिस्तान प्रायोजित हैकर समूह ,साइबर ग्रुप एचओएएक्स1337 और ह्यनेशनल साइबर क्रू भारतीय वैबसाइटों पर निरंतर साइबर हमले कर रहे हैं। इन समूहों ने गुरूवार को भी कुछ वेबसाइटों में सेंध लगाने के असफल प्रयास किए। साइबर सुरक्षा एजेंसियों ने इन हैकिंग प्रयासों का तुरंत पता लगाकर उन्हें निष्प्रभावी कर दिया। उकसावेबाजी की ताजा घटना में आर्मी पब्लिक स्कूल नगरोटा और सुंजवान की वेबसाइटों को निशाना बनाया गया और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों का मजाक उड़ाने वाले संदेशों के साथ उन्हें विकृत करने का प्रयास किया गया। एक अन्य घटना में भूतपूर्व सैनिकों की स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी वेबसाइट को विकृत कर दिया गया जो पाकिस्तान की बढ़ती हताशा का संकेत है।सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान से संचालित हैकर्स बच्चों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य निर्दोष लोगों से जुड़ी वेबसाइटों पर हमला करने के बार-बार प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि भूतपूर्व सैनिकों और परिवारों के प्लेटफार्मों पर हमला करना पाकिस्तान की एक और नीच हरकर तथा अनैतिक तरीकों से काम करने के उसके निरंतर प्रयासों को दशार्ता है।

### अश्लीलता को बढ़ावा देने वाले उल्लू ऐप पर एनसीडब्ल्यू सख्त, सीईओ और होस्ट को किया तलब

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने उल्लू ऐप के नवीनतम वेब शो हाउस अरेस्ट से बेहद परेशान करने वाली मीडिया रिपोर्टों और वायरल वीडियो सामग्री का स्वतः संज्ञान लिया है। मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए एनसीडब्ल्यू ने उल्लू ऐप के सीईओ विभु अग्रवाल और एजाज खान को नौ मई को आयोग के समक्ष पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है। आयोग ने शुक्रवार को बताया कि 29 अप्रैल को शो का एक छोटा क्लिप वायरल हुआ है, जिसमें होस्ट एजाज खान महिला प्रतिभागियों को कैमरे पर निजी, अंतरंग स्थितियों को निभाने के लिए मजबूर करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनकी असुविधा और साफ तौर पर इनकार के बावजूद भी वे ऐसा करते दिखाई दे रहे थे। कथित तौर पर प्रतियोगियों को आगे कपड़े उतारने और स्क्रीन पर अश्लील हरकतें करने के लिए कहा गया था। इस तरह की अश्लील सामग्री न केवल महिलाओं की गरिमा का उल्लंघन करती है, बल्कि ऑनलाइन मनोरंजन के लिए एक अत्यंत प्रतिगामी और हानिकारक मिसाल भी स्थापित करती है। आयोग का मानना है कि इन कृत्यों की प्रकृति यदि सत्य पाई जाती है तो भारतीय न्याय संहिता-2023 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 के तहत गंभीर दंडात्मक प्रावधानों के तहत अपराध है। आयोग ने बताया कि पहले भी कंटेंट क्रिएटर रणवीर अल्लाहबादिया से जुड़े मामले में कड़ा रुख अपनाया था।

# पीएम ने विझिनजाम बंदरगाह का किया उद्घाटन, मंच पर शशि थरूर रहे मौजूद

## प्रधानमंत्री बोले- इस कार्यक्रम से कई लोगों की उड़ेगी नींद

प्रात : किरण

तिरुवनंतपुरम/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तिरुवनंतपुरम में 8,900 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी मौजूद रहे। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है। विझिनजाम बंदरगाह का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, एक तरफ विशाल समुद्र है, जिसमें अनेक अवसर हैं और दूसरी तरफ प्रकृति की सुंदरता है, इन दोनों के बीच यह विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय गहरे पानी वाला बहुउद्देशीय बंदरगाह है, जो नए युग के विकास का प्रतीक है। इस बंदरगाह का निर्माण 8,800 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है और निकट भविष्य में इसके ट्रांसशिपमेंट हब की क्षमता तीन गुनी हो जाएगी। इसे बड़े मालवाहक जहाजों को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो एक महत्वपूर्ण आवश्यकता को पूरा करता है। अब तक, भारत की 75 प्रतिशत ट्रांसशिपमेंट गतिविधियां विदेशी बंदरगाहों पर संचालित की जाती थीं, जिसके परिणामस्वरूप देश को राजस्व का बड़ा नुकसान होता था। हालांकि, यह बदलने वाला है। पहले विदेशों में खर्च किए जाने वाले धन को अब घरेलू विकास में लगाया जाएगा, जिससे विझिनजाम और केरल के लोगों के लिए नए आर्थिक अवसर पैदा होंगे, जिससे





यह सुनिश्चित होगा कि देश की संपत्ति सीधे अपने नागरिकों को लाभान्वित करे। पीएम मोदी ने आगे कहा कि गुलामी से पहले हमारे भारत ने हजारों वर्ष की समृद्धि देखी है। एक समय वैश्विक जीडीपी में मेजर शेयर भारत का हुआ करता था। उसमें केरल का बड़ा योगदान था। उस समय भारत को अन्य देशों से अलग करने वाली बात थी, इसकी प्रभावशाली समुद्री क्षमताएं और इसके बंदरगाह शहरों में संपन्न आर्थिक गतिविधियां। केरल ने इस सफलता में विशेष भूमिका निभाई। भारत सरकार ने, राज्य सरकार के सहयोग से सागरमाला परियोजना के तहत पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को अपग्रेड किया है। पोर्ट कनेक्टिविटी को भी बढ़ाया है। पीएम-गतिशक्ति के तहत जलमार्गों, रेलवे, राजमार्गों और वायुमार्गों की अंतर-कनेक्टिविटी को तेज गति से बेहतर बनाया जा रहा है। बंदरगाह अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का एहसास तब होता है, जब बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता दी जाती है और बढ़ावा दिया जाता है। पिछले एक दशक में, यह दृष्टिकोण सरकार की बंदरगाह और जलमार्ग नीतियों की आधारशिला रहा है। औद्योगिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने और राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। वहीं आज भगवान आदि शंकराचार्य जी की जयंती है। तीन वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया।

**मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल अकादमी सह खेल विवि में खेल सुविधाओं का किया लोकार्पण**

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स का बेहतर ढंग से हो आयोजन : नीतीश

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



**खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 की तैयारियों का लिया जायजा**

मुख्यमंत्री ने राजगीर में आयोजित होनेवाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने खेल मैदान एवं खेल ट्रैक को भी देखा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य खेल अकादमी में खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधा का इंतजाम किया गया है। सभी चीजों का निर्माण अच्छे ढंग से कराया गया है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का बेहतर ढंग से आयोजन हो, इसका ध्यान रखें।

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को नालंदा जिला के राजगीर में राजगीर खेल अकादमी सह खेल विश्वविद्यालय में नवनिर्मित खेल सुविधाओं का लोकार्पण किया। इसके तहत मुख्यमंत्री ने राजगीर खेल अकादमी-सह-खेल विश्वविद्यालय में निर्मित इंडोर हॉल संख्या-2, बास्केटबॉल कोर्ट, हैंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट एवं हॉकी प्रैक्टिस टर्फ का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने इंडोर हॉल संख्या-2, बास्केटबॉल कोर्ट, हैंडबॉल कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट एवं हॉकी प्रैक्टिस टर्फ का जायजा लिया और इस अवसर पर गुब्बारा भी उड़ाया। निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री का ताली बजाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया और कहा कि खूब बढ़िया से प्रैक्टिस करें और आगे बढ़ें। उन्होंने वहां संचालित ब्वॉयज और गर्ल्स हॉस्टल में दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। साथ ही राज्य खेल अकादमी में खिलाड़ियों को उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जाना।

**बिहार पुलिस अकादमी का किया निरीक्षण :** मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस अकादमी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वीमिंग पूल, मॉडल थाना का जायजा लिया। वहां पुलिस के लिए वर्दी सिलाई करनेवाली जीविका दीदियों से भी बातचीत की। उन्होंने क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। वहां पहले से तीन लैब कार्यरत हैं और चौथे लैब की आज मुख्यमंत्री ने शुरूआत की। मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस अकादमी के पासिंग आउट परेड ग्राउंड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस अकादमी का निर्माण बेहतर ढंग से कराया गया है और सारी सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। यहां प्रशिक्षण की अच्छी व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि यहां पर बिहार पुलिस और बिहार पुलिस के अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्य का संचालन बेहतर ढंग से कराते रहें।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री सह नालंदा जिला के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ सुनील कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, पूर्व विधायक ई सुनील सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, बिहार खेल विश्वविद्यालय के कुलपति शिशिर सिन्हा, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के महानिदेशक सह अध्यक्ष आलोक राज, बिहार पुलिस अकादमी की निदेशक आर मल्लार विजी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त मयंक वरबड़े, खेल विभाग के निदेशक महेंद्र कुमार, नालंदा जिला के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारी, खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे।

# नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया-राहुल गांधी को नोटिस

## दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में हुई सुनवाई

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नोटिस जारी किए हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गांधी परिवार सहित अन्य आरोपियों से यह बताने को कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान क्यों न लिया जाए। पिछले सप्ताह विशेष न्यायाधीश (पीसी एक्ट) विशाल गोगने ने ईडी की अभियोजन शिकायत पर तत्काल नोटिस जारी करने से इनकार करते हुए कहा था कि एजेंसी को आवश्यक दस्तावेज पेश करने और खामियों को दूर करने की जरूरत है। जब अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि आरोपियों को सुने बिना भी चार्जशीट पर संज्ञान लिया जा सकता है, तो न्यायाधीश ने कहा, जब तक संतुष्ट नहीं हो जाता, तब तक मैं ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकता। इसके बाद अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 2 मई तय की थी। ईडी ने हाल ही में नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल की है। चार्जशीट में कांग्रेस ओवरसीज प्रमुख सैम पित्रोदा, सुमन दुबे और अन्य नाम भी शामिल हैं। आरोप है कि कांग्रेस नेतृत्व ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) की संपत्तियों का दुरुपयोग करते हुए सार्वजनिक ट्रस्ट की संपत्ति को निजी स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया। नेशनल हेराल्ड अखबार की स्थापना 1938 में पंडित जवाहरलाल नेहरू और अन्य कांग्रेस नेताओं ने की थी। इसका उद्देश्य कांग्रेस के उदारवादी विचारों को आवाज देना था। एजेएल द्वारा प्रकाशित यह अखबार आजादी की लड़ाई और उसके बाद के वर्षों में कांग्रेस के लिए अपनी बात लोगों तक पहुंचाने का एक अहम माध्यम था। इसके साथ ही एजेएल हिंदी और उर्दू में भी अखबार प्रकाशित करता था। साल 2008 में करीब 90 करोड़ रुपए के कर्ज के चलते इसका प्रकाशन बंद हो गया। यह मामला 2012 में सामने आया, जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्रायल कोर्ट में शिकायत दाखिल कर कांग्रेस नेताओं पर धोखाधड़ी और विश्वासघात का आरोप लगाया। स्वामी के अनुसार, यंग इंडियन लिमिटेड ने एजेएल की संपत्तियों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया और उसे निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया। इसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी हिस्सेदार हैं। ईडी की जांच में सामने आया कि गांधी परिवार द्वारा लाभान्वित यंग इंडियन ने केवल 50 लाख रुपए में एजेएल की 2,000 करोड़ रुपए की संपत्तियां हासिल कीं, जबकि उनकी बाजार कीमत कहीं अधिक थी। नवंबर 2023 में ईडी ने करीब 661 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां और 90.2 करोड़ रुपए के एजेएल शेयरों को जब्त किया, जिन्हें कथित तौर पर अपराध की आय माना गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर लगाई रोक

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को छह कथित पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ता का दावा है कि वे भारतीय हैं। उनके पास भारतीय नागरिकता को प्रमाणित करने वाले कई दस्तावेज मौजूद हैं, जिनमें भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड शामिल है। याचिकाकर्ता के वकील नंदकिशोर इस प्रकरण के बारे में जानकारी देते हुए बताते हैं कि यह बहुत ही हैरान करने वाली बात है। एक व्यक्ति मूल रूप से हिंदुस्तानी है, उसके पास खुद को हिंदुस्तानी साबित करने के लिए अनेकों दस्तावेज हैं। इसके बावजूद, उसे पाकिस्तान जाने के लिए कह दिया जाता है। नोटिस भेज दिया गया।

याचिकाकर्ता ने अपने वकील के माध्यम से बताया कि हमारे परिवार में कुल छह सदस्य हैं। इनमें से दो बेटे बेंगलुरु में काम करते हैं। इसके अलावा, परिवार में माता, पिता, भाई और बहन हैं। याचिकाकर्ता ने बताया कि जब हमें पाकिस्तान के लिए नोटिस आया, तो हम हतप्रभ हो गए। यही नहीं, हमें गाड़ी में बैठाकर अटारी बॉर्डर तक ले जाया गया और कहा गया कि हम देश छोड़ दें, जबकि हम हिंदुस्तानी हैं। वकील और याचिकाकर्ता की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने सरकारी अधिकारियों को भारतीय नागरिकता की वैधता के बारे में दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा है कि जब तक सरकारी अधिकारी उचित निर्णय नहीं लेते, तब तक परिवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। साथ ही याचिकाकर्ता को न्यायालय ने निर्देश दिया कि जब तक सरकारी अधिकारी उचित निर्णय नहीं करते, तब तक परिवार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। बता दें कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। इसमें सिंधु जल समझौते को निलंबित करना, पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश देना और राजनयिक संबंधों में कटौती करना शामिल है।

# म्यूटेशन अपील के मामलों का ससमय निष्पादन हो : मंत्री

प्रात : किरण

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री संजय सरावगी, अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह तथा सचिव जय सिंह की मौजूदगी में भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में आज भूमि सुधार उप समाहत्ताओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। भूमि सुधार उप समाहत्ताओं को संबोधित करते हुये मंत्री ने कहा कि विभाग की सभी सेवायें पूरी तरह ऑनलाइन हैं, इसके बावजूद काम कराने के लिए कार्यालयों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसमें सुधार लाना हम सबकी प्राथमिकता है। ऐसा नहीं है कि विभाग के स्तर से मॉनिटरिंग का असर नहीं है। कई अनुमंडलों में कार्यप्रणाली बदली है और वहां अच्छा काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि आप सभी अधिकारी निरीक्षण



जरूर करें। निरीक्षण से आपके क्षेत्र की कमियां आपको पता चलता है। इससे आप भी अपने क्षेत्र में अपडेट रहते हैं और जनता का काम भी आसानी से पूरा होता है। मंत्री श्री सरावगी ने आगे कहा कि आपसभी प्राथमिकता देकर कोर्ट की कार्यवाही करें। अभी अधिकांश अनुमंडल में एक साल से अधिक के मामले भी पेंडिंग दिखते हैं। इसको हर हाल में समाप्त करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि म्यूटेशन अपील के मामलों का ससमय निष्पादन करना आप सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए। ऐसे मामलों को वर्षों तक लटकाना कहीं से उचित नहीं है। पूरा वर्किंग डे में काम करने के बावजूद डिस्पोजल का परसेंटेज काफी खराब है। स्थितियों में सुधार नहीं होने पर एक-एक भूमि सुधार उप समाहर्त्ता के कार्यप्रणाली की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि जनता की परेशानियों को दूर करने के लिए विभाग के स्तर पर हर माह मार्किंग के आधार पर रैंकिंग की जाती है। आप सभी को भी इसे समझना होगा और निष्पादन में तेजी लानी होगी। श्री सिंह ने इस दौरान रैंकिंग लिस्ट के अनुसार एक-एक डीसीएलआर के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान रैंकिंग में पीछे अनुमंडलों के पिछड़ने के कारणों पर चर्चा की गई। सचिव जय सिंह ने कहा कि कई अनुमंडलों में कार्यप्रणाली में सुधार आया है।

# बुजुर्ग अतीत की कड़ी और भविष्य के मार्गदर्शक होते हैं : मुर्मु

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुजुर्गों को अतीत की कड़ी और भविष्य का मार्गदर्शक बताते हुए कहा है कि सभी को उनके मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मु ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए पहल-सम्मान के साथ वृद्धावस्था नामक कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण पोर्टल का शुभारंभ, वरिष्ठ नागरिक के लिए आवासों का वर्चुअल उद्घाटन, सहायक उपकरणों का वितरण और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा ब्रह्माकुमारी संगठन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। राष्ट्रपति ने इस अवसर





पर कहा कि माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है।

आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं। बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं। जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है। वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि वृद्धावस्था आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाने, अपने जीवन और कार्यों का विश्लेषण करने तथा सार्थक जीवन जीने का भी एक चरण है। आध्यात्मिक रूप से सशक्त वरिष्ठ नागरिक देश और समाज को अधिक समृद्धि तथा प्रगति की ओर ले जा सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा , बुजुर्ग अतीत की कड़ी होते हैं और भविष्य के मार्गदर्शक भी होते हैं। एक राष्ट्र के रूप में यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सुनिश्चित करें कि हमारे वरिष्ठ नागरिक अपना बुढ़ापा गरिमा और सक्रियता के साथ जिएं।ह्व उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को सशक्त बना रही है ताकि वे जीवन के सभी पहलुओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकें।

**समझौता** | **बिहार सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थान आईएफपीआरआई के बीच समझौता ज्ञापन**

# किसानों की आमदनी बढ़ाने पर सरकार का विशेष जोर

प्रात : किरण

पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान के पदाधिकारियों से मुलाकात की। आईएफपीआरआई के अधिकारियों द्वारा बिहार सरकार और आईएफपीआरआई के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन की विस्तृत जानकारी दी, जो किसानों की आय में वृद्धि और कृषि अनुसंधान में सहयोग को बढ़ावा देगा। प्रदेश के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा तथा खाद्य, कृषि एवं सहकारिता विभाग के पूर्व सचिव टी नंद कुमार के समक्ष तथा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयालक्ष्मी, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में बिहार सरकार और अंतर्राष्ट्रीय पखाद्य नीति अनुसंधान संस्थान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। बिहार सरकार की तरफ से समझौता ज्ञापन पर कृषि निदेशक नितिन कुमार सिंह तथा





आईएफपीआरआई के तरफ से डॉ अंजनी कुमार, वरीय रिसर्च फैलो ने हस्ताक्षर किया।

**नीति निर्धारण में सहयोग**

कृषि विभाग के सचिव ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य और खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में केंद्रित निवेश के माध्यम से अपनी ग्रामीण अर्थव्यवस्था के रूपांतरण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। समझौता ज्ञापन अंतरराष्ट्रीय संस्थान के वैश्विक शोध और नीति निर्धारण में विशेषता का उपयोग कृषि एवं संबंद्ध क्षेत्रो में योजनाओं की रणनीति एवं क्रियान्वयन में सहयोग करेगा। उन्होंने बताया कि समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आजीविका में सुधार, नीति नियोजन को मजबूत करना और बिहार के कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में सरकारी कार्यक्रमों की प्रभावशीलता को बढ़ाना है। श्री अग्रवाल ने बताया कि समझौता ज्ञापन की अवधि पाँच वर्ष है, जिसमें विश्लेषणात्मक शोध, तकनीकी सलाह, क्षमता निर्माण और हितधारक परामर्श जैसी संयुक्त गतिविधियाँ की जायेगी। यह साझेदारी बिहार की शोध संस्थाओं के साथ सहयोग को भी बढ़ावा देगी और संस्थागत मजबूती के लिए ज्ञान विनिमय को प्रोत्साहित करेगी।

**सा्ोदारी के मुख्य बिंदु**

कृषि, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य, खाद्य एवं पोषण और समग्र ग्रामीण विकास में नीति नियोजन और साक्ष्य निर्माण में सहयोग। राज्य की कृषि-परिस्थितिकी और सामाजिक-आर्थिक विविधता के अनुसार कार्यक्रम डिजाइन और क्रियान्वयन के लिए डायग्नोस्टिक विश्लेषण करना। कृषि रोडमैप और जलवायु अनुकूल कृषि जैसी प्रमुख राज्य योजनाओं को साक्ष्य आधारित सहयोग देना और आवश्यकता अनुसार पुनर्मूल्यांकन करना। बागवानी, पशुपालन, मुर्गी पालन और मत्स्य जैसे उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों में मूल्य श्रृंखला विकास और समावेशी रणनीतियों के अवसरों की पहचान करना। सरकारी विभागों और संस्थानों की क्षमता संवर्द्धन और दीर्घकालिक नीति विकास के लिए डेटा सिस्टम और मॉडलिंग टूल्स का उपयोग करना।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### जातीय जनगणना को लेकर पीएम को दिया बधाई

फतुहा। शुक्रवार को लोजपा(रा.) ने प्रेस कांफ्रेंस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दिया। लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) जिला पटना पूर्वी के फतुहा में जिला अध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में प्रेस कांफ्रेंस कर बधाई देते हुए बताया कि जातिय जनगणना हमारे नेता और हमारे पार्टी के बहुत दिनों से मांग रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जातीय आधारित जनगणना को मंजूरी दिया इसके लिए हम अपनी पार्टी की ओर से बहुत-बहुत बधाई और धन्यवाद देता हूं। प्रेस कांफ्रेंस में नगर अध्यक्ष अनील चंद्रवंशी, जिला सचिव बैजनाथ पासवान, युवा नगर अध्यक्ष अमरदीप पासवान, आदि शामिल हुए।

### भाकपा-माले ने मनाया मजदूर दिवस

फतुहा। मजदूर दिवस के दिन भाकपा-माले प्रखण्ड कार्यालय फतुहा में कामरेड सुदामा दास के नेतृत्व में मजदूरों के हक और अधिकार दिलाने वाले कार्ल मार्क्स को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने समान काम का समान वेतन, निजीकरण पर रोक लगाओ, सभी मजदूरों को पक्का मकान, पेंशन दो आदि जैसे नारों से बुलंद आवाज करते हुए मजदूर दिवस मनाया किया। मौके पर प्रखंड सचिव शैलेन्द्र यादव, जितेन्द्र पासवान, सुदामा दास, रामप्रवेश दास, पंकज यादव, उर्मिला देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### देसी कट्टा बनाने का पार्ट्स के साथ गिरोह का सदस्य मो राजा गिरफ्तार

पटना सिटी, देसी कट्टा बनाने के गिरोह के एक सदस्य को सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से पार्ट्स, तीन मोबाइल और 26 हजार भी मिला है। इसी थाना क्षेत्र के गुलबी घाट से पुलिस ने एक शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। उसकी पहचान मो राजा के रूप में हुई है। देसी कट्टा बनाने के गिरोह के मामले में पुलिस का मानना है कि पकड़ा गया अभियुक्त अवैध हथियार बनाने वाले गिरोह का सदस्य है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आसन्न चुनाव को लेकर पुलिस अवैध हथियारों की बरामदगी और गिरोह की तलाश में है। इसी बीच सुल्तानगंज थाना की पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से देसी कट्टा बनाने का पार्ट-पुर्जा के साथ पकड़ा है। सुल्तानगंज थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गिरफ्तार खाजेकलां थाना क्षेत्र का रहने वाला मो राजा की हुई है। उसके पास से पुलिस ने कट्टा का बॉडी, चार बट, स्प्रिंग, अन्य छोटे-छोटे पार्ट्स, तीन मोबाइल सहित 26 हजार रुपया नगद बरामद किया है। बताया कि अभियुक्त में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस अन्य जगहों पर छापेमारी कर रही है। वहीं सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के गुलबी घाट से पुलिस ने एक शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि गुरुवार को पहले अज्ञात शव मान कर स्टमार्टम के लिए पुलिस ने भेजा था। परिवार के लोग सामने आए। परिजनों के अनुसार मृतक की पहचान 52 वर्षीय मो जुबैर के रूप में हुई है, जो मूल रूप से पुनपुन का रहने वाला था। यहां गुलबी घाट पर कफन का कपड़ा आदि बेचता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि हाई बीपी की वजह से उसकी मौत हुई है। पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर कहीं इंज्यूरी नहीं पाया गया है।

### कुम्हरार में हथियार लहराते लोडेड कट्टा व खोखा के साथ गिरफ्तार

पटना सिटी, अगमकुआं थाना की पुलिस ने कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा भवन के पास हथियार लहराते अपराधी को गिरफ्तार किया है। वहीं पीतल को सोना बता कर महिलाओं से ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को भी दबोचा है। अगमकुआं थाना की पुलिस को सूचना मिली कि पुरानी बाइपास के कुम्हरार के बापू परीक्षा केंद्र के पास एक युवक सड़क पर हथियार लहरा कर लोगों को डरा-धमका रहा है। अगमकुआं थानाध्यक्ष नीरज पांडेय ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देख अपराधी भागने का प्रयास करने लगा। गश्ती दल ने भाग रहे अपराधी को पकड़ा। आलमगंज थाना क्षेत्र के बिस्कोमान कॉलोनी का रहने वाला रवि कुमार को लोडेड कट्टा और एक मिस फायर खोखा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त चोरी के मामले में पूर्व में आलमगंज थाना से जेल जा चुका है। दूसरी ओर पीरबहोर थाना क्षेत्र के चाईं टोला का रहने वाला राजू उर्फ भुवनेश्वर सहनी की गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार अभियुक्त ने ऑटो पर हरनौत निवासी महिला दहनी देवी को पीतल के बिस्कुट को सोना बता कर सोने का बाली ले लिया था।

# शिक्षा विभाग में अग्नि आपदा से निपटने हेतु अग्निशमन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

प्रात:किरण संवाददाता




पटना। शिक्षा विभाग के सभागार में अग्नि आपदा से निपटने हेतु एक विशेष अग्निशमन प्रशिक्षण एवं मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विभागीय कर्मियों को आग लगने की स्थिति में आवश्यक सावधानियों, सुरक्षा उपायों और त्वरित प्रतिक्रिया के तरीकों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई: भवन में अग्नि सुरक्षा हेतु विभिन्न प्रकार के संकेत (ऍलार्म) का प्रयोग फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग की विधि। भवन में अधिष्ठापित फिक्स्ड फायर सिस्टम को संचालित करने की प्रक्रिया फायर इवैक्यूएशन प्लान का परिचय एवं योजना के अनुरूप नामित कर्मियों की जिम्मेदारियाँ। आपात स्थिति में अग्निशमन विभाग को सूचना देने की विधि। विभिन्न प्रकार की अग्निशमन तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित कर्मियों को विभिन्न श्रेणी की आग (अ, इ, उ, ऊ) बुझाने के लिए मल्टी-पर्पस क्लीनिंग एजेंट का प्रयोग से अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्री सुबोध कुमार चौधरी, निदेशक (प्रशासन), श्री जावेद अहसन अंसारी, उप निदेशक (प्रशासन), सुश्री विनीता, विशेष कार्य पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने प्रशिक्षण की उपयोगिता पर बल देते हुए इसे नियमित अंतराल पर आयोजित करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम का समापन अग्निशमन टीम को धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# पत्नी की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाला आठ घंटे में गिरफ्तार



- मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगला गबरा के पास रेल लाइन किनारे मिला था शव

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

पति को पत्नी पर शक हुआ कि उसका किसी और से नाजायज संबंध है। इसके पीछे कारण यह रहा कि उसने एक गैर मर्द से पत्नी को बातचीत करते हुए देख लिया था। यह उसे नागवार लगा। इसके बाद उसने पत्नी की दुपट्टे की मदद से गला घोट कर हत्या कर दिया। इसके बाद उसके शव को छोटी नगला गबरा के पास रेल लाइन के किनारे ठिकाना लगा दिया। पुलिस 30 अप्रैल की सुबह छोटी नगला गबरा के पास रेल लाइन किनारे से महिला के शव मिलने के मामले का उद्भेदन करते हुए कारू सहनी को गिरफ्तार कर लिया। आरक्षी उपाधीक्षक डॉ गौरव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान बताया कि पहले महिला की पहचान नहीं हो पाई थी। बाद में उसकी पहचान मालसलामी थाना क्षेत्र के फिर पीरदमरिया के रहने वाले कारू सहनी की पत्नी 35 साल की राधा देवी के रूप में की गई। इसके बाद मृतका राधा देवी की मां देवंती देवी के फर्द बयान पर राधा के पति कारू सहनी पिता भगेरा सहनी के खिलाफ कांड 209/25 दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी के आदेश और सिटी एसपी पूर्वी के निगरानी में डीएसपी-2 के नेतृत्व में प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया। इसके बाद घटना के आठ घंटे के अंदर ही कार्रवाई करते हुए कारू सहनी को खदेड़ कर दीदारगंज हॉल्ट के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी गैर मर्द के साथ हंसते हुए बात कर रही थी। उसे शक था कि उसका उसके अलावा अन्य से भी अवैध संबंध है। इसी कारण से दुपट्टा की मदद से उसका गला घोंट मार दिया। पुलिस ने गला दबाने में इस्तेमाल किए दुपट्टे को भी जब्त कर लिया है। डीएसपी डॉ गौरव ने बताया कि कारू इसी थाना के कांड 152/2018 में बिहार उत्पाद एवं मद्य निषेध अधिनियम 2016 में आरोप पात्रित है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष सुनील कुमार, एएसआई संजय कुमार, सिपाही मनोर कुमार, संतोष कुमार, संतोष कुमार यादव और संजीत कुमार शामिल थे।

# स्कूल व गार्जियन के सहयोग से ही छात्र का सर्वांगीण विकास : एम्ब्रोस




पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

जीसस एंड मेरी एकैडमी परिसर में नव नामांकित छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का मिलन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यालीय पठन-पाठन एवं आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में चर्चा करना था। साथ ही कैसे उनकी सहभागिता की आवश्यकता छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक एवं शिक्षक मुकेश कुमार ओझा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। छात्रों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर आगत अभिभावकों आकर्षित किया। कि सम्पूर्ण प्रागंण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। आगत अभिभावकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न तरह के खेल का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका गीतांजलि वर्मा ने गया। निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक ने कहा कि विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं तो छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित हैं ही, लेकिन अभिभावकों का भी सहयोग जरूरी है। विद्यालय और अभिभावक एक-दूसरे के पूरक हैं। बिना उनके सहयोग के बच्चों का भविष्य उज्जवल नहीं हो सकता। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका नव्या कुमारी, अर्चना ठाकुर एवं तनीषा कुमारी की भूमिका रही।

# नालंदा मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में बनाया गया स्पीड ब्रेकर

**कॉलेज में फोर व्हीलर से महिला की मौत व अस्पताल में पीजी छात्र हुए थे घायल**

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता



हादसा होने के बाद ही प्रशासन जागता है और भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो, इसके लिए तैयारी भी की जाती है। ऐसा ही काम नालंदा मेडिकल कॉलेज के अलावा एनएमसीएच में दोनों जगह के प्रशासन ने किया है। दरअसल नालंदा मेडिकल कॉलेज में पीजी छात्र तेज गति से वाहन चला हॉस्टल की ओर जा रहा था। इस दौरान किनारे में बैठी महिला को धक्का मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई थी। वहीं नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मध्य रात्रि को भागलपुर से पहुंचे पीजी के छात्र को एंबुलेंस चालक ने धक्का मार दिया, जिससे उनका पैर फ्रैक्चर हो गया था। मरीज के लिए बनाए गए शेड का हिस्सा भी टूट गया था। इसके बाद कॉलेज एवं अस्पताल प्रशासन जागा। प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी ने बताया कि मुख्य सड़क से कॉलेज में प्रवेश करने के बाद, लेक्चर थिएटर के पूर्व, पोस्टमार्टम रूम के पास से लेकर चार-पांच स्पीड ब्रेकर बनाया गया है, ताकि मेडिकल छात्र से लेकर अन्य कोई तेज गति से वाहन लेकर आने-जाने का काम न करे। अस्पताल में भी चार-पांच स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाया गया है। दरअसल इसी साल 12 फरवरी की मध्य रात्रि में आई बैंक के पास बने मरीज एंबुलेंस चालक पवन कुमार तेज गति से वाहन लेकर जा रहा था। उसकी चपेट में आने से भागलपुर मेडिकल कॉलेज के पीजी कर रहे डॉ रोहन कुमार चपेट में आने से घायल हो गए थे, जबकि शेड का हिस्सा टूट गया था। एंबुलेंस चालक पवन कुमार भी घायल हो इमरजेंसी में भर्ती हुआ था। हालांकि उसके द्वारा पीजी छात्र से माफी मांगने के बाद पुलिस में मामला दर्ज नहीं हो पाया था। वहीं कॉलेज में 21 मार्च को अपराह्न में दरभंगा की रहने वाली मुन्नी देवी अपने भाई के शव का पोस्टमार्टम कराने पहुंची थी। उनका भाई दरभंगा में ही सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान एनएमसीएच में मौत हो गई थी। इसी दौरान पीजी छात्र स्कॉर्पियो तेज गति से लेकर जा रहा था। किनारे में बैठी मुन्नी देवी उसकी चपेट में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई, जबकि लक्ष्मण पासवान घायल हो गया था।

# पति ने लगाया ससुराल वालों पर गंभीर आरोप, न्यायालय पर जताया भरोसा



प्रात:किरण संवाददाता

पटना। एक पति अपनी पत्नी को वापस पाने के लिए वर्षों से न्याय के इंतजार में है। ससुराल वाले उसकी पत्नी को हमारे पास भेजने को तैयार नहीं है। ससुराल वालों की नजर हमारी करोड़ो रूपए की भूमि पर है, जिसे वह पत्नी के नाम पर कराना चाहते हैं। लेकिन हमें न्यायालय पर पूरा भरोसा है, एक न एक दिन न्याय उसे जरूर मिलेगा। उक्त बातें राजधानी के डॉ. अंबेदकर शोध संस्थान में गुरूवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पीड़ित पति रौशन कुमार उर्फ सोनू कुमार ने पत्रकारों के समझ कही। इस मौके पर नौकर दाई महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष अन्नपूर्णा सिंह, महासचिव उषा देवी व अन्य मौजूद थे। शादी का एलबम के अलावे कई तरह के प्रमाण दिखाते हुए राजधानी के राजीवनगर निवासी रौशन कुमार उर्फ सोनू कुमार ने अपने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमारी शादी दरभंगा स्थित किलाघाट निवासी अनिल कुमार की बेटी मुस्कान राज से 2017 में हुई थी। शादी के छह महीने बाद मुस्कान राज की विदाई कराकर मायके वाले ले गये। उसके बाद से अभी तक मुस्कान को मायके वालों ने ससुराल नहीं आने दिया है। इस शादी को कराने में हमारे मामा अमित कुमार और मामी पूजा कुमारी की अहम भूमिका थी। लेकिन मामा-मामी ही पत्नी से जुदा कराने में जुटे हैं। रौशन ने आरोप लगाया कि वह बीते सात वर्षों से अपनी पत्नी को अपना घर लाना चाह रहा है। यहां तक की बीते दो साल से मोबाईल से बात भी नहीं हो रही है। मायकेवालों ने भी ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रथा का मुकदमा दर्ज कराया है। इस बाबत पिछले दिनों दरभंगा कोर्ट में सुनवायी थी, जहां ससुर ने मुझे गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी। उसने यह भी आरोप लगाया कि हमारा सगुना मोड़ के पास करोड़ों की जमीन है, जिस पर ससुराल वालों की नजर है। वे उक्त जमीन मेरी पत्नी मुस्कान राज के नाम पर कराने का दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पत्नी को पाने के लिए अदालत का सहारा लिया है। मामला पटना सिविल कोर्ट में विचाराधीन है। अंत में रौशन ने न्यायालय पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा किएक दिन न्याय उसे जरूर मिलेगा और पत्नी उसके पास होगी। वहीं अन्नपूर्णा सिंह ने कहा कि हमारी टीम भी कुछ दिनों पूर्व पति-पत्नी को मिलाने के लिए मुस्कान राज के दरभंगा स्थित घर गए थे। उससे बात करने पर स्पष्ट पता चलता है कि वह अपने परिवार के दबाव में ऐसी बातें बोल रही है। उन्होंने बताया कि आसपास के लोगों से बात करने पर पता चला कि इन लोगों का पेशा ही यही है। पहले भी 2-3 लोगों से कमोवेश इसी तरह मामले में फंसाकर लड़की के पिता ने लाखों रूपए की वसूली की है।

# मछुआरों और मत्स्य पालकों के लिए वरदान है एनएफडीपी पोर्टल

**विभिन्न केंद्रीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए यहां रजिस्ट्रेशन है अनिवार्य**

- प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का लाभ लेने के लिए एनएफडीपी पर रजिस्ट्रेशन करवाना है जरूरी

प्रात:किरण संवाददाता

पटना। केंद्र सरकार मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का लाभ मत्स्य पालन और इसके व्यवसाय से जुड़े लोग उठा सकते हैं। केंद्र सरकार ने इससे जुड़े लोगों के विकास और उनकी आय में बढ़ोतरी के लिए नेशनल फिशरिज डिजिटल प्लेटफॉर्म या एन.एफ.डी.पी बनाया है। एन.एफ.डी.पी के जरिए मछली पालकों और उनकी सहकारी समितियों को ट्रेनिंग, वित्तीय जानकारी और योजना बनाने में मदद दी जाती है। इस पर रजिस्ट्रेशन कर मछुआरे अपनी डिजिटल पहचान प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के विभिन्न घटकों के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए एन.एफ.डी.पी पर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत एन.एफ.डी.पी के माध्यम से मछुआरों, मत्स्य पालकों और सहायक श्रमिकों के स्व-पंजीकरण द्वारा असंठित क्षेत्र का औपचारिकीरण किया जा रहा है। इस पर मछुआरों के साथ ही मत्स्य पालक किसान, मछली विक्रेता और इससे जुड़े कार्यों से संबंधित लोग रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इस वेब पोर्टल पर एन.एफ.डी.पी पर सूक्ष्म और लघु स्तर पर चलने वाले मत्स्य उद्यमों, मत्स्य सहकारी समितियों, स्वंय सहायता समूह, मत्स्य पालन से जुड़ी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए मत्स्य पालक एन.एफ.डी.पी के पोर्टल पर लॉग इन कर सकते हैं, इसका पता है एन.एफ.डी.पी पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन दो स्तरों से किया जाता है। इसमें पहला व्यक्तिगत श्रेणी और दूसरा संगठन श्रेणी है। व्यक्तिगत श्रेणी में रजिस्ट्रेशन का विकल्प उन व्यक्तियों के लिए है, जो एनएफडीपी पोर्टल पर स्व-पंजीकरण या सहायता प्राप्त/सुविधा प्राप्त रजिस्ट्रेशन के रूप में रजिस्ट्रेशन करना चाहते हैं। व्यक्तिगत श्रेणी में रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक डाक्यूमेंट्स की बात करें तो इसके लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर जो आधार कार्ड में रजिस्टर हो, बैंक पासबुक या चेक का विवरण देना जरूरी है।संगठन श्रेणी में रजिस्ट्रेशन के लिए राजस्व आयुक्तों के पास पंजीकृत फार्म भागीदारी का नाम और टैक्स संदर्भ संख्या, वह पता जहां फार्म भागीदारी के रिकॉर्ड, पुस्तकें और अन्य दस्तावेज रखे जाने है। फार्म भागीदारी में सभी भागीदारों के नाम, पते और ग्रुप संख्याएँ बताने वाली दस्तावेज। अधिकृत हस्ताक्षरकताओं के डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (ऊ्रउ) और पहचान पत्र आदि आवश्यक दस्तावेजों का विवरण देना जरुरी है।

# रणनीतिकार पीयूष गोयल बिहार में हुए सक्रिय, उतारी टीम

प्रात:किरण संवाददाता



पटना। देश भर में अपने कुशल रणनीति के लिए ख्याति प्राप्त पीयूष गोयल आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व बिहार में काफी सक्रिय हो चुके हैं। अलग अंदाज से अपने रणनीति को अंजाम तक पहुचाने वाले पीयूष गोयल ने संचार शक्ति के जरिये बिहार के तमाम 243 विधानसभा सीटों पर सर्वे कार्य की शुरूआत कर चुके हैं। उनका दावा है कि किसी के पास बिहार की एक्चुअल डाटा उपलब्ध नही है। लगभग तमाम बातें हवा हवाई हो रही है। इस खाई को पाटने के लिए हमने 100 सदस्यीय टीम बिहार में उतारी है, जिसका काम विधानसभा स्तर पर जानकारी व डाटा उपलब्ध करना है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, मेरा अनुमान है बिहार के वोटर लिस्ट व राशन कार्ड लिस्ट में काफी अनियमितताएं हैं। इसमे एक बड़ी सुधार की जरूरत है। मैं किसी पर बिना उंगली उठाते हुए ये संकेत देना चाहता हूं कि ये हमारे लोकतंत्र के लिए सही नही है। हां ये सच है कि 20 वर्ष पहले के बिहार में और अब के बिहार में जमीन आसमान का फर्क है। पिछले डेढ़ दशक में बिहार में काफी प्रगति हुई है लेकिन बिहार में जो प्राकृतिक संसाधनों की भरमार है, उसके अनुरूप इसे और आगे होना चाहिए।पीयूष आगे कहते हैं कि हमारी टीम कुछ ही दिनों में बिहार के तमाम विधानसभा क्षेत्रों की पूर्ण जानकारी जुटा लेगी। उसके बाद हम हमारे सहयोगी दलों व प्रत्याशियों के लिए कार्य की शुरूआत करेंगे। गौरतलब है कि पीयूष इससे पूर्व कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड व दिल्ली चुनाव में कई राजनैतिक पार्टियों के कुशल रणनीतिकार के रूप में कार्य कर चुके हैं। पीयूष का दावा है बिहार भर का कुछ एक्सक्लुसिव डाटा जो मेरे पास है, देश में किसी के पास नही है जो किसी भी राजनैतिक दलों व प्रत्याशी के लिए ब्रह्मास्त्र साबित हो सकता है।

# पांच सूत्री मांग को ले वरिष्ठ नागरिक अधिकार मंच ने किया सत्याग्रह




पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता

वरिष्ठ नागरिक अधिकार मंच के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित पांच सूत्री मांगों को लेकर एकदिवसीय सत्याग्रह किया गया।त्रिमूर्ति चौक मंगल तालाब के पास हुए सत्याग्रह की अध्यक्षता करते संयोजक देवरत्न प्रसाद ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के चलते वरिष्ठ नागरिकों की स्थिति दयनीय और गंभीर है। वरिष्ठ नागरिकों को महज चार सौ रुपया पेंशन हर माह दिया जा रहा है। इसे बढ़ा कर तीन हजार किया जाना चाहिए। सरकार वर्ष 2007 में वरिष्ठ नागरिक अधिनियम बनाकर अपने दायित्व से मुक्त हो गई है। सह संयोजक मोहम्मद सलीम ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में मिलने वाली छूट भी समाप्त कर दिया है। इसे फिर से शुरू किया जाए। राजद के नेता बलराम चौधरी और मोहम्मद जावेद ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी अनुमंडल में सुविधायुक्त वृद्धाश्रम बनना चाहिए। कांग्रेस नेता सुजीत कसेरा व अरविंद सिंह ने कहा कि वृद्ध लोगों के लिए बस से यात्रा में भी सीट सुरक्षित के साथ 50 प्रतिशत किराए में छूट मिलनी चाहिए। भाकपा सिटी कमेटी के सचिव शंभू शरण प्रसाद व केसरी कुमार ने कहा कि वृद्ध लोगों के लिए सरकारी एवं निजी अस्पताल में विशेष वार्ड बनाकर निःशुल्क इलाज की व्यवस्था की जानी चाहिए। सत्याग्रह में राजद नेता शिव मेहता, डॉ एकबाल अहमद, रजनीश कुमार राय, भाकपा सिटी कमेटी के सदस्य रघुनाथ प्रसाद यादव, सुरेश साहनी, माले के रामनारायण सिंह, सहित मो असलम, रामप्रवेश यादव, एवं कांग्रेस के युवा नेता शशांक शेखर आदि शामिल थे।

# महायज्ञ में शामिल हुए विधायक डॉ रामानंद यादव

प्रात:किरण संवाददाता



फतुहा। प्रखंड में पितम्बरपुर पंचायत के ग्राम सुपनचक फोरलेन के पास मंदिर में आठ दिन का महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसमें शुक्रवार को मंदिर से कलश यात्रा शुरू हुई जो त्रिवेणी घाट से जल लेकर वापस महायज्ञ के पास पहुंचा। कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, ऊंट एवं सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वह स्थानीय विधायक डॉ रामानंद यादव महायज्ञ में पहुंचे जहां आचार्यों ने पूजा-पाठ कराया। महायज्ञ में राजद प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द यादव, जिला सचिव भोला सिंह, पूर्व प्रमुख संजय राय, जिला किसान प्रकोष्ठ राहुल कुमार, युवा अध्यक्ष अवधेश कुमार, जयपाल यादव, रामप्रवेश मुखिया, पूर्व उपप्रमुख संतोष कुमार, विनोद कुमार, गनौरी राय सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

# श्री अकाल तख्त पहुंचा अध्यक्ष का जन्मदिन मनाने का मामला -पटना साहिब पंथ सेवक जत्था ने संगत की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने पर कार्रवाई का किया अनुरोध

पटना सिटी, प्रात:किरण संवाददाता


फाइल फोटो

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही का जन्मदिन 27 अप्रैल को मोमबत्ती जला और केक काट कर मनाया गया। यह सब तख्तश्री कार्यालय के कांफ्रेंस हॉल में किया गया। इसके बाद इसकी सूचना मीडिया (प्रेस व पोर्टल) में प्रचारित और प्रसारित कराया गया। यही नहीं, आयोजन को जन-जन तक पहुंचाने और बताने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेकर फेसबुक और व्हाट्स अप का भी सहारा लिया गया। इससे सिख संगतों में गहरी पीड़ा हुई है। कार्यक्रम में तख्तश्री कमेटी के कनीय उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, पूर्व महासचिव सह सदस्य महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन, हरपाल सिंह जौहल, कार्यालय के अधीक्षक दलजीत सिंह, प्रबंधक दिलीप सिंह पटेल, बिहार सिख फेडरेशन के संरक्षक त्रिलोक सिंह निषाद सहित अन्य लोग शामिल थे। पटना साहिब पंथ सेवक जत्था के अध्यक्ष चरणजीत सिंह ने इसे लेकर श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के यहां पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि तख्तश्री पटना साहिब के पवित्र परिसर में ऐसी हरकतें हो रही हैं, गुरमत के सिद्धांतों और सिख संस्थाओं की पवित्रता के अनुसार व्यक्तिगत समारोह खासकर सिख मयार्दा के विपरीत रीति-रिवाज जैसे केक काटना और मोमबत्ती जलाना पूरी तरह से अनुचित है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिम्मेदार पदाधिकारी द्वारा की गई ऐसी हरकतें, जिनसे सिख मयार्दा को बनाए रखने और उसका उदाहरण पेश करने की अपेक्षा की जाती है, दुनिया में सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचती है। श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से आग्रह किया गया है कि आपका सम्मानित कार्यालय इस उल्लंघन का संज्ञान ले और पंथ के सेवादारों से अपेक्षित उच्च मानकों को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ उचित धार्मिक कार्रवाई शुरू करें। साथ ही अनुरोध किया गया है कि आप तख्त साहिब की प्रबंध समितियों के एसभी अध्यक्ष और पदाधिकारियों को औपचारिक निर्देश जारी करें, जिसमें सिख सिद्धांतों का सख्ती से पालन करने और तख्त साहिब के परिसर में ऐसे व्यक्तिगत समारोह पर रोक लगाने पर जोर दिया जाए। इन पवित्र संस्थान को ऐसी किसी भी प्रथा से मुक्त रहना चाहिए, जो उनकी पवित्रता को कम करती हो। हमें पूरा विश्वास है कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख संस्थाओं की गरिमा को बनाए रखेगा और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाया जाएगा कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो। दरअसल तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही जब कार्यालय पहुंचे, तब बिहार सिख फेडरेशन की ओर से उनके जन्मदिन पर केक कटवाया गया और मोमबत्तियां जलवा कर फूंक मरवाई गई।

### पटना सिटी व्यापार मंडल दुकान में काम करने वाले व मजदूरों को संगठन से जोड़ेगा

पटना सिटी (प्राकि)। पटना सिटी व्यापार मंडल की बैठक में दुकान व प्रतिष्ठान में काम करने वाले कामगार, लोडिंग एवं अनलोडिंग में लगे मजदूरों को भी पहली बार संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया है। बैठक टेढ़ी घाट मच्छरहट्टा स्थित कार्यालय में अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह की अध्यक्षता व महासचिव अवधेश कुमार सिन्हा के संचालन में हुई। इसमें कहा गया है कि पटना सिटी व्यापार मंडल के कार्य क्षेत्र में रोजी रोटी कमाने वाले हमारे संगठन के अंग हैं, इसलिए इनकी अनदेखी नहीं की जा सकती है ' 15 मई से 15 जून तक संगठन महापर्व मनाया जाएगा। इसके तहत हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए दिलीप कुमार के संयोजकत्व में अध्यक्ष, महासचिव सहित 21 सदस्यीय सदस्यता अभियान समिति बनाई गई है।

# जातिगत जनगणना को लेकर सियासी बयानबाजी जोरो पर, श्रेय लेने की होड़

## देश के सपनों को साकार करने के लिए जाति जनगणना का फैसला : सम्राट

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। केंद्र सरकार ने पूरे देश में जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला लिया है। केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद इसका क्रेडिट लेने की होड़ मच गई है। कांग्रेस और लालू-तेजस्वी दावा कर रहे हैं कि उनके ही दबाव के कारण केंद्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला लिया है। कांग्रेस और लालू-तेजस्वी के दावे पर बीजेपी के दोनों डिप्टी सीएम ने जोरदार हमला बोला है। बिहार सरकार में बीजेपी कोटे से डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के सपनों को साकार करने के लिए जाति जनगणना का फैसला लिया है। बिहार सरकार के सभी प्रभारी मंत्री जो बीजेपी के कोटे के हैं वह सभी जिलों में जाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और जनता को बताएंगे। पीएम मोदी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, लालू प्रसाद यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सपने को साकार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में हम क्या योगदान कर सकते हैं हमारे मंत्री लगातार इसकी समीक्षा कर रहे हैं। जाति जनगणना के लिए उसको क्या क्रेडिट दिया जाए जिसके पास चार सांसद हैं। लालू प्रसाद यादव बताएं 10 साल में कांग्रेस के साथ सरकार में रहे और 1995-96 जातीय गणना का प्रस्ताव पारित किया गया लेकिन आज तक इसे लागू नहीं किया गया था इसके लिए अपराधी कौन है। कांग्रेस और राजद के लोग सिर्फ हल्ला कर सकते हैं।

**मुद्दा विहीन हुआ विपक्ष :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया एक्स पर तेजस्वी यादव के हैंडल से किये गये पोस्ट पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को झूठे वादे और दावे करने की पुरानी आदत है। जातीय जनगणना को लेकर ढोल पीटने वाले तेजस्वी यादव और उनके गुरु राहुल गांधी के आंखों की नींद उड़ गई है। ये जातीय जनगणना के नाम पर लोगों को सिर्फ गुमराह करते रहे। इनके लिए जातीय जनगणना सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ साधन का मुद्दा रहा है। लेकिन, भाजपा के लिए जातीय जनगणना सर्वजन हिताय के लिए है। श्री मिश्र ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास भाजपा का लक्ष्य है। भाजपा जो कहती है, उसे करके भी दिखाती है।

## जाति गणना से परिवारवाद की जमींदारी करने वालों की जमीन खिसक जाएगी: विजय

प्रात: किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने जातिगत गणना को लेकर तेजस्वी यादव और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राजद का राजनीतिक तोता उड़ गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले पीढ़ियों के उत्थान के लिए पीएम मोदी ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय से विकास की गति बढ़ेगी और परिवारवाद की जमींदारी करने वालों का जमीन खिसक जाएगी। ये लोग ज्यादा दिन राजनीति नहीं कर पाएंगे। केंद्र और राज्य मिलकर सुशासन के जरिए विकास की दिशा में काम कर रहे हैं और इसका असर भी साफ दिख रहा है। भ्रष्टाचार और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ अब जनता खुलकर आवाज उठा रही है। सरकार करवाई कर रही हैं तेजस्वी यादव द्वारा जाति आधारित गणना पर क्रेडिट लेने के प्रयास को खारिज करते हुए विजय सिन्हा ने कहा, जो लोग जाति के जहर पर राजनीति करते हैं, वे क्रेडिट की बात कैसे कर सकते हैं? उन्होंने कहा कि जाति सर्वे का समर्थन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, तत्कालीन उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी और उन्होंने खुद नेता प्रतिपक्ष रहते हुए किया था। विजय सिन्हा ने कहा कि यह जातिगत गणना नहीं बल्कि जाति आधारित सर्वे था। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 94 लाख परिवार आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं, तब तेजस्वी यादव इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? उन्होंने आरोप लगाया कि तेजस्वी यादव मुद्दों से भटकाने की राजनीति करते हैं। साथ ही कहा कि तेजस्वी और राहुल गांधी नौटंकी बंद करें। देश और बिहार को नौटंकीबाज नेता नहीं, जिम्मेदार नेतृत्व चाहिए। राहुल गांधी द्वारा जाति गणना को फर्जी बताने के बयान पर विजय सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को माफी मांगनी चाहिए। हमने नेता प्रतिपक्ष के नाते कई सुझाव दिए, लेकिन कांग्रेस सत्ता के लिए केवल अवसर की तलाश में रहती है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तेजस्वी की मानसिकता को भलीभांति समझते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया, तेजस्वी को जाति से उन्माद चाहिए, हमें जाति गणना से विकास चाहिए।

## जो हम 30 साल पहले सोचते हैं, दूसरे लोग दशकों बाद अपनाते हैं : लालू

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। मोदी सरकार ने देश में जाति जनगणना कराने का फैसला लिया है। सरकार के इस ऐलान के बाद एक बार फिर से इसे लेकर राजनीति शुरू हो गयी है। इस घोषणा के बाद तीखी प्रतिक्रिया भी आनी शुरू हो गयी है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने पीएम मोदी की घोषणा के बाद अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स से ट्वीट करते हुए लिखा कि मेरे जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते दिल्ली में हमारी संयुक्त मोर्चा की सरकार ने 1996-97 में कैबिनेट से 2001 की जनगणना में जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया था जिस पर बाद में एनडीए की वाजपेयी सरकार ने अमल नहीं किया। 2011 की जनगणना में फिर जातिगत गणना के लिए हमने संसद में जोरदार माँग उठाई। मैंने, स्व मुलायम सिंह, स्व शरद यादव ने इस माँग को लेकर कई दिन संसद ठप्प किया और बाद में प्रधानमंत्री स्व मनमोहन सिंह जी के सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कराने के आश्वासन के बाद ही संसद चलने दिया। देश में सर्वप्रथम जातिगत सर्वे भी हमारी 17 महीने की महागठबंधन सरकार में बिहार में ही हुआ। जिसे हम समाजवादी जैसे आरक्षण, जातिगणना, समानता, बंधुत्व, धर्मनिरपेक्षता इत्यादि 30 साल पहले सोचते है उसे दूसरे लोग दशकों बाद फॉलो करते है। जातिगत जनगणना की माँग करने पर हमें जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला। अभी बहुत कुछ बाकी है। हम इन संघियों को हमारे एजेंडा पर नचाते रहेंगे।

## राजद में पारिवारिक आरक्षण हावी : उमेश

### कहा- राजनीतिक कार्यकर्ताओं तक को तरजीह नहीं



पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि राजद में पारिवारिक आरक्षण इस हद तक हावी है कि समर्पित और जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले राजनीतिक कार्यकताओं तक की लगातार उपेक्षा होती रही है।

ऐसे में जब नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सामाजिक न्याय की बात करते हैं, तो यह आम जनता के गले बिल्कुल नहीं उतरता। श्री कुशवाहा ने कहा कि जो दल अपने निष्ठावान कार्यकताओं को दरकिनार कर केवल अपने परिवार के सदस्यों को आगे बढ़ाने में जुटा हो, वह कभी भी आम लोगों का हिमायती नहीं हो सकता। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि तेजस्वी यादव स्वयं राघोपुर से विधायक हैं, तेज प्रताप यादव हसनपुर से, रोहिणी आचार्य छपरा से चुनाव लड़ती हैं, मीसा भारती पाटलिपुत्र से सांसद हैं, और राबड़ी देवी वर्तमान में विधान परिषद की सदस्य हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो लोग अपने कार्यकताओं के अधिकारों की हकमरी करते हैं, उन्हें कम से कम आरक्षण और सामाजिक न्याय पर उपदेश देने से परहेज करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब 15 वर्षों तक राजद का शासन था, तब उस पार्टी ने केवल अपने परिवार की चिंता की।

इसके विपरीत, 2005 में जब माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने सत्ता संभाली, तो उन्होंने अतिपिछड़ा समाज को नगर निकाय और पंचायती राज संस्थाओं आरक्षण का प्रावधान कर उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। साथ ही श्री कुशवाहा ने कहा कि स्वयं को जेपी का अनुयायी बताने वाली राजद ने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए समाजवादी राजनीति को छलनी करने का काम किया है। आज तेजस्वी यादव भी उसी मानसिकता के साथ आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन अब जनता जागरूक और सतर्क हो चुकी है। उनके छल-कपट की राजनीति अब सफल नहीं होने वाली।

## 65 फीसद आरक्षण को नौवीं अनुसूची में शामिल करें : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा कि जाति जनगणना की घोषणा विपक्ष द्वारा निरंतर राजनीतिक आंदोलन का परिणाम है, सरकार को जनगणना और संरचनात्मक सुधारों के लिए सख्त समयसीमा की घोषणा करनी चाहिए। सीपीआई ने लगातार वैज्ञानिक जाति गणना की वकालत की है जो भारत की सच्ची सामाजिक वास्तविकताओं को दशार्ती है। देश में सबसे पहले केरल की कम्युनिस्ट सरकार ने जातिय जनगणना कराई थी। बिहार में जातिय जनगणना के बाद बिहार विधान मंडल से पारित 65 फीसद आरक्षण को केंद्र की नौवीं अनुसूची में शामिल करें। भाकपा राज्य सचिव ने 2021 में होने वाली आम जनगणना में हो रही अक्षम्य देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चार साल बाद, स्पष्ट समय-सीमा के अभाव में पुराने आंकड़ों के आधार पर नीति-निर्माण हो रहा है। केंद्र सरकार को जनगणना के लिए तत्काल एक निश्चित कार्यक्रम की घोषणा करनी चाहिए। सीपीआई आरक्षण पर मनमाने ढंग से लगाई गई 50 फीसद की सीमा को हटाने की अपनी मांग भी दोहराती है।

इस संरचनात्मक बाधा को दूर किए बिना और सार्वजनिक क्षेत्र के रोजगार को पुनर्जीवित किए बिना, जाति जनगणना सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर सकती।अब मोदी सरकार पर ईमानदारी और राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ काम करने की जिम्मेदारी है। सीपीआई सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक डेटा सिस्टम और न्यायसंगत प्रतिनिधित्व के लिए संघर्ष का नेतृत्व और उसे तेज करना जारी रखेगी।

## केंद्र को हमारे एजेंडे पर ही काम करना पड़ रहा है : तेजस्वी

### कहा- जाति जनगणना हमारी तीन दशक पुरानी मांग थी



पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी जति आधारित जनगणना की घोषणा के बाद कहा कि यह सामाजिक न्याय आंदोलन की एतिहासिक जीत है। उन्होंने कहा कि अब हमारी बारी है, पिछड़ों के लिए सीट आरक्षण हमारी अगली लड़ाई है। तेजस्वी ने पीएम मोदी के इस ऐलान पर कहा कि जातीय गणना कराए जाने को लेकर हम प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति तक गए, लेकिन हमारी मांग को अनसुना कर दिया गया। अब जब हमारे कदमों की आहट दिल्ली तक पहुंच गई तब उन्हें भी झुकना पड़ गया। तेजस्वी ने कहा कि उनकी पार्टी अब केवल जातिगत गिनती तक सीमित नहीं रहेगी। तेजस्वी ने आगे कहा कि जैसे दलित और आदिवासी भाई-बहनों के लिए आरक्षित सीटें तय हैं, वैसे ही पिछड़ों और अति पिछड़ों को भी उनका हक मिलना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि देशभर में जातीय जनगणना कराए जाने की यह हमारी तीन दशक पुरानी मांग थी। लेकिन इसे सत्ता में मौजूद लोगों ने खारिज कर दिया था। लेकिन अब स्थिति ऐसी हो गयी है कि केंद्र को हमारे एजेंडे पर ही काम करना पड़ रहा है। जाति आधारित जनगणना करने को लेकर केंद्र सरकार के ऐलान पर तेजस्वी ने कहा कि आज हमारी जीत हुई है। हम लोग तो कब से यह मांग कर रहे थे। इसे लेकर हमलोग प्रधानमंत्री से मिल भी चुके हैं। ये लोग हमारे ही बात को दोहरा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी चुनाव को देखकर काम करती है। तेजस्वी यादव ने कहा कि परिसीमन से पहले ही जातीय जनगणना हो जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा कि जातिगत जनगणना तो शुरूआत है, पिक्चर अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों, अति पिछड़ों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र, निजी क्षेत्र में आरक्षण, ठेकेदारी में आरक्षण, न्यायपालिका में आरक्षण, मंडल कमीशन की शेष सिफारिशों को लागू करेंगे, आबादी के अनुपात में आरक्षण देंगे, बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा , बिहार के लिए विशेष पैकेज, उच्च मानसिकता के समता विरोधी संकीर्ण व नकारात्मक संघी/भाजपाई इस पर भी हमें गाली देंगे लेकिन बाद में हमारे ही एजेंडे को अपना मास्टर स्ट्रोक कहेंगे। कितने खोखले लोग है ये?

## जातिगत जनगणना पर केन्द्र सरकार का उचित फैसला : चिराग

### बोलें- विपक्ष भ्रम फैलाने का कर रहा कोशिश



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी (रा) राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान कहा कि जातिगत जनगणना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा उचित समय पर लिया गया उचित फैसला है। आज हर देशवासियों की ईस इच्छा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करने का कार्य किया है। हमारी केंद्र की सरकार हर उस फैसले को लेगी जो जनता के हित में हो, गरीबों के हित में हो। लोजपा आर प्रमुख ने उक्त बातें मीडिया को संबोधित करते हुए कही। साथ ही चिराग ने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। आगे श्री चिराग ने ईस फैसले को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि दशकों से इस पर राजनीति होती रही है। तमाम विपक्षी दलों समय-समय पर राजनीतिक हथियार बनाने का प्रयास किया। आगे श्री चिराग ने क्रेडिट लेने की होड़ को लेकर राहुल गांधी को भी घेरा,उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी इस बात का श्रेय लेने की होड़ में लगे हुए हैं कि यह मेरे कहने पर हुआ ,मेरे दबाव में हुआ है। आपकी सरकार लंबे समय तक केंद्र में थी।

आपके परिवार के ही तीन-तीन प्रधानमंत्री देश में थे। आप इतनी ही शिद्दत से चाहते तो, करवा लेते लेकिन आपने इसे केवल चुनाव के समय एक राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने और लोगों को भड़काने का काम किया। आगे श्री चिराग ने यह भी कहा कि विपक्ष इसको लेकर भ्रम फैलाने का कोशिश कर रहा है की चुनाव की दृष्टिकोण से यह फैसला लिया गया है , लेकिन एक राज्य बिहार में चुनाव के लिए आप राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना का फैसला ले लेंगे। यह फैसला चुनावी दृष्टि से लेना ही होता, तो लोकसभा चुनाव से पहले ये फैसला लिया गया होता। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने बताया कि प्रेस संवाददाता सम्मेलन में जमुई सांसद सह बिहार संगठन प्रभारी अरुण भारती, पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल खालिक तथा खगड़िया सांसद राजेश वर्मा मौजूद थे।

## पीएम मोदी के मास्टर स्ट्रोक के बाद जातिवादी पार्टियों में बौखलाहट: मंगल

### जाति के नाम पर राजनीतिक दुकान चलाने वालों का शटर होगा बंद



पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा कि राजद-कांग्रेस में जाति गणना की घोषणा का श्रेय लेने की होड़ लगी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कहना है कि जाति जनगणना हमारा विजन है, वहीं राजद के तेजस्वी यादव का कहना है कि उनके पिता लालू यादव पिछले 30 सालों से जाति गणना की मांग करते रहे हैं। दरअसल इन दोनों का दावा हास्यास्पद है। पीएम नरेंद्र मोदी के मास्टर स्ट्रोक के बाद जातिवादी पार्टियों में बौखलाहट आम बात है। श्री पाण्डेय ने कहा कि राहुल गांधी को बताना चाहिए कि आजादी के बाद के छह दशकों से ज्यादा समय तक देश में किसका शासन था? 1951 और बाद के वर्षों में नेहरू जी, इंदिरा जी व राजीव गांधी जी को जाति गणना कराने से किसने रोका? 2004 से 2014 तक किसकी सरकार थी? 2011 में हुई गणना की रिपोर्ट कांग्रेस की सरकार ने क्यों नहीं सार्वजनिक की? 2015 में कांग्रेस की कर्नाटक सरकार द्वारा कराई गई जातीय गणना की रिपोर्ट क्यों नहीं प्रकाशित की गई? यूपीए-1 और-2 की सरकार में लालू यादव किंग मेकर की भूमिका में थे। इसके पहले 90 के दशक में भी लालू यादव की दमदार राजनीतिक हैसियत थी, बावजूद उन्होंने जाति गणना कराने की कौन सी पहल की? श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले साल बिहार में हुए जातीय सर्वे को जहां तेजस्वी यादव अपनी उपलब्धियों में गिनाते नहीं थक रहे थे, वहीं, कुछ माह पहले बिहार आकर राहुल गांधी ने उसका उपहास उड़ा कर बिहारियों का अपमान किया था। दरअसल राजद-कांग्रेस की मंशा जाति गणना के जरिए समरस समाज का निर्माण, वंचित तबकों व पिछड़ी जातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल करना नहीं,बल्कि उनका केवल राजनीतिक इस्तेमाल करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मास्टरस्ट्रोक से देश की सारी जातिवादी पार्टियां मुद्दाविहीन हो गई है।

## राजद ने किया लोहिया के समाजवाद के साथ विश्वासघात : ऋतुराज



पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने तेजस्वी यादव के समाजवाद पर किए गए टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की टिपण्णी करने से पहले कृपया डॉ. राम मनोहर लोहिया के समाजवाद को सही से समझिए। लोहिया जी का समाजवाद केवल एक जाति, वर्ग या समुदाय का नहीं था—वह समाज के हर तबके, हर दबे-कुचले व्यक्ति, हर महिला और हर पुरुष के समान अधिकार और अवसर की लड़ाई थी। वह विचारधारा समावेशी थी, न कि विभाजनकारी।दुर्भाग्यवश, आपके परिवार ने लोहिया और कर्पूरी ठाकुर जी की महान विचारधारा को तोड़-मरोड़ कर उसे केवल जातिवादी राजनीति का औजार बना दिया। आपने समाज को एकजुट करने के बजाय, उसमें जाति के जहर का बीज बोया। आपने एक विशेष जाति की राजनीति को बढ़ावा दिया—वो भी केवल राजनीतिक लाभ के लिए—पर जिस जाति के कंधों पर चढ़कर सत्ता पाई, उनके लिए भी कुछ ठोस नहीं किया। आपने सिर्फ अपने परिवार के लिए सत्ता और संसाधनों का उपयोग किया।आज बिहार और देश जानता है कि आपके परिवार ने ‟समाजवाद” के नाम पर सिर्फ और सिर्फ परिवारवाद को पोषित किया। समाजवाद को आपने अपनी संकीर्ण, स्वार्थी राजनीति का शिकार बना डाला।इसलिए तेजस्वी जी, पटाखे छोड़ना और बयानबाजी करना बंद कीजिए। गंभीर राजनीति कीजिए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद कीजिए, जिनके नेतृत्व में देश के लम्बे समय से पेंडिंग मुद्दे—चाहे वह सामाजिक न्याय हो, जातिगत जनगणना हो, आरक्षण का सवाल हो या फिर ओबीसी वर्ग के अधिकार—सभी पर ऐतिहासिक कार्य हो रहे हैं। मोदी जी ने यह सिद्ध किया है कि करता है तो मोदी ही करता है बाकी आप जैसे जातिवादी मानसिकता वाले लोग राजनीतिक रोटी सेक कर आम लोगों को बेवकूफ बनाते रहते हैं , ये देश और बिहार की जनता जानती है।

## जाति जनगणना कराने का फैसला सामाजिक न्याय की जीत : अरुण

पटना/नवगछिया। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राजद प्रमुख लालू प्रसाद जी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव जी के संघर्षों की जीत है। सामाजिक न्याय और समाजवाद की जीत है। जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते लालू प्रसाद जी के प्रयास से संयुक्त मोर्चा की केंद्र सरकार ने 1996-97 में कैबिनेट से 2001 की जनगणना में जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया था जिस पर बाद में एनडीए की वाजपेयी सरकार ने अमल नहीं किया। देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर पिछले कई वर्षों से लगातार राजद प्रमुख लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव जी सड़क से लेकर सदन तक संघर्षरत रहे। राजद प्रवक्ता ने कहा कि जातिगत जनगणना की मांग करने पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को जातिवादी कहने वालों को करारा जवाब मिला है। आज भाजपा-संघ को भी लालू प्रसाद जी और तेजस्वी जी के एजेंडे को स्वीकार करना पड़ा। केंद्र सरकार ने प्रथम दृष्टया में माना है कि जातिगत जनगणना देश की जरूरत है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव जी के नेतृत्व में राजद का संघर्ष जारी तबतक जारी रहेगा जबतक पिछड़ों/अति पिछड़ों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र नहीं हो जाता।

## कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाएं गए रबिंद्र कुमार पासवान

पटना। बिहार कांग्रेस के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष के रूप में रबिंद्र कुमार पासवान का मनोनयन किया गया।उनके मनोनयन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि संगठन के विचारों को अनुसूचित जाति के परिवारों के बीच ले जाने की बड़ी जिम्मेदारी शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें दी है। नई जिम्मेदारी में प्रदेश कांग्रेस उनका हर कदम पर साथ देगा ताकि पार्टी की नीतियों का समाज के अंतिम पायदान तक पहुंच हो सकें।प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर भी उन्होंने उम्दा काम किया है और अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ में वें पूर्व में उपाध्यक्ष भी रहें हैं तो इस अनुभव का लाभ भी उन्हें मिलेगा।अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाएं जाने के बाद रबिंद्र कुमार पासवान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा बिहार प्रदेश में नई ज़िम्मेदारी मिलने के बाद सभी शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन और सानिध्य मेरे लिए सदैव प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। पार्टी ने जो विश्वास और जिम्मेदारी मुझ पर जताई है, उस पर पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। कांग्रेस की सामाजिक न्याय की भावना को जन-जन तक पहुंचाना मेरा पहला कर्तव्य होगा। साथ ही उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के शीर्ष नेतृत्व के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी के राजू और अध्यक्ष राजेश लिलोठिया के प्रति आभार जताया।

## माले महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य आज करेंगे भोजपुर का दौरा

पटना। भोजपुर जिले के अगिआंव प्रखंड के लहरपा गांव में हाल ही में एक अत्यंत दुखद और निंदनीय घटना घटी, जिसमें भाजपा समर्थित सवर्ण सामंती ताकतों द्वारा यादव समुदाय के चार लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। हमले में कई लोग घायल भी हुए थे। यह नृशंस जनसंहार न केवल जातीय हिंसा का प्रतीक है, बल्कि यह बिहार में फिर से उभरते सामंती वर्चस्व और सामाजिक न्याय पर सीधा हमला है।भाकपा-माले महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य आज शनिवार को लहरपा गांव का दौरा करेंगे। पीड़ित परिजनों से मुलाकात के बाद अगिआंव में एक विशाल प्रतिरोध सभा का भी आयोजन किया गया है। उनके साथ माले राज्य सचिव का. कुणाल, आरा सांसद सुदामा प्रसाद और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता भी कार्यक्रम में शामिल रहेंगे।

## खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव और डीजीपी ने सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था

### पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आस पास बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। बिहार में पहली बार सज रहे खेलों के महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलीपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और उससे जुडने वाली सभी सड़कों पर ट्रैफिक को सुचारु बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। ताकि न सिर्फ खिलाड़ियों और उनके सपोर्ट स्टाफ को बल्कि खेलों के इस महाकुंभ में आने वाले दर्शकों को भी किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेन्दर, राज्य के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने पूरे दलबल के साथ गुरुवार को पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया। उन्होंने खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों और सपोर्ट स्टाफ के साथ-साथ दर्शकों की सुरक्षा इंतजामों का भी निरीक्षण किया। पाटलीपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स से जुड़ी सड़कों की ट्रैफिक व्यवस्था का भी उन्होंने जायज लिया और पटना पुलिस के वरीय अधियाकरियों को कई जरूरी निर्देश भी दिए। इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन 4 मई (रविवार) को तथा समापन समारोह आगामी 15 को राजधानी पटना के पाटलीपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ही होगा। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया उपस्थित रहेंगे जबकि इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे। इन खेलों में देश के सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों से दस हजार खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक और उनके सपोर्ट स्टाफ शिरकत कर रहे हैं। यह पहला मौका है जब बिहार की राजधानी पटना सहित राज्य के चार अन्य शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर खेलों का आयोजन किया जा रहा है। पटना के अलावा राजगीर में नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गया, भागलपुर और बेगूसराय में कुल 28 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए स्टेडियम की दीर्घा में दर्शकों के लिए प्रवेश की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निरीक्षण के दौरान खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेन्दर, डीजीपी विनय कुमार के साथ राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) कुंदन कृष्णन, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण, पटना की जोनल आईजी गरिमा मल्लिक, पटना के एसएसपी अवकाश कुमार समेत राज्य और पटना पुलिस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

## पटना की नई पहचान बनेगा बिहार का पहला अंडरग्राउंड सब-वे : नितिन

### नगर विकास मंत्री ने कहा- जंक्शन को जाम से मिलेगी मुक्ति



पटना। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन नवीन ने स्मार्ट सिटी अंतर्गत जीपीओ गोलंबर के नजदीक मल्टी मॉडल हब को पटना जंक्शन से जोड़ने हेतु निर्माण किए जा रहे सबवे का निरीक्षण किया। मंत्री ने कहा कि इस सबवे निर्माण का मुख्य उद्देश्य पटना जंक्शन पर वाहनों की पार्किंग की अधिकता को देखते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पहल पर करायी गई है।इस तरह का निर्माण बिहार में पहली बार किया गया है। इस परियोजना की विशेषता है कि इसका उपयोग पैदल यात्रियों द्वारा किया जाएगा। निरीक्षण के क्रम मे नवीन को बताया गया कि पटना जंक्शन पर वाहनों की पार्किंग से जो ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न होती है, उन वाहनों को मल्टी मॉडल हब में पार्किंग करायी जाएगी तथा वाहनों से उतरकर पैदल यात्री इस सबवे के द्वारा पटना जंक्शन के समीप महावीर मंदिर के पूर्वी छोर से सीधे स्टेशन में प्रवेश कर पाएंगे। श्री नवीन ने बताया कि मल्टी मॉडल हब में सिटी बस की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे पटना शहर के विभिन्न जगहों पर आने जाने के लिए उपयोग किया जाएगा। श्री नवीन ने बताया कि इस सबवे के अंदर ट्रैवलेटर की कुल चार संख्या होगी, जो सबवे की कुल लंबाई 440 मीटर के अंदर लगभग 148 मीटर की होगी। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए 2 एक्सीलेरेटे की भी सुविधा प्रदान की गई है । महावीर मंदिर के निकास के पास और मल्टी लेवल पार्किंग के पास एक-एक लिफ्ट की भी सुविधा दी गई है ।चुकी ये सुविधा भूमिगत है इसलिय हीट वेंटिलेशन एयर कंडीशनिंग की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी।

## बिजली आपूर्ति में किसी भी तरह की बाधा अस्वीकार्य : ऊर्जा सचिव

पटना। तेज आंधी और बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति बहाल रखने की रणनीति को लेकर विद्युत भवन में ऊर्जा सचिव पंकज कुमार पाल ने एक उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बिजली आपूर्ति में लोड शेडिंग, पावर शॉर्टेज या तकनीकी खराबी की वजह से किसी भी प्रकार की बाधा बिल्कुल अस्वीकार्य है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव स्तर पर इसकी नियमित समीक्षा हो रही है और ऊर्जा विभाग को इस संबंध में कड़े निर्देश मिले हैं। ऊर्जा सचिव ने फील्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि 11 केवी फीडर में एक घंटे से अधिक ब्रेकडाउन होता है, तो इसकी जानकारी तत्काल निदेशक (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) एवं मुख्य अभियंता (मुख्यालय) को दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि फीडर आउटेज रोकने के लिए नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए और किसी भी डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर को बिना निगरानी न छोड़ा जाए। इसके अलावा ब्रेकडाउन स्थल पर कार्यपालक अभियन्ता एवं सहायक अभियंता उपस्थित रहेंगे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

ई. निविदा सूचना सं. : पूमरे—मुप्रअ—नि—उ—ईटीईएन—02—25—26

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं.:** 1, **कार्य का नाम :** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण/ उत्तर/ पूर्व मध्य रेलवे के अधीन पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न निर्माण परियोजनाओं के लिए सड़क—सह—रेल मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट का उपयोग करके सभी लंबाई के 60 किग्रा./52 किग्रा. (आर. 260/90/72 यूटीएस) नए/एस.एच. रेल/रेल पैनल की फ्लैश बट वेल्डिंग।, **क्र.सं.:** 2, **कार्य का लगभग मूल्य :** रू. 12,35,50,732.11, **क्र.सं.:** 3, **बीड सिक्यूरिटी की राशि :** रू. 7,67,800.00, **क्र.सं.:** 4, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 22.05.2025, 14.30 बजे।

**क्र.सं.:** 5, वेबसाईट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि। : उपरोक्त ई—निविदा के ई—निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होगें एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/ पूमरे/ महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्य:** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई—निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण / उत्तर**
**पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0180/सीएन/एन/एमएचएक्स/कॉन/टी/25–26/44

## संक्षिप्त खबरें

### चौकीदार की पुत्रवधू की सड़क हादसे में मौत

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट टेकनाचौक मुख्य पथ पर खोकसाहा में सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई। मृतिका की पहचान पतैलिया निवासी चौकीदार राम शंकर पासवान की पुत्रवधू व राजू कुमार (दिव्यांग) की पत्नी श्रृष्टि कुमारी 26 वर्ष के रूप में की गई।घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला टोटो से बाजार जा रही थी। वहीं विपरीत दिशा सिंघिया घाट की ओर से एक तेज रफ्तार में हाईवा ट्रक आ रहा था। हाईवा को साइड देने के क्रम में टोटो का संतुलन बिगड़ गई और महिला सड़क पर गिर गयी। वहीं तेज रफ्तार से आ रही हाइवा महिला को कुचलते हुए निकल गया।इस घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि मृतिका के पति राजू कुमार दिव्यांग है। उनके दो पुत्र विकु कुमार 6 वर्ष एवं आलोक कुमार 3 वर्ष का है। वहीं श्रृष्टि की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। वहीं घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया।

### आवास सहायक ने वार्ड सदस्य पति पर लगाया मारपीट का आरोप, दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के वाजिदपुर बम्बैया पंचायत में कार्यरत आवास सहायक मनोहर कुमार ने वार्ड 04 के वार्ड सदस्य पति गोपाल पासवान पर मारपीट करते हुए जानलेवा हमला करने व सोना का चैन छिनने का आरोप लगाते हुए थाना में एक आवेदन दिया है। बताया कि वार्ड सदस्य पति द्वारा 30 अप्रैल की संध्या आवास योजना में नाम जोड़ने के अंतिम दिन होने के कारण बुलाया गया। जहां अयोग्य लाभुकों एवं पूर्व के आवास प्राप्त लाभुकों से अवैध राशि दिलवाने एवं नाम जुड़वाने का दवाब बनाया गया। दबाव के विरुद्ध काम नहीं करने पर जान मारने के उद्देश्य मारपीट किया गया। एवं गर्दन से सोना का चैन व जैब से 425 रुपया छीन लिया तथा शर्ट पैंट फाड़कर लहूलुहान कर दिया।गला में गमछा लगाकर दबाने का प्रयास किया।

### श्रमण प्रकाशन का किया उद्घाटन

विभूतिपुर श्रमण प्रशासन का उद्घाटन प्रकाशन के डायरेक्टर श्वेता सिंह के पुत्र विवान सिंह के द्वारा अपने प्रथम जन्मदिन पर किया गया। मौके पर विभूतिपुर विधायक अजय कुमार, पूर्व प्रधानाध्यापक बालेश्वर महतो, रामनाथ सिंह, डॉ राजकुमार सिंह राजेश, डॉ जितेंद्र कुमार, श्री रोशन बौद्ध इत्यादि मौजूद रहे। चौबीस दीपक जलाकर उपस्थित लोगों ने शुभकामनाएं दी। श्रमण प्रकाशन किसी भी भाषा में सभी प्रकार के पुस्तकों, पत्रिकाओं, समाचार पत्रों, शोध पत्रों, डिजिटल प्रकाशनों, सरकारी या संस्थागत प्रकाशनों और वाणिज्य प्रकाशनों का कार्य करेगा।

### निबंध प्रतियोगिता आयोजित

विभूतिपुर/समस्तीपुर श्रमिक दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था दूर देहात द्वारा संचालित कौशल विकास केंद्र खदियाही में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी।संस्था सचिव आचार्य प्रभु नारायण झा ने बताया कि कुशल युवा प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े दो सौ करीब युवाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया।बाल श्रम और हम विषयक निबंध के सफल प्रतिभागियों को समारोहपूर्वक पुरस्कृत किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रूपेश कुमार झा,श्रवण कुमार दास,नीतीश कुमार,रवीना कुमारी, संगम कुमारी,संजना कुमारी, रचना कुमारी, अनुपम राज,सुबोध कुमार अग्रणी भूमिका में थे।

### आवारा कुतो ने एक बच्चे को किया काटकर गंभीर रूप से जख्मी

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के भरपुरा पटपरा पंचायत के वार्ड संख्या 13 में फिर शिकार हुआ एक 5 वर्षीय बालक विराज। गांव के ही संजीत यादव एवं सोनी देवी का पुत्र विराज को चार कुत्ते के झुंड ने हमला कर काटकर लहूलुहान कर दिया। पंचायत सरकार भवन के निर्माण कर रहे कर्मियों के द्वारा नजर पड़ने पर किसी तरह कुतो को भगाकर जान बचाई। बालक के परिजन सीएचसी विभूतिपुर इलाज करवाने के लिए भर्ती करवाया है। जहाँ उपचार जारी है। घटना करीब साढ़े 4 बजे की बताई जा रही है।

### शराब बरामद,वाहन जब्त

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर बरैयागाछी स्थित एक सुनसान जगह से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर शराब बरामद किया है। जिसकी कुल मात्रा 712 टेट्रा पैक में 143.910 लीटर बताया गया है। पुलिस ने मौके से एक टाटा सुमो वाहन भी जप्त किया है। वहीं धंधेबाज मौके से भागने में सफल बताया गया हैं। धंधेबाज की गिरफ्तारी हेतु पुलिस छापेमारी कर रही है।

# मुख्यमंत्री का संदेश पत्र पहुंचेगा 8 लाख महिलाओं तक बदलते बिहार की कहानी बयां कर रही है महिलाएं

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। मुख्यमंत्री का संदेश पत्र जिले के 8 लाख महिलाओं तक पहुंचना है,इसके लिए जीविका ने मुहिम शुरू कर दी है महिला संवाद के द्वारा अब तक सवा लाख लोगों तक मुख्यमंत्री का संदेश पहुंच चुका है। गुरूवार को जिला के सभी प्रखंडों में 29 महिला संवाद रथ के माध्यम से सभी प्रखंडों के ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है । यह कार्यक्रम 16 जुन तक संचालित किया जाएगा । कार्यक्रम के दौरान सभी ग्राम संगठनों में महिला संवाद रथ के माध्यम से बिहार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को वीडियो और लीफलेट के माध्यम से दिखाया जा रहा है । प्रत्येक कार्यक्रम की अवधि 2 घंटे की होती है । जिसमें 45 मिनट वीडियो दिखाया जाता है जिसमें आरक्षण के तहत सरकारी योजनाओं, साईकिल, पोषाक योजना, जीविका , लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान आदि के बारे में सरकार द्वारा किये जा रहे कार्य के बारे में विस्तार से दिखाया जा रहा है । ताकि ग्रामीण स्तर पर रह रहे लोग अलग अलग योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जान सके । इसके साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजना का लीफलेट भी उपस्थित महिलाओं को दिया जा रहा है ।जिसके माध्यम से वह योजना का लाभ उठा सके । दो घंटे के इस कार्यक्रम में 45 मिनट वीडियो के साथ ही 45 मिनट में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित दीदियों द्वारा अपना मन्तव्य रखा जाता है कि किस प्रकार सरकार की योजनाओं से उनके जीवन में खुशीयां आई ।इसके बाद कार्यक्रम में शम्मिलित महिलाओं से उनके क्षेत्र से संबंधित आकांक्षाएं ली जा रही हैं । जिसमें स्थानीय आकांक्षा के साथ नीतिगत आकांक्षाओं को भी प्रतिवेदित करवाया जा रहा है । साथ ही ऐप पर उन आकांक्षाओं को दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा सरकार प्रायोजित योजनाओं से संबंधित मांग, सार्वजनिक/सामूहिक संपत्ति एवं संसाधन के निर्माण, विकास एवं मरम्मती संबंधित मांग, सार्वजनिक सेवा की गुणवत्ता संबंधी मांग, आजीविका स्वरोजगार संबंधी मांग, समाज सुधार संबंधी मुद्दे, जीविका से जुड़ी नई आकांक्षाएं एवं नीतिगत सुधार से संबंधित योजनाओं की मांग की जा रही है ।

सरकार द्वारा आयोजित इस महिला संवाद कार्यक्रम में महिला के साथ पुरुष भी बढ़ चढ कर हिस्सा ले रही हैं । आज के महिला संवाद कार्यक्रम में 12 हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया ।

## मधुमक्खी पालन हेतु 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय में छह दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई। यह प्रशिक्षण दो मई से सात मई तक चलेगा इसका विषय है ह्लमधु उत्पादन में वैज्ञानिक पद्धति द्वारा उद्यमों को मजबूत बनाना और मधु का मूल्य संवर्धनह्व। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मधुमक्खी पालन और मधु उत्पादन के क्षेत्र में उद्यमी बनाने को लेकर प्रशिक्षित करना है, जिससे वे अपने व्यवसाय को मजबूत बना सकें और अधिक आय अर्जित कर सकें ।कार्यक्रम में बोलते हुए कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने कहा कि मधु उत्पादन एक लाभकारी कृषि व्यवसाय है। उन्होंने कहा कि किसानों को मधु की मार्केटिंग और उचित मूल्य पाने के लिए प्रबंधन के गुर सीखने होंगे। कुलपति ने बताया कि प्रबंधन और मूल्य संवर्धन के कारण जो मधु विश्वविद्यालय में तीन सौ रुपए किलो बेचा जा रहा था, वो आज आठ सौ रुपए किलो तक बिक रहा है और देश भर में इसकी इतनी मांग है कि विश्वविद्यालय इसे पूरा नहीं कर पा रहा है। कुलपति डॉ पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय मघु के जीआई टैगिंग को लेकर भी प्रयास कर रहा है और जीआई टैगिंग के बाद मधु के दाम में और बढ़ोतरी होगी जिससे किसानों को फायदा होगा। निदेशक अनुसंधान डॉ. ए के सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय किसानों के हित में लगातार कार्य कर रहा है और मधु किसानों को विश्वविद्यालय से जुड़ कर अपना व्यवसाय करना चाहिए। निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. मयंक राय ने कहा कि मधुमक्खी पालन एक कल्याणकारी व्यवसाय है क्योंकि इससे न सिर्फ पर्यावरण को संरक्षित रखने में सहयोग मिलता है, बल्कि फसलों और फलों के उत्पादन में भी वृद्धि होती है। कृषि व्यवसाय एवं ग्रामीण प्रबंधन संकाय के निदेशक डॉ. रामदत्त ने मधु के मूल्य संवर्धन के बारे में चर्चा की ।कार्यक्रम का आयोजन सहायक प्राध्यापक डॉ. मोहित कुमार के निर्देशन में किया गया, जिसे राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड द्वारा प्रायोजित किया गया था। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. साईं रेड्डी ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को मधुमक्खी पालन और मधु उत्पादन के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और प्रबंधन पद्धतियों के बारे में जानकारी दी जाएगी, जिससे वे अपने व्यवसाय को और अधिक लाभदायक बना सकें। कार्यक्रम के दौरान कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ उदयन मुखर्जी, डॉ रश्मि सिन्हा समेत विभिन्न शिक्षक वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## देवधा में बीडीओ के द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित महिला सशक्तिकरण समेत योजनाओं की दी गई जानकारी



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर प्रखण्ड क्षेत्र के देवधा दक्षिण पंचायत के पीठवा टोल स्थित मध्य विद्यालय परिसर में बीडीओ राजीव रंजन कुमार के अध्यक्षता में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों महिलाओं को महिला उत्थान व महिलाओं के हित सरकार के द्वारा चलाई जा रही लोकल्याणकारी लाभकारी योजनाओं के लाभ लेने को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। महिला संवाद के तहत महिला सशक्तिकरण नीति 2015, शराबबंदी, आरक्षण, दहेज उन्मूलन, बाल विवाह निषेध, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, छात्रा पोशाक योजना एवं जीविका जैसी कई योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। बीडीओ ने कहा कि यह अभियान न सिर्फ महिलाओं को जानकारी देने का माध्यम बनेगा, बल्कि उन्हें अपनी सामाजिक भूमिका और अधिकारों के प्रति जागरूक कर सशक्त समाज की नींव रखने में मदद करेगा।उन्होंने महिलाओं की अपेक्षा और आकांक्षाएं संकलन पर विशेष बल दिया। प्रखंड परियोजना प्रबंधक रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि गैर जीविका दीदी एवं सभी छूटे हुए परिवार को दो दिन के अंदर स्थानीय सीएम जोड़ेंगी। 10 से अधिक परिवार छूटे होने पर समूह बनाएंगी। इस कार्य में सामुदायिक समन्वयक सीसी दीपेश कुमार और क्षेत्रीय समन्वयक एसी सैयद आलमगीर अहमद सक्रिय सहयोग करेंगे। रणजीत कुमार ने कहा कि ग्रामीण समाज के सामाजिक और आर्थिक उन्नति में जीविका अग्रणी भूमिका निभाया है ।कार्यक्रम का संचालन चंदा कुमारी एवं धन्यवाद ज्ञापन आलमगीर जी ने किया। संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। वही योजनाओं को शतप्रतिशत लाभान्वित कराने का भी निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जीविका दीदी और महिलाओं से सुझाव पत्र प्राप्त किया गया। मौके पर जीविका के वि.ओ .जीविका दीदी , गणमान्य लोग कई जनप्रतिनिधियों समेत महिलाओं ने भाग लिया।

## गृहरक्षकों का चयन स्वच्छ, और पारदर्शी वातावरण में संचालित



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। नेहरू स्टेडियम लहेरियासराय दरभंगा में गृहरक्षकों का नामांकन स्वच्छ,पारदर्शी वातावरण में चल रहा है ।नामांकन चयन समिति के अध्यक्ष जिला दंडाधिकारी श्री राजीव रौशन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी सदस्य,जिला समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी सदस्य सचिव एवं जिला कल्याण पदाधिकारी सदस्य हैं। अभ्यर्थियों के लिए नामांकन प्रतिदिन नेहरू स्टेडियम में मुख्य द्वार पर प्रातः 5 से प्रवेश होता है ।अभ्यर्थी की पहचान के लिए अभ्यर्थी को प्रवेश-पत्र, पहचान-पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, डाईविंग लाईसेंस इत्यादि तथा स्टाम्प आकार के 01 फोटोग्राफ रखना होगा ।अभ्यर्थियों का बैच बार प्रवेश दिया जाता है बैच 1 रिर्पोटिंग समय 5 बजे, बैच-2 रिर्पोटिंग समय 06 बजे, बैच-3- रिर्पोटिंग समय 07 बजे एवं बैच-4- रिर्पोटिंग समय 08 बजे निर्धारित है। शारीरिक क्षमता परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थी को दुसरा अवसर नहीं दिया जाएगा ।गृह रक्षकों स्वच्छ नामांकन के लिए जिला संयुक्त आदेश के तहत पारदर्शी ढंग से शारीरिक जांच परीक्षा की जा रही है ।आज 1400 अभ्यथीयों में से 989 उपस्थित हुए, जिसमें 118 अभ्यर्थी का मेडिकल जांच किया गया है ।30 अप्रैल 2025 को गृह रक्षकों के स्वच्छ चयन के तहत 700 अभ्यर्थियों में से 502 अभ्यर्थी उपस्थित हुए,433 अभ्यर्थी अयोग्य पाए गए,49 अभ्यर्थी योग्य पाए गए एवं योग्य अभ्यर्थी का मेडिकल जांच किया गया,। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चौधरी,उपनिदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय शशि भूषण,जिला समादेष्टा अनिरुद्ध प्रसाद, श्रम अधीक्षक दरभंगा किशोर कुमार झा आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक सीताराम यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं समेत अतिपिछड़ा लोगों का एक दिवसीय समागम कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी राजद द्वारा प्रस्तावित अतिपिछड़ा सम्मेलन रैली के सफल आयोजन और ज्यादा से ज्यादा भागीदारी को लेकर मधुबनी जिला के खजौली विधानसभा क्षेत्र के बासोपट्टी में पूर्व विधायक सीताराम यादव के नेतृत्व में राजद अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के कार्यकताओं समेत अतिपिछड़ा लोगों का एक दिवसीय समागम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिला सचिव सह पूर्व मुखिया भोगेन्द्र मंडल और संचालन युवा राजद के सुनील कुमार मंडल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक सीतराम यादव समेत वक्ताओं ने कहा कि अतिपिछड़ा समागम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अतिपिछड़ा जगाओ तेजस्वी सरकार बनाओ और पटना में 03 मई को पटना के मिलर हाई स्कूल के मैदान में राजद के द्वारा प्रस्तावित अतिपिछड़ा सम्मेलन होगा। सम्मेलन को सफल बनाने हेतू ज्यादा से भागीदारी की अपील की गई। आम जन के नेता लालू प्रसाद यादव और युवाओं जन जन के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव बिहार के गरीब वंचित शोषित के आवाज हक अधिकार को लेकर रैली को सम्बोधित करेंगे। यह रैली ऐतिहासिक होगा। रैली के सफल आयोजन भागीदारी जागरूकता को लेकर समागम कार्यक्रम आयोजित की गई है। बिहार सरकार हर मोर्चे पर विफल है अपराध मंहगाई बेरोजगारी भ्ष्टाचार्र से बिहार के आम जन किसान युवा काफी परेशान है। सरकार भेदभाव करने का कार्य करती आ रही है। आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार की जनता जवाब देगी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व में भारी बहुत से बिहार में सरकार बनाने का कार्य करेगी। इतिहास गवाह है कि अति पिछड़ा समाज को हमेशा छला गया। आज के समय में भी अति पिछड़ा समाज को शोषण किया जा रहा है। सीएम नीतीश कुमार अति पिछड़ा तो जरूर है। लेकिन इनके एनडीए सरकार में उनके द्वारा भी अति पिछड़ा समाज के साथ शोषण व छल किया जा रहा है। वे सामंतवादी सोच वाले भाजपा की गोद में जाकर बैठ गया है। इसी से कल्पना किया जा सकता है ।अति पिछड़ा समाज को कितना उपेक्षित व शोषण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अति पिछड़ा समाज को राजद व लालू प्रसाद यादव हमेश आगे बढ़ने मान सम्मान देने और राजनीति में भागीदारी देने का काम किया है। लेकिन नीतीश सरकार इसके विपरीत कार्य कर रही है। राजद समाज को पहले बोलने का हक दिया। उसके बाद राजनीति हिस्सेदारी भी दिया। इस समाज को राजनीति में स्थापित करने का काम सिर्फ लालू प्रसाद यादव ने किया। इसका परिणाम है कि इस समाज के कई को एमएलसी विधायक व सांसद जनप्रतिनिधि बनाने का काम किया है। इसलिए इस समाज को जागरूक करते हुए एकत्रित कर एक जुट करने कि जरूरत और एकजुटता का आह्वान करते है। पंचायत व गांव में जाकर इस समाज को संगठित करना है। और आगामी चुनाव में इस को एकजुट कर जोड़ना है। पूर्व विधायक ने अति पिछड़े समाज को जगाकर तीन मई पटना मिल्लर हाई स्कूल में आयोजित होने वाली अतिपिछड़ा जगाओ तेजस्वी सरकार बनाओ रैली में भागीदारी को लेकर जागरूक कर अपील की गई। बिहार बदलाव चाहता है और तेजस्वी की लहर है और राजद गठबंधन की सरकार बनेगी। युवा तेजस्वी यादव का ऐतिहासिक घोषणा की है राजद गठबंधन की सरकार बिहार में बनने पर माई-बहिन मान योजना लागू की जाएगी ।जिसके तहत राज्य की सभी माता व बहनों को 2500 रुपये बैंक खाता में दिए जाएंगे। परीक्षा में अभियार्थियों के आने जाने व ठहरने की व्यवस्था सरकार करेगी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 रु.से 1500रु. किया जाएगाऔर 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी।

## जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करे अधिकारी : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा के द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम में जिले के सुदूर क्षेत्रो से आए हुए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया ।गौरतलब हो कि प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को जनता दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं. इस परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार, 02 मई 2025 को कुल 77 परिवादी अपनी शिकायतों के साथ जिलाधिकारी से मिले ।प्रखंड राजनगर निवासी कुसुम कला देवी मिथिला पेंटिंग के कार्य करने हेतु आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन दिया ।जागेश्वर प्रसाद, राम शोभित महतो एवं अन्य गृह रक्षक ने निलंबन से मुक्त करवाने हेतु आवेदन दिया प्रखंड कार्यालय बेनीपट्टी निवासी मो० शाफिक आलम के द्वारा उनके निजी जमीन पर भवन बनाने हेतु स्थानीय असामाजिक तत्वों के द्वारा रंगदारी मांगने से संबंधित शिकायत किया। थाना सकरी जिला मधुबनी निवासी अनीता देवी के द्वारा जमीनी विवाद से जान माल का खतरा से संबंधित आवेदन दिया ।राजनगर प्रखंड निवासी साधना देवी के द्वारा विगत 03 वर्षों सरकार के द्वारा मिलने वाला लाभ से वंचित होने संबंधित शिकायत किया गया ।बाबूबरही प्रखंड निवासी संगीता देवी के द्वारा उनके पति को सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने के उपरांत सरकार के द्वारा मिलने वाला अनुग्रह अनुदान से संबंधित आवेदन दिया ।जिलाधिकारी द्वारा आए हुए सभी परिवादियों से बारी-बारी से शिकायतें सुनी गई और उनके परिवाद के निवारण हेतु संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

## डीएम ने की लोक शिकायत निवारण के 22 मामलों की सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। आम जनता के सर्वांगीण विकास के लिए एक ओर सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है तो दूसरी ओर आम लोगों की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई कर त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस क्रम में जिला पदाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन द्वारा आज लोक शिकायत निवारण अधिनियम के द्वितीय अपील के 22 मामलों की सुनवाई की गई तथा समाधान किया गया ।इस सुनवाई में अपीलार्थी एवं संबंधित मामलों के अधिकारी प्रतिवेदन के साथ उपस्थित हुए तथा दोनों पक्षों की सुनवाई करते हुए जिलाधिकारी ने तत्संबंधी विषय पर आदेश निर्गत किया इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन कर जनता की समस्याओं का समाधान किया। जनता दरबार में 53 आवेदन प्राप्त हुआ जिस पर नियमानुकूल कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन से संबंधित मामले, अर्जित भूमि का मुआवजा भुगतान, विकलांगता पेंशन, वृद्धापेंशन, भूमि मापी, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड,दिव्यांगों को यूं डीआईडी कार्ड बनाने, परिमार्जन के मामले,नल जल , नाली निर्माण , अतिक्रमण आदि मामलों की सुनवाई कर नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई की गई ।जनता दरबार में जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री प्रभात कुमार, वरीय उपसमाहर्ता श्री सौरभ राज, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी पूर्वी / पश्चिमी सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खेलो इंडिया यूथ गेम्स में मिथिला पेंटिंग रचेगी इतिहास

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी आगामी चार मई 2025 को राजधानी पटना में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स के उद्घाटन समारोह में मिथिला के पारंपरिक कला इतिहास रचने को तैयार है। इस अवसर पर मधुबनी के 100 कलाकार लाइव मिथिला पेंटिंग बनाकर कला के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगा। कार्यक्रम का आयोजन बीएससी पटना और चित्रकला संस्थान मधुबनी के संयुक्त देखरेख में किया जा रहा है। लाइव पेंटिंग सेगमेंट के साथ-साथ चैन्टिंग और डांस परफॉर्मेंस भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। इस ऐतिहासिक पहल में पद्मश्री सम्मानित कलाकार और संस्थान के वरिष्ठ आचार्य भी भाग लेंगे, जो युवा कलाकारों का मार्गदर्शन करेंगे। चित्रकला संस्थान पहले ही प्राकृतिक रंगों से बनी सबसे लंबी मिथिला पेंटिंग का रिकॉर्ड बना चुका है। संस्थान के प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि यह आयोजन बिहार की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। फिलहाल 100 छात्र कलाकारों के चयन की प्रक्रिया जारी है , आयोजको का मानना है कि यह प्रयास न केवल एक नया रिकॉर्ड बनाएगा, बल्कि बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को नई पीढ़ी के माध्यम से आगे ले जाने का माध्यम बनेगा। कलाकारो और छात्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## मुंगेर डीएवी स्कूल में बच्चों को रंगों से नाता जोड़ने के लिए हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रेड डे दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

बरियारपुर(मुंगेर) । बच्चों को रंगों से नाता जोड़ने के लिए हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रेड डे दिवस । छोटे-छोटे बच्चे लाल रंग की पौशाकों में सबके मन को सम्मोहित कर रहे थे। लाल रंग के गुलाबों की तरह महकते हर्षित व पुलकित बच्चे अध्यापकों, सहपाठियों व अभिभावकों के बीच आकर्षण का केन्द्र बने रहे। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इसके माध्यम से नन्हें-नन्हें बच्चों को लाल रंग के महत्व को समझाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वैज्ञानिक युग में बच्चों को पता होना चाहिए कि लाल रंग किस प्रकार सूचना का प्रतीक होता है। अनजान खतरे की सूचना लाल रंग के माध्यम से कैसे दी जाती है। किस प्रकार लाल रंग का प्रयोग सड़क हादसों से बचने के लिए किया जाता है। लाल रंग अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक भी है। अच्छी सेहत के लिए लाल रंग के रसीले फलों का सेवन बहुत आवश्यक होता है। बच्चों के बीच लाल रंग के सेब के प्रति विशेष आकर्षण देखा गया। बच्चों ने आह टमाटर बड़े मजेदार ओह टमाटर बड़े मजेदार कविता से सबका मन मोह लिया। बच्चों ने खेल खेल और डांस के साथ साथ पेंटिंग और कविता के माध्यम से लाल रंग के महत्ता को जाना । यहां तक कि रेड डे के में बच्चों ने लंच में रेड क्लर के फ्रूट और मिठाइयां ले कर स्कूल आए थे। प्राचार्य ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया, उन्हें लाल रंग के बारे में विस्तार से बताया।

## विश्वविद्यालय शिलान्यास अति शीघ्र करने हेतु एक दिवसीय धरना का आयोजन आज

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। नौवागढ़ी में विश्वविद्यालय भवन का शिलान्यास अति शीघ्र कराने हेतु नोवागढ़ी सर्वदलीय संघर्ष समिति द्वारा दिनांक 3 मई 2025 को भगत सिंह चौक नोवागढ़ी के नजदीक एकदिवसीय धरना का आयोजन किया गया है। धरना की सफलता हेतु संघर्ष समिति के संयोजक रविंद्र मंडल के नेतृत्व में कन्तपुर, मस्जिद चौक, बजरंगबली नगर ,नाथटोला सहित नोवागढ़ी बाजार एवं आसपास के गांव में जन जागरण अभियान लगातार 30 अप्रैल 2025 से चलाया जा रहा है तथा लोगों से पर्चा के माध्यम से अपील किया जा रहा है कि 3 मई 2025 को निर्धारित धरना में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर धरना को सफल बनावे। जिससे कि मुंगेर जिला प्रशासन एवं बिहार सरकार यथाशीघ्र विश्वविद्यालय भवन निर्माण का विधिवत शिलान्यास कराकर मुंगेर एवं नोवागढ़ी की जनता का चिरपरिचित मांग पूरा हो सके ।जन जागरण अभियान को सफल बनाने में रामावतार पंडित, योगेंद्र यादव उर्फ जोगी, चंद्रदेव चौधरी, मणि कुमार अकेला, रवि शंकर तांती का सहयोग सराहनीय रहा। इस बीच प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि मोर्चा शुरू से ही यह मांग करती आ रही है कि विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, सभी स्नातकोत्तर विभागों के लिए अलग-अलग भवन, कुलपति सहित अन्य विश्वविद्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों, अध्यापकों एवं छात्रों के लिए खेल मैदान सहित अन्य भवनों के लिए 120 एकड़ भूमि की आवश्यकता पड़ेगी। अतः बिहार सरकार से प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर यह आग्रह करती है विश्वविद्यालय निर्माण स्थल के इर्द-गिर्द 120 एकड़ जमीन की व्यवस्था अति शीघ्र कराई जाय। जिससे कि मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आवश्यक सभी मापदंडों की पूर्ति की जा सके।

## प्लास्टिक के बोरे में चेहरा हाथ पैर बधा अज्ञात महिला का शव नदी से बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर चकमेहसी थाना क्षेत्र के बागमती नदी के रसलपुर बधला नदी से शुक्रवार की दोपहर प्लास्टिक के बोरे से चेहरा ढका एवं हाथ पैर बधा एक अज्ञात महिला का शव नदी किनारे से बरामद हुआ है ।महिला के चेहरा पर जला हुआ निशान पाया गया है। लोगों के बताना है कि महिला के देखने से उम्र लगभग 25 वर्ष बताया जा रहा था। वही लोगों का बताना है कि महिला देखने से शादीशुदा लग रही थी ।लाल रंग की लहंगा कान नाक में पहने हुई थी । दोनों हाथ में चूड़ी भी पहने हुई थी । कुछ लोगों का बताना है कि 3 दिन पूर्व हत्या कर शव यहां फेंक दिया गया है ।जैसा देखने से लग रहा था ।हालांकि इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चा हो रहे था ।वहीं थाना अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो पाई है ।शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया गया है। समाचार सम्प्रेषण तक शव की पहचान नहीं हो पाई थी। शव को पहचान के लिए रखा जाएगा।

## महिला जन संवाद कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक राजीव कुमार सिंह ने किया संबोधित

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। महिला संवाद के 15 वें दिन शुक्रवार को जिले में कुल 12 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। असरगंज प्रखंड के अमैया पंचायत में रुही जीविका महिला ग्राम संगठन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में तारापुर विधायक राजीव कुमार सिंह उपस्थित हो कर महिलाओं को संबोधित किया। अनुपम कुमार (सामुदायिक समन्वयक) द्वारा कार्यक्रम को आगे संचालित किया गया। उक्त कार्यक्रम में दीदियों की मुख्यमंत्री का संदेश पत्र पढ़ कर सुनाया गया। संवाद रथ में चलित फिल्म के माध्यम से सरकार द्वारा महिलाओं एवं लड़कियों हेतु चलाए जा रहे महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री बालिका पोशाक एवं साइकिल योजना, मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य योजना, जीविका अंतर्गत सतत जीविकोपार्जन योजना, दीदी का अधिकार केंद्र, दीदी की रसोई, सिलाई सेंटर, कस्टम हायरिंग सेंटर आदि योजना के बारे में दिखाया गया। बिहार सरकार द्वारा संचालित योजना से लाभ लेने वाली दीदी ने अपना अनुभव साझा किया, जिसमें जीरा देवी एवं आशा देवी को आवास योजना, मीरा देवी, अनीता, पिंकी देवी को शौचालय योजना, किरण देवी को साइकिल योजना, अंजनी देवी आंगनवाड़ी में शिक्षक के रूप में नियुक्ति की जानकारी सबके समक्ष प्रस्तुत की। इसके लिए सभी लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया। अमैया पंचायत में बन रहे जीविका भवन के लिए सभी दीदियों ने खुशी जाहिर करते हुए सामूहिक रूप से मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। क्षेत्र के लोगों ने कुछ आकांक्षा एवं मुद्दों को रखा अमैया पंचायत की दीदियों ने कृषि बीमा निःशुल्क करवाने हेतु मांग की ताकि वे फसल की हानि से सुरक्षित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रम अधीक्षक कार्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस

मधेपुरा श्रम अधीक्षक कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अविनाश कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, मधेपुरा एवं रमण कुमार सिंह, श्रम अधीक्षक, मधेपुरा द्वारा प्रवीण प्रसाद, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, चौसा, रंजन कुमार सिन्हा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, पुरैनी, चंदन पासवान श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मधेपुरा, सुश्री कुमारी शैलजा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मुरलीगंज, के मौजूदगी में दीप प्रज्जवलित कर विधिवत समारोह का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा श्रमिकों को संबोधित किया गया। उन्होंने तकनिकशः श्रमिकों द्वारा देश की उन्नति, समृद्धि, तथा खुशहाली में दिये गये योगदान के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। इस समारोह में श्रमिकों को लेबर कार्ड मुख्य अतिथि द्वारा वितरण किया गया। श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं संबंधित के लाभार्थी को श्रम अधीक्षक द्वारा वितरण किया गया। श्रम अधीक्षक श्री सिंह ने श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

# 5 प्रखंडो में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग ले रही हैं छात्राएं

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय । यूँ तो राज्य सरकार ने ग्रामीण महिलाओं से राज्य में जारी लोक कल्याणकारी योजनायों के क्रियान्वयन एवं उन सबकी सफलता का पैमाना देखने-समझने के साथ ही अन्य विकासात्मक योजनाओं संचालन हेतु मंथन करने एवं राय इसलाह लेने के लिए महिला संवाद कार्यक्रम चला रखा है । लेकिन अब महिलाओं के साथ ही नई पीढ़ी का भी महिला संवाद से जुड़ाव सुखद सन्देश दे रहा है । स्कूल और कॉलेज से वापस आने के बाद छात्राएं भी महिला संवाद कार्यक्रम से मुखातिब हो रही हैं और राज्य के विकास के लिए नए आयामों को सूचिबद्ध करा रही हैं । ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के तत्वाधान में जीविका द्वारा 18 अप्रैल से महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ' परिदृश्य यह बता रहे हैं कि हमारी नई पीढ़ी भी अब अपने गाँव-समाज के विकास के लिए सजग एवं तटस्थ हो रही है । लखीसराय जिला के 5 प्रखंडो में आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राएं भाग ले रही हैं और अपने विचारों को प्रकट कर रही हैं । महिला संवाद कार्यक्रम के आयोजन स्थल पर अगली पंक्ति में बैठी छात्राएं मुखर है । वे सरकार द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं के लिए चलाये गए योजनाओं से लाभान्वित होकर अपने सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हैं । छात्राएं बस इतना चाहती हैं कि शिक्षा प्राप्त करने में हमें जो थोड़ी कठिनाई हुई वो अगली पीढ़ी को नहीं हो और इसके लिए अधिकत्तर वो गाँव में मध्य और उच्च विद्यालय के साथ आधुनिक पुस्तकालय की मांग कर रहीं हैं । वो सरकार को उनके लिए चलाई गई योजनाओं के लिए धन्यवाद भी दे रही हैं । राज्य सरकार की साईकिल योजना, छात्रवृति एवं पोशाक जैसी योजनाओं की ही देन है कि छात्र-छात्राओं ने स्कुल-कॉलेज की ओर रुख किया है । राज्य में शैक्षणिक गतिविधयां बढ़ी हैं और रोजगार के अवसर भी बढे हैं । हलसी प्रखंड के दामोदरपुर गाँव की छात्रा खुशी को अपने गाँव में मध्य विद्यालय चाहिए इसके लिए उसने महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से आवाज उठाई है । उसने कहा कि सरकार तक अपनी आवाज पहुँचाने के लिए महिला संवाद कार्यक्रम बढ़िया माध्यम है । यह पहली बार हुआ है कि हमरे गाँव में ही आकर अधिकारी हमारी बात को सुन रहे हैं और हमारी मांग को पूरा करने के लिए आवश्यक कारवाई भी कर रहे हैं । लखीसराय सदर की मीना देवी ने कहा कि सरकार की नीतियों की वजह से हम जैसी महिलाओं की आवाज मुखर हुई है । अब हम अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रख सकते हैं । सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर हम अपने जीवन में आगे बढ़े हैं । इससे हमारा जीवन संवरा है । गाँव की अन्य महिलाएँ भी महिला संवाद कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं । लीफलेट के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त हो रही है वहीँ महिला संवाद रथ पर चलाई जा रही तीन लघु फिल्मे योजनाओं की सफलता प्रदर्शित कर रही है । मुख्यमंत्री का पत्र उपस्थित महिलाओं एवं छात्राओं को उनके विकास एवं उत्थान हेतु आश्वस्त कर रहा है । महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाएं अपनी आकांक्षाओं और सुझावों को सरकार तक पहुंचा रही हैं । उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी मांग को अवश्य पूरा करेगी ' बिहार सरकार द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम एक सार्थक पहल मानती हैं ' उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं का मानना है कि सरकार के इस कार्यक्रम से बड़े स्तर पर लोग लाभान्वित होने और गांवो का विकास और तेजी से होगा ' महिला संवाद कार्यक्रमन में सभी का उत्साह एवं रूचि देखते ही बन रहा है ' पहली पाली में महिलाओं की संख्या ज्यादा रह रही है तो दोपहर बाद की पाली में छात्राएं महिलाओं पर अपनी इच्छाएं एवं आकांक्षाएं दर्ज कराने में आगे निकल रही हैं ' प्रयास से महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है । इस दौरान वे खुलकर अपने गांव के विकास और नई नीतियों पर चर्चा कर रही हैं साथ ही योजनाओं से मिले लाभों के बारे में अपना अनुभव साझा करते हुए अन्य महिलाओं का उत्साहवर्धन कर रही हैं । शुक्रवार को लखीसराय सदर में नारीशक्ति ग्राम संगठन ने अमहरा गाँव में एवं अमृत ग्राम संगठन द्वारा सबिकपुर गाँव में , रामगढ़ चौक में चांदनी ग्राम संगठन दवारा बिल्लो गाँव में एवं होलिका ग्राम संगठन दवारा शर्मा गाँव में , सूर्यगढ़ा में काजल ग्राम संगठन द्वारा सुर्यपुरा एवं शिवगुरु ग्राम संगठन द्वारा जकरपुरा गाँव में , हलसी में गुलाब ग्राम संगठन द्वारा भनपुरा गाँव में एवं शुभ ग्राम संगठन द्वारा शिरखंडी गाँव में तथा चानन में चमेली ग्राम संगठन द्वारा लाखोचक एवं ज्ञानी ग्राम संगठन द्वारा महेशलता गाँव में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कृपया इस विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में स्थान देकर हमें अनुगृहित करें।

# बाल श्रम सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है सभी बच्चों को शिक्षा मिलनी चाहिए : अवधेश आनंद



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा अवधेश आनंद, उप विकास आयुक्त, मधेपुरा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर उनके द्वारा जन-जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए समाहरणालय परिसर, मधेपुरा से रवाना किया गया। इस रैली में रमण कुमार सिंह, श्रम अधीक्षक, मधेपुरा एवं सभी प्रखंडों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारियों तथा श्रम अधीक्षक कार्यालय के कर्मचारियों की मौजूदगी में विभिन्न विद्यालयों एवं आई॰टी॰आई॰ के छात्र/छात्राओं तथा शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के बाल श्रम से संबंधित नारा लगाते हुए सभी दुकान/प्रतिष्ठानों के मालिक को बाल श्रम नियोजन न करने हेतु जागरूक किया गया। प्रभात फेरी समाहरणालय परिसर से सपूर्ण नगर क्षेत्र का भ्रमण करते हुए श्रम अधीक्षक कार्यालय में समाप्त हुआ। उप विकास आयुक्त द्वारा सम्बोधित किया गया कि बाल श्रम सभ्य समाज के लिए एक अभिशाप है सभी बच्चों को शिक्षा मिलनी चाहिए जिससे उनके देश का भविष्य सुदृढ हो सके। साथ ही जिन माता-पिता के द्वारा अपने बच्चों से बाल श्रम करवाया जाता है उन्हें ऐसा नहीं करने हेतु प्रेरित करने के लिए सभी सदस्यों को भागीदारी हेतु निदेशित किया गया।

# जिला के तीन एथलेटिक्स खिलाड़ियों का भारतीय सेना में हुआ चयन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव - सह- एथलेटिक्स के राष्ट्रीय स्तर के तकनीकी पदाधिकारी रोशन सिंह धोनी ने कहा कि जिला के तीन एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन सीधी भर्ती के तहत आर्मी में किया गया है। आनंद कुमार अनमोल यादव एवं राजेश कुमार यादव ये तीनों खिलाड़ी लंबी दूरी दौड़ के एथलेटिक्स खिलाड़ी हैं। इन्होंने लगभग 3 वर्षों तक जिला का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 800 मीटर, 1500 मीटर और 3000 मी में प्रतिनिधित्व किया है। लगातार अपने मेहनत के बल पर एवं अपने कोच रोहित राज के दिशा निर्देश में इन तीनों खिलाड़ियों ने पिछले 1 वर्षों से सहरसा स्टेडियम में मेहनत की और आर्मी की सीधी भर्ती में सफलता पाया। इससे पहले भी जिला एथलेटिक्स से जुड़े हुए मुन्ना साह ने मद निषेध विभाग तथा संजीत यादव ने बिहार पुलिस में, संतोष श्रेष्ठ ने गोरखा बटालियन में सफलता पाया है। और कई सारे ऐसे खिलाड़ी हैं जिनका बिहार पुलिस और सब इंस्पेक्टर में फिजिकल बाकी है। रोशन सिंह धोनी ने बताया कि एथलेटिक्स के खिलाड़ियों को यह फायदा होता है कि वह जब राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हैं तो उन्हें जो प्रमाण पत्र मिलता है उसके आधार पर उन्हें शारीरिक दक्षता जांच में दो अंक का ग्रेस दिया जाता है। जिससे खिलाड़ियों की छोटी-मोटी जो दुविधा/समस्या होती है उसमें सहायक सिद्ध होता है। एथलेटिक्स के धावक अपने जीवन यापन के लिए लगातार (डिफेंस) सरकारी सेवा में भी जगह बना रहे हैं। यह सहरसा के लिए काफी सुखद है। इन तीनों ही खिलाड़ियों के आर्मी में चयन होने पर जिला एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष आर के सिंह ने कहा कि आगामी दिनों में यह सिलसिला और बढ़ेगा सहरसा में खेल का बेहतर माहौल होगा और खेल के माध्यम से सहरसा के कई सारे नोनीहाल भारत की सेवा के लिये उत्सुक है साथ ही साथ वह अन्य सरकारी सेवा में भी खेल के माध्यम से जाएंगे और व्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर का अभाव है उसे मैं व्यक्तिगत स्तर पर नारायण मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहा हूं। एक वर्षों के अंदर श्री नारायण मेडिकल कॉलेज में एथलेटिक्स का सिंथेटिक ट्रैक बनकर तैयार होगा जो कॉलेज के खिलाड़ियों के साथ-साथ एथलेटिक्स के खेल में भी सहायक होगा। इन तीनों ही खिलाड़ियों के आर्मी में चयन होने पर जिला एथलेटिक्स संघ, सहरसा के अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, आर के सिंह, सचिव रोशन सिंह धोनी, उपाध्यक्ष मो सैयद समी अहमद, रोहित राज, संयुक्त सचिव नीतीश मिश्रा, कोषाध्यक्ष विप्लव रंजन सहित जिला बैडमिंटन संघ के सचिव रणवीर सिंह राजा, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, जिला तैराकी की संघ सचिव चंदन कुमार, जिला साइकलिंग संघ सचिव दर्शन कुमार गुड्डू, जिला बॉल बैडमिंटन संघ सचिव अंशु मिश्रा, जिला योग संघ सचिव अमन कुमार सिंह, कीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता, जिला टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष विवेक विशाल, जिला हॉकी संघ के सचिव सुनील कुमार झा, शिवेन्द्र कुमार ने आनंद, अनमोल और राजेश को बधाई दी है साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# तेज हवा गरज के साथ हुई बारिश में आम का फसल हुआ बर्बाद

## पिछले 3 दिनों से लोगों को मिल रहा गर्मी से राहत

- बारिश की पानी से खेतों में लगाए गए मूंग एवं हरी सब्जी की लत्तर को हुआ बेहद फायदा

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। बीते दिनों धीरे-धीरे मौसम का मिजाज बदलते ही तारापुर के विभिन्न हिस्सों में तेज हवा एवं गरज के साथ बारिश के पड़ने से सभी तबके के लोगों एवं कारोबारियों व्यापारियों दुकानदारों किसानों एवं मजदूरों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली है । गौरतलब है कि पिछले 3 दिनों से मौसम का मिजाज रह-रहकर बदल जा रहा है। जिससे लोगों को सकुन मिला है। अप्रैल महीने से ही भीषण गर्मी एवं तेज धूप के कारण जहां क्षेत्र में पानी का जलस्तर काफी नीचे चले चला गया है ,वहीं दूसरी ओर किसानों द्वारा लगाए गए गेहूं और आम की फसल बड़े पैमाने पर तेज आंधी पानी एवं बारिश में बर्बाद हुआ है ।तो वहीं दूसरी और मूंग एवं हरी सब्जी की लत्तरे जो पानी बिना सुख रहे थे उसे बारिश कि पानी से बेहद फायदा पहुंचा है । सड़कों पर उड़ रही धूल से भी लोगों को निजात मिली है। विभिन्न कामों को लेकर घरों से बाहर निकले लोग ब्रजपात की चपेट में आने की डर से कुछ देर के लिए आस-पड़ोस के घरों एवं दुकानों में सुरक्षित रहे। इस दौरान शहर एवं गांव की सड़कें कुछ देर के लिए पूरी तरह से सुनी हो गई । किसान रवि रंजन कुमार बिहारी लाल कुशवाहा निलेश चौधरी अरुण कुमार सिंह इत्यादि ने बताया कि बारिश पड़ने से तारापुर के विभिन्न हिस्सों में गेहूं एवं आम की फसल बर्बाद हुआ है । बारिश पड़ने के दौरान शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से घंटों तक बिजली गायब रहा ।

# शहीद मजदूरों का पैगाम, जारी रखना है संग्राम

- मजदूरों के विभिन्न संगठनों के बैनर तले एक विशाल जुलूस एवं आम सभा का किया गया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर सहरसा के स्थानीय जेपी पार्क के बाहरी परिसर में मजदूरों के विभिन्न संगठनों के बैनर तले एक विशाल जुलूस एवं आम सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन मजदूरों की एकता, संघर्ष और अधिकारों की रक्षा के उद्देश्य से किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सैकड़ों की संख्या में जुटे मजदूरों ने हाथों में तख्तियाँ, बैनर और नारों के साथ एक संगठित जुलूस निकाला, जो सामाजिक न्याय, मजदूर अधिकार, और न्यूनतम वेतन की मांगों को लेकर मुखर था। हम हैं भारत की ताकत, श्रमिक एकता ज़िंदाबाद जैसे नारों से सहरसा की गलियाँ गूंज उठीं। आमसभा को संबोधित करते हुए कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता तारानंद सादा ने कहा, आज का दिन सिर्फ पर्व नहीं, बल्कि हमारे शहीद मजदूरों को याद कर उनके अधूरे संघर्ष को पूरा करने का संकल्प लेने का दिन है। मजदूरों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज गरीब और गरीब अमीर और अमीर होता जा रहा है। जिसका जिम्मेवार ये मोदी सरकार है। वहीं, सीपीआई के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश नारायण ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, ह्लमोदी सरकार की नीतियाँ मजदूर विरोधी हैं। नयी श्रम संहिताएँ पूंजीपतियों को फायदा पहुँचाने और मजदूरों को गुलाम बनाने की साज़िश हैं। हमें संगठित होकर इनके खिलाफ आवाज उठानी होगी। सभा में कई स्थानीय मजदूर नेताओं ने भी मजदूर हितों की उपेक्षा, बढ़ती महंगाई, निजीकरण और ठेका प्रथा के खिलाफ विरोध जताया और आगामी संघर्षों की रूपरेखा साझा की। इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित किया कि मजदूर वर्ग आज भी जागरूक, संगठित और अपने हक के लिए लड़ने को तैयार है। उनका पैगाम साफ है –शहीदों की कुबार्नी व्यर्थ नहीं जाएगी, संग्राम जारी रहेगा।

### देशभर में जातीय जनगणना करने का निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक पहल

सहरसा। देशभर में जातीय जनगणना करने का निर्णय केंद्र की एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जनता दल यू सहरसा के जिला मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर लुतफुल्लाह ने प्रेस जारी कर कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की यह दूरदर्शी सोच और नीतियों पर केंद्र सरकार द्वारा भरोसा किया गया। मुख्य प्रवक्ता डॉक्टर लुतफुल्लाह ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जब बिहार में जातीय जनगणना की शुरूआत की तब उन्होंने सामाजिक न्याय का एक सख्त मॉडल प्रस्तुत किया जिसे अब राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किया गया है।

# सामाजिक कार्य में युवाओं को आना चाहिए आगे : अमर आशीष

प्रात : किरण संवाददाता



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) फनहन युवा क्रांति कमेटी के सदस्यों ने बीमारी से ग्रस्त को एक यूनिट ब्लड दान कर उनकी जान बचाई। बताया गया कि उदाकिशुनगंज प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर पंचायत के वार्ड 8 निवासी उदाकिशुनगंज मार्केट में स्थित रचना रॉय टेलीकॉम के संस्थापक प्रवीण कुमार मेडिकल कॉलेज में इलाजरत मरीज की तकलीफ सुनकर अपने मोबाइल दुकान बंद कर सभी काम छोड़कर बाइक से सुबह 11 बजे उदाकिशुनगंज से मधेपुरा धूप में मेडिकल कॉलेज ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। कमेटी के युवा समाजसेवी अमर आशीष ने बताया कि आज समाज में कुछ ऐसा भी लोग हैं जो रक्तदान करने से लोग कतराते है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ लोगों के द्वारा रक्तदान करने से किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। अमर आशीष ने रक्तदान की सराहना की।

# महिला संवाद कार्यक्रम में सरकार की नीतियों पर हुई सकारात्मक चर्चा



प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) प्रखंड जीविका के तत्वाधान में नरदह पंचायत के नयाटोला स्थित पंचायत भवन में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन आदर्श जीविका महिला ग्राम संगठन में किया गया। इसमें जीविका दीदियां समेत अन्य स्थानीय महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। महिला संवाद कार्यक्रम में पहुंचे संवाद वाहन में लगे एलईडी डिस्प्ले पर सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। तत्पश्चात इस दौरान मुख्यमंत्री का संदेश पत्र और विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने वाले लीफलेट भी वितरित किए गए। मौके पर मौजूद कई महिलाओं ने विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के बारे में भी बताया। महिला संवाद के दौरान मौजूद महिलाओं ने ग्रामीण मुद्दे में शामिल शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत, जल निकासी के लिए नाला निर्माण, पंचायत में सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की जरूरत जैसी समस्याओं से अवगत कराया। जहां जीविका बीपीएम संजीत कुमार ने बताया कि महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नारी शक्ति कलेक्टर के माध्यम से इस कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिला संवाद का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को सरकारी योजनाओं से जोड़ना, आत्मनिर्भर बनाना और गांवों की आकांक्षाओं को समझना है। वही इस दौरान मौके पर एरिया कोऑर्डिनेटर नितेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक मनोज भारती, पंकज कुमार, प्रीति कुमारी, आयुष कुमार, भीओ लेखपाल अनवर आलम, जीविका मित्र फूल कुमारी, खुशबू कुमारी, सिंपी कुमारी, वीना कुमारी, गीता कुमारी, प्रति कुमारी, पूनम कुमारी, सोनी कुमारी, ममता कुमारी, संगीता कुमारी, सीएलएफ सचिव पूनम भारती सहित अन्य जीविका दीदी उपस्थित रहे।

# भविष्य निधि पदाधिकारी के द्वारा शत-प्रतिशत कार्य निष्पादन पर निदेशक ने किया प्रशंसा व्यक्त



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिला भविष्य निधि कार्यालय, सहरसा द्वारा भविष्य निधि संबंधी मृत्यु के मामले एवं लेखा संबधी कार्य कलाप वित्तीय वर्ष 2023-2024 में सराहनीय एवं प्रशंसनीय रहा। जिसके कारण सेवानिवृत्त कमार्चारियों बहुत सहुलियत हुई वही बिना किसी परेशानी के सभी समस्याओ का निराकरण किया गया। ज्ञात हो कि माह मार्च एवं अप्रैल 2025 का अंतिम निकासी संबंधी मामले जिला भविष्य निधि पदाधिकारी कमलनाथ ठाकुर सहरसा के द्वारा शत-प्रतिशत स-समय निष्पादन करने पर निदेशक, भविष्य निधि निदेशालय, वित्त भवन, वित्त विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्रशंसा व्यक्त की गई है एव अपेक्षा की गयी कि सभी जिला भविष्य निधि पदाधिकारी, बिहार जिला भविष्य निधि पदाधिकारी, सहरसा के किये गये कार्यो का अनुकरण करेंगे। साथ ही भविष्य निधि संबंधी मृत्यु के मामले एवं लेखा संबधी कार्य कलाप को ससमय किये जाने पर कर्मियों नें शुभकामना व्यक्त की है।

# सरकार का धन्यवाद, सुन रही है हमारी बात : खैरुन खातून

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा हमारी आवाज सुनने के लिए सरकार का धन्यवाद। गाँव-गाँव आकर सरकार हमारी राय जान रही है और हमारी आकांक्षाओं को समझ रही है। इससे बेहतर क्या हो सकता है। अपनी बात सीधे सरकार तक पहुँचाने का यह सबसे सशक्त माध्यम है। सहरसा जिले के सत्तरकटैया प्रखंड की लालो मुर्मू ने पुरिख पंचायत में आयोजित हिम्मत जीविका महिला ग्राम संगठन के महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण महिलाएँ अपनी आकांक्षाओं और सुझावों को सरकार तक पहुँचा रही हैं। उन्हें भरोसा है कि उनके विचारों को नीतियों में जगह मिलेगी। इसी कड़ी में कहरा प्रखंड की बरिआही पंचायत में नीलकमल जीविका महिला ग्राम संगठन के संवाद कार्यक्रम में शामिल खैरुन खातून ने कहा, ह्लसरकार की नीतियों ने हमें बोलने का मंच दिया है। अब हम अपनी मांगों को खुलकर रख सकते हैं। योजनाओं का लाभ लेकर हमने अपने जीवन को बेहतर बनाया है। महिला संवाद ने हमें अपनी बात रखने का आत्मविश्वास दिया है। आज जिले में 24 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अब तक सहरसा जिले में 348 ग्राम संगठनों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है। इन संवादों में 87,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया है। महिलाएँ न केवल अपने अनुभव साझा कर रही हैं बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं।



- 348 ग्राम संगठनों में महिला संवाद सफलतापूर्वक संपन्न, 87 हजार से अधिक महिलाओं ने की भागीदारी

संवाद कार्यक्रम के दौरान वे अपनी आकांक्षाओं और गाँव के विकास से जुड़े मुद्दों पर खुलकर चर्चा कर रही हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचनाओं में सुधार की मांग को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। महिला संवाद कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा व्यक्त किए गए विचार और सुझावों को सरकार द्वारा संकलित किया जा रहा है। यह प्रक्रिया नई नीतियों के निर्माण और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायक होगी। इस पहल से न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है, बल्कि वे अपने अधिकारों और सामुदायिक विकास के प्रति अधिक सजग हो रही हैं ।

# सकड़ा- पहाड़पुर मुखिया पुत्र प्रियांशू राज ने 10 वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा देश भर के प्रतिष्ठित आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 96.6% लाकर प्रियांशु राज ने नाम रोशन किया। प्रखंड के सकड़ा-पहाड़पुर पंचायत की मुखिया नीलू भारती व प्रमोद यादव के पुत्र प्रियांशू राज ने आईसीएसई की 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त किया है। पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी (मेदिनीनगर)स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्र प्रियांशू के सफलता पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। पंचायत वासियों ने एक सम्मान समारोह आयोजित कर पिता प्रमोद यादव व माता मुखिया निलू भारती को प्रखंड प्रमुख शबनम कुमारी प्रवक्ता पियूष प्रसाद रविंद्र कुमार पॉग-चादर व बुके देकर सम्मानित किया। प्रियांशु राज ने अपनी सफलता का पीछे माता-पिता एवं गुण को बताया वहीं उन्होंने कहा कि मैं आगे जाकर यूपीएससी की तैयारी करना चाहता हूं और डीएम बनकर समाज देश की सेवा करना चाहता हूं। बधाई देने वालों में सांसद दिनेश चंद्र यादव, पूर्व विधायक डॉ अरुण कुमार यादव, उप प्रमुख धर्मेंद्र राय, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार, पैक्स अध्यक्ष भवेश यादव, सरपंच प्रतिनिधि मौसम यादव सहित अन्य लोग ने बधाई दी।

# मानवता को समर्पित है आजाद युवा विचार मंच का रक्तदान कार्य : शैलेश झा

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा सामाजिक समरसता के प्रति समर्पित सामाजिक संस्था आजाद युवा विचार मंच द्वारा दो यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंद की जान बचाई। मंच के संस्थापक सदस्य शैलेश झा नें बताया कि रक्त की कमी के कारण जीवन और मौत से जूझ रहे कोशी रोड वार्ड नंबर 17 निवासी संजय ठाकुर की पत्नी सबिता देवी एवं शिवपुरी वार्ड नंबर 5 निवासी सियाशरण भगत कि जान बचाने का प्रयास किया। जहां आजाद युवा विचार मंच के रक्त वीर संजीव कुमार झा ने सबिता देवी जिसका हिमोग्लोबिन स्तर महज 3.5 साढ़े तीन ग्राम था, के लिए अपना एक यूनिट ए + रक्तदान किया। वहीं रंजय ठाकुर ने पाइल्स आपरेशन हेतु बेहद ही जरुरतमंद सियाशरण भगत के लिए अपना एक यूनिट ए + रक्तदान किया। रक्त वीरों ने कहा कि आजाद युवा विचार मंच मानवता के समर्पित संगठन है जिसका उद्देश्य राजनैतिक नहीं सामाजिक है।ज्ञात हो जिले में किसी मरीज को रक्त की जरूरत होने पर आजाद युवा विचार मंच के सदस्य सभी जाति धर्म के लोगों को निःस्वार्थ व निशुल्क रक्तदान कर उनके जीवन की रक्षा करते है। जो अत्यंत महत्वपूर्ण व सराहनीय प्रयास है। वही युवा विचार मंच अब तक सैकड़ो गंभीर मरीज की जान बचाने में सफल हुए है।जबकि सरकार द्वारा ब्लड बैंक में किसी प्रकार के कोई रक्त नही रहने से लोगों को सामाजिक संगठन से ही जान बच रही है।

## हानिकारक ऊर्जा से इंसान को बचाता है : रुद्राक्ष

**जितेन्द्र कुमार सिन्हा**



भारतीय संस्कृति में रुद्राक्ष, हर तरह की हानिकारक ऊर्जा से इंसान को बचाता है, इसलिए रुद्राक्ष का जीवन में बहुत महत्व है। रुद्राक्ष कवच की तरह नकारात्मक ऊर्जा से, असरदार रूप से, बचाने का काम करता है। इसलिए यह अपने आप में एक अलग विज्ञान है। अर्थव वेद में रुद्राक्ष के संबंध में बताया गया है कि रुद्राक्ष के ऊर्जा को, लोग अपने हित के लिए और दूसरे को अहित करने के लिए, कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है। रुद्राक्ष के संबंध में कहा गया है कि खुले में या जंगलों में रहने वाले साधु-संयासी अनजाने स्त्रोत का पानी नही पीते है, क्योंकि अक्सर किसी जहरीला गैस या किसी वजह से पानी जहरीला भी हो सकता है, रुद्राक्ष की मदद से यह जाना जा सकता है कि वह पानी पीने लायक है या नही। इसके लिए रुद्राक्ष को पानी के ऊपर लटकाना होता है। यदि पानी के ऊपर रुद्राक्ष घड़ी की दिशा में घूमता है तो इसका अर्थ हुआ कि पानी पीने योग्य है और यदि रुद्राक्ष घड़ी के उल्टे दिशा में घूमता है तो इसका अर्थ हुआ कि पानी पीने लायक नहीं है। रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के अश्रुओं से हुई है। रुद्र अर्थात शिव और अश्र अर्थात आँसू। तात्पर्य यह है कि शिव के आँसू ही रुद्राक्ष है, जो फल के रूप में उत्पन्न हुए है। इस संदर्भ में शिव पुराण की विद्येश्वर संहिता में उल्लेख मिलता है। हमारे पौराणिक ग्रंथों में भी रुद्राक्ष के जन्मदाता भगवान शंकर को माना गया है। शिवपुराण, स्कन्दपुराण, लिंगपुराण आदि में रुद्राक्ष के सम्बंध में आध्यात्मिक, वैज्ञानिक और आयुर्वेदिक प्रकरण मिलते है। भारत में रुद्राक्ष, विशेषकर हिमालय के आंचलिक भागों में पाया जाता है। बिहार की सीमा से जुड़ा नेपाल के भोजपुर जिले में रुद्राक्ष की पैदावार अधिक होती है। इसके अतिरिक्त तिब्बत, इंडोनेशिया, सुमात्रा, चीन, जावा, मलेशिया, मेडागास्कर, पैसिफिक आइलैंड में भी रुद्राक्ष पैदा होती है। पुराणों में रुद्राक्ष एकमुखी से लेकर इक्कीसमुखी तक का उल्लेख है, जबकि सामान्य रूप से चौदहमुखी तक का ही रुद्राक्ष मिलता है। एकमुखी रुद्राक्ष एकमुखी रुद्राक्ष साक्षात शिव स्वरूप माना गया है। इसे धारण करने से ब्रह्महत्या जैसे महापाप भी दूर हो जाता है। एकमुखी रुद्राक्ष को अद्वितीय परब्रह्म, वृक्ष संभव ब्रह्म और वृक्ष सम्भव महारत्न माना गया है। इसलिए एकमुखी रुद्राक्ष सर्वोत्तम माना गया है। एकमुखी रुद्राक्ष अत्यंत दुर्लभ होता है। नेपाल के असली एकमुखी गोल दाने वाले रुद्राक्ष का दर्शन भी किसी भाग्यशाली को ही प्राप्त होता है। द्विमुखी रुद्राक्ष द्विमुखी रुद्राक्ष शिव और शक्ति का स्वरूप माना गया है। इसके धारण करने से मानव मुक्ति और मुक्ति, दोनों प्राप्त होता है। अनेक पापों के साथ-साथ गोवध जैसे महापाप भी दूर होता है। इसके धारक को मानसिक शांति, बुद्धि-विवेक जागृत, पारिवारिक सौहार्द में वृद्धि और कार्य-व्यापार में सफलता, मिलती है। यह द्विमुखी रुद्राक्ष भी अत्यंत दुर्लभ होता है, नेपाली गोल दाने के रूप में बहुत कम ही प्राप्त होता है। त्रिमुखी रुद्राक्ष त्रिमुखी रुद्राक्ष सत्व, रज और तम, इन तीनों के त्रिगुणात्मक शक्तियों का स्वरूप माना गया है। यह ब्रह्मा, विष्णु और शिव के स्वरूप का त्रिमूर्तिमय रूप होता है। त्रिमुखी रुद्राक्ष मानव को त्रिकालदर्शी बनाता है अर्थात भूत, भविष्य और वर्तमान का ज्ञान देने वाला होता है। त्रिमुखी रुद्राक्ष को अग्नि रूप माना गया है, इसलिए इसे धारण करने से मनुष्य की विध्वंसात्मक प्रवृत्तियों का दमन होता है और रचनात्मक प्रवृत्तियों का उदय होता है। चतुर्मुखी रुद्राक्ष चतुर्मुखी रुद्राक्ष को चतुर्मुख ब्रह्मा का स्वरूप और चारों वेदों का रूप माना गया है। यह चारों वर्ण ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र, और चारों आश्रम ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास, के द्वारा पूज्य और वंदनीय है। इसे धारण करने से चतुर्वर्ग फल यानि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति और सभी तरह के मानसिक रोग ठीक होता है। पंचमुखी रुद्राक्ष पंचमुखी रुद्राक्ष को भगवान शिव का पंचानन (पाँच मुखों) और पंचाक्षर मंत्र ह्लॐ नमः शिवायह्व का साक्षात स्वरूप बताया गया है। पंचमुखी रुद्राक्ष को कालाग्निरुद्र का प्रतीक भी माना गया है। इसे धारण करने से सब प्रकार के पाप मिट जाता है, इसलिए इसे अत्यंत प्रभावशाली तथा महिमामय माना जाता है। षष्टमुखी रुद्राक्ष षष्टमुखी रुद्राक्ष को षडानन कार्तिकेय का स्वरूप माना गया है। शास्त्रों के अनुसार, षष्टमुखी रुद्राक्ष को स्वयं कार्तिकेय अपने सिर पर धारण करते थे। इसे धारण करने से शिक्षा, काव्य, व्याकरण, ज्योतिषशास्त्र, और चारों वेद, रामायण, महाभारत आदि ग्रंथों का मर्मज्ञ विद्वान हो सकता है। यह काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद और मत्सर को नष्ट करता है और चर्म रोग, हृदय की दुर्बलता तथा नेत्र रोग दूर होते है।

## राष्ट्रीय एकता के ताने-बाने को तोड़ने की साजिश है, जातीय जनगणना

**डॉ. राकेश दत्त मिश्र**



भारत जैसे बहुजातीय, बहुधार्मिक और विविधतापूर्ण देश में जनगणना एक संवेदनशील विषय है। जब यह जनगणना जातीय आधार पर हो, तब यह केवल आंकड़े इकट्ठा करने का कार्य नहीं रह जाता है, बल्कि सामाजिक समीकरणों में भारी बदलाव लाने वाला कदम बन जाता है। हाल ही में भारतीय जन क्रांति दल (डेमोक्रेटिक) के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राकेश दत्त मिश्र ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित जातीय जनगणना के फैसले पर कड़ा विरोध जताया है और इसे ह्यहिन्दू समाज को विभाजित करने की राजनीतिक चालह्न कहा है। जातीय जनगणना का अर्थ होता है देश की जनसंख्या को जातीय पहचान के आधार पर वर्गीकृत करना। भारत में आखिरी बार पूर्ण जातीय जनगणना 1931 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। स्वतंत्रता के बाद से केवल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों का आंकड़ा लिया जाता रहा है। हाल ही में कुछ राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों ने यह मांग उठाई है कि ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) की संख्या का भी आधिकारिक रूप से आंकलन किया जाए, जिससे नीतियों और आरक्षण में ह्यसमानुपातिक न्यायह्न सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. मिश्र ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जातीय जनगणना भारत की सामाजिक एकता को खंडित करने की दिशा में एक षड्यंत्र है। उन्होंने वर्तमान सत्ताधारी दल पर आरोप लगाया कि ह्लकल तक जो पार्टी ह्यबटोगे तो काटोगेह्न और ह्यपाकिस्तान को सबक सिखानेह्न की बात करती थी, वही आज हिन्दू समाज को जातियों में बांट रही है।ह्व यह वक्तव्य सीधे तौर पर उस विरोधाभास की ओर इशारा करता है जो राष्ट्रवाद और जातिवाद के बीच झूलता दिखाई देता है। डॉ. मिश्र का तर्क है कि यह जनगणना ह्यहिन्दू समाज की एकजुटताह्न को तोड़ने के लिए किया जा रहा राजनीतिक षड्यंत्र है, जो अंततः भारत की एकता और अखंडता को नुकसान पहुंचा सकता है। डॉ. मिश्र का वाजिब सवाल है कि ह्लक्या आज के समय में महंगाई, बेरोजगारी, आतंकवाद, किसानों की दुर्दशा से बड़ा मुद्दा जातीय जनगणना है?ह्व इस प्रश्न में देश के आम नागरिक की चिंता स्पष्ट झलकती है। जब देश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा हो, किसान आत्महत्या कर रहे हों, आम जनता महंगाई से त्रस्त हो, तब जातिगत जनगणना जैसे मुद्दे को सर्वोपरि रखना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है। राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि जातीय जनगणना समाज को वर्गीकृत करती है। इस वर्गीकरण के कई संभावित दुष्परिणाम हो सकते हैं, जैसे- जातिगत वैमनस्यता बढ़ेगी, एकता में विभाजन होगी और राजनीतिक ध्रुवीकरण। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान निमार्ताओं ने जातिगत भेदभाव समाप्त करने का संकल्प लिया था। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने आरक्षण की व्यवस्था सामाजिक न्याय के लिए की थी, न कि राजनीति जातिगत के लिए। डॉ. मिश्र ने अपने वक्तव्य में युवाओं, संत समाज, बुद्धिजीवियों और राष्ट्रभक्तों से अपील की है कि वे इस ह्यराजनीतिक जातिवादी षड्यंत्रह्न के खिलाफ मुखर हों। उन्होंने कहा कि ह्लजो समाज एकजुट नहीं रहता, उसकी दिशा भी बंट जाती है और उसकी दशा भी।ह्व यह बात भारतीय समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि यदि समाज के वंचित तबकों की मदद करनी है तो उसके लिए जरूरी है कि शैक्षणिक सुधार किए जाएं, न कि केवल जाति के आधार पर आरक्षण बढ़ाया जाए। आर्थिक सर्वेक्षण के आधार पर नीति बनाई जाए, जिससे वास्तविक गरीबों को लाभ मिले। जाति को पहचान नहीं, सहअस्तित्व का आधार बनाया जाए। जनगणना को यदि करना ही है, तो वह सामाजिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर आधारित होनी चाहिए न की जाति पर।

# जाति जनगणना विभाजन का नहीं, विकास का आधार बने

**सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा। जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी।**






**ललित गर्ग**

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

पहलगाम की क्रूर एवं बर्बर आतंकी घटना के बाद मोदी सरकार लगातार पाकिस्तान को करारा जबाव देने की तैयारी के अति जटिल एवं संवेदनशील दौर में एकाएक जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लेकर न विपक्षी दलों को बल्कि समूचे देश को चौकाया एवं चमत्कृत किया है। सरकार का यह निर्णय जितना बड़ा है, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। मोदी सरकार का जातिगत जनगणना के लिए तैयार होना सुखद और स्वागतयोग्य है। पिछले कुछ समय से जातिगत जनगणना की मांग बहुत जोर-शोर से हो रही थी। कुछ राज्यों में तो भाजपा भी ऐसी जनगणना के पक्ष में दिखी थी, पर केंद्र सरकार का रुख इस पर बहुत साफ नहीं हो रहा था। अब अचानक ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की उच्चस्तरीय कैबिनेट समिति की बैठक में यह फैसला ले लिया गया। बाद में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि आगामी जनगणना में जातिगत गणना भी शामिल रहेगी। यह कदम जहां देश के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को बदलेगा, वही सामाजिक असमानताओं को दूर करने और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए लक्षित नीतियों को लागू करने में मील का पत्थर साबित होगा। जातिगत जनगणना 1931 यानी अखंड भारत में अंग्रेजी सत्ता ने कराई थी। भारत में जनगणना की शुरूआत अंग्रेजी हुकूमत के दौर में, सन 1872 में हुई थी और 1931 तक हुई हर जनगणना में जाति से जुड़ी जानकारी को भी दर्ज किया गया। आजादी के बाद सन् 1951 में जब पहली बार जनगणना कराई गई, तो तय हुआ कि अब जाति से जुड़े आंकड़े नहीं जुटाए जाएंगे। स्वतंत्र भारत में हुई जनगणनाओं में केवल अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े डेटा को ही पब्लिश किया गया। 2011 में मनमोहन सरकार ने जातिवार जनगणना कराई अवश्य, लेकिन उसमें इतनी जटिलताएं एवं विसंगतियां मिलीं कि उसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। इसके बाद कुछ राज्यों ने जातियों की गिनती करने के लिए सर्वे कराए, क्योंकि जनगणना कराने का अधिकार केवल केंद्र को ही है। हालांकि भाजपा ने बिहार में जाति आधारित सर्वे का समर्थन किया, लेकिन जातिगत जनगणना को लेकर वह मुखर नहीं रही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अवश्य इसका समर्थन किया। लेकिन अब एकाएक भाजपा को जातिगत जनगणना करना अपने हित में दिखाई दिया क्योंकि अपनी नीतियों एवं योजनाओं के बल पर भाजपा ने पिछड़ी जातियों और दलितों की गोलबंदी कर सत्ता का सफर आसान बनाया है। जातिगत जनगणना का भारतीय राजनीति और समाज-व्यवस्था पर व्यापक एवं दूरगामी प्रभाव पडेगा। कांग्रेस और कुछ क्षेत्रीय दल इसकी पुरजोर मांग करने में लगे हुए थे। सबसे ज्यादा जोर राहुल गांधी दे रहे थे, जबकि नेहरू से लेकर नरसिंह राव तक ने इसकी जरूरत नहीं समझी। यह तय है कि जातिगत जनगणना कराने के फैसले पर जहां कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दल इसका श्रेय लेना चाहेंगे, वहीं भाजपा इसे सामाजिक न्याय एवं समता-संतुलित समाज-निर्माण केंद्रित अपनी पहल बताएगी। जाति आधारित जनगणना सामाजिक न्याय में सहायक बनेगी या नहीं, लेकिन इससे जातिवादी राजनीति के नए दरवाजे खुलेंगे एवं आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर राजनीति की धूरी बनेगा। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण एवं स्वार्थी राजनीतिक नजरिये से यह मांग इसलिए उठाई थी ताकि इस आधार पर आगे आरक्षण के मुद्दे को गमार्या जा सके और जातीय गोलबंदी कर चुनावी फायदा लिया जा सके। लेकिन भाजपा-सरकार ने जाति जनगणना का ऐलान कर इस मुद्दे को अपनी पाली में ले लिया है। भले ही इसके आंकड़े आने के बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग से भाजपा कैसे निपटेगी, यह बड़ी चुनौती उसके सामने है। वैसे भी इस तरह की पहल जिन राज्यों में हुई है, वहां भी इसे लेकर विवाद चल रहा है। ऐसे विवाद भाजपा के लिये एक नयी चुनौती बनेंगे। जाति आधारित जनगणना से भारतीय समाज के नये कोने-अंतरे-चुनौतियां सामने आयेगी। लेकिन जातिगत जनगणना के समर्थकों का मानना है कि यह सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम हो सकता है। जनगणना में दलितों और आदिवासियों की संख्या तो गिनी जाती है और उन्हें राजनीतिक आरक्षण भी मिला हुआ है लेकिन पिछड़ी और अति पिछड़ी (ओबीसी और ईबीसी) जातियों के कितने लोग देश में हैं इसकी गिनती नहीं होती है। जनगणना एक बहुत बड़ी कवायद है और अगर इसमें जातिगत गणना को भी शामिल किया जा रहा है, तो काम और भी सावधानी एवं सतर्कता से करना होगा। हजारों जातियां हैं और उनकी हजारों उप-जातियां हैं। सबको अलग-अलग गिनने के लिए देश को अपनी डिजिटल शक्ति का उपयोग करना पड़ेगा। निश्चित ही नयी राजनीतिक एवं नीतिगत स्थितियां समस्याएं खड़ी होगी। अब सभी जातियों की गिनती होगी। यह गिनती मुस्लिम, ईसाई और अन्य समुदायों में भी होनी चाहिए, क्योंकि कोई दावा कुछ भी करे, जाति और उसके आधार पर विभेद सब जगह है। इससे भी ज्यादा आवश्यक, बल्कि अनिवार्य यह है कि जातिगत जनगणना जातिवाद की राजनीति का हथियार न बने और वह भारतीय समाज को विभाजित न करने पाए। इस अंदेशे को दूर करने के कुछ ठोस उपाय होने ही चाहिए कि जाति आधारित जनगणना जातीय विभाजन का कारण न बनने पाए। यह अंदेशा इसलिए है, क्योंकि यह किसी से छिपा नहीं कि कई राजनीतिक दल खुले रूप से जाति की राजनीति करते हैं। माना जाता है कि देश की आबादी में 52 फीसदी लोग पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति के हैं। ओबीसी समुदाय के नेताओं का मानना है कि इस हिसाब से उनकी राजनीतिक हिस्सेदारी काफी कम है। राजनीतिक दल इन समुदायों का समर्थन हासिल करने के लिए जाति जनगणना का समर्थन कर रहे हैं। भारत में जाति जनगणना आजादी के बाद रुकी, पर अब सामाजिक न्याय, नीतिगत सुधार और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए इसकी जरूरत महसूस की जा रही है। पारदर्शिता और सावधानी से किया गया यह कदम समावेशी विकास का आधार बन सकता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने जाति आधारित जनगणना को एक समतामूलक समाज निर्माण के दृष्टिकोण से समर्थन देने के संकेत दिए हैं। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि यह संवदेनशील मामला है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक या चुनावी उद्देश्यों के लिए नहीं बल्कि पिछड़ रहे समुदाय और जातियों के कल्याण के लिए होना चाहिए। जाति जनगणना के आंकडे प्रस्तुत होने से राजनीति और ब्यूरोक्रेसी में पिछड़ी और अति पिछड़ी जातियों की हिस्सेदारी कितनी कम है, यह डर संभवतः भाजपा को सता रहा था। लेकिन भाजपा का यह डर या तो खत्म हो गया है, या फिर उसने बिहार में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में चुनावी लाभ लेने के लिए ये कदम उठाया है। भाजपा इसके खिलाफ थी, उसने जातिगत जनगणना को देश को बांटने की कोशिश करने वाला बताया था। लेकिन एनडीए में शामिल भाजपा की ज्यादातर सहयोगी पार्टियां इसके पक्ष में हैं।

# पाकिस्तान के साथ निर्णायक युद्ध की घड़ी

**दोनों पक्षों को इसे सुलझाना चाहिए। बहुत से लोगों ने इसके लिए ट्रंप पर विपरीत टिप्पणियां कीं। लेकिन लगता है ट्रंप ने जाने-अनजाने में इतिहास के एक बहुत बड़े तथ्य की ओर संकेत किया है। पाकिस्तान भारत के पश्चिमोत्तर का हिस्सा है। सन 712 में हिंदुस्तान पर अरबों का पहला हमला इसी क्षेत्र के सिंध प्रदेश पर हुआ था। सरल शब्दों में कहना हो तो आज के कराची शहर पर हुआ था। आज 2025 तक आते-आते उस हमले को हुए लगभग 1300 साल हो गए हैं। उसके बाद इस क्षेत्र में कभी शांति नहीं हो सकी। सन 1000 के आसपास तुर्कों ने इसी सप्त सिंधु क्षेत्र पर हमले करके इसे इस्लाम के घेरे में लाना शुरू किया था। पांच सौ साल तक यह दुखांत अबाध रूप से चलता रहा। लेकिन इन पांच सौ साल में हिंदुस्तान के पश्चिमोत्तर की बहुत सी जनसंख्या को डरा धमका कर या लालच से इस्लाम पंथ या शिया पंथ में मतांतरित कर दिया गया। संघर्ष और विरोध भी होता रहा। सन 1500 के आसपास मुगलों ने हल्ला बोल दिया।**





**कुलदीप चंद अग्निहोत्री**

**लेखक**

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने पहलगाम पर पाकिस्तान द्वारा किए गए परोक्ष आक्रमण करते हुए कहा कि यह झगड़ा एक हजार साल से चला हुआ है। दोनों पक्षों को इसे सुलझाना चाहिए। बहुत से लोगों ने इसके लिए ट्रंप पर विपरीत टिप्पणियां कीं। लेकिन लगता है ट्रंप ने जाने-अनजाने में इतिहास के एक बहुत बड़े तथ्य की ओर संकेत किया है। पाकिस्तान भारत के पश्चिमोत्तर का हिस्सा है। सन् 712 में हिंदुस्तान पर अरबों का पहला हमला इसी क्षेत्र के सिंध प्रदेश पर हुआ था। सरल शब्दों में कहना हो तो आज के कराची शहर पर हुआ था। आज 2025 तक आते-आते उस हमले को हुए लगभग 1300 साल हो गए हैं। उसके बाद इस क्षेत्र में कभी शांति नहीं हो सकी। सन् 1000 के आसपास तुर्कों ने इसी सप्त सिंधु क्षेत्र पर हमले करके इसे इस्लाम के घेरे में लाना शुरू किया था। पांच सौ साल तक यह दुखांत अबाध रूप से चलता रहा। लेकिन इन पांच सौ साल में हिंदुस्तान के पश्चिमोत्तर की बहुत सी जनसंख्या को डरा धमका कर या लालच से इस्लाम पंथ या शिया पंथ में मतांतरित कर दिया गया। संघर्ष और विरोध भी होता रहा। सन् 1500 के आसपास मुगलों ने हल्ला बोल दिया। उनके काल में तो ह्यइस्लाम में आ जाओ या फिर मरने की तैयारी करोह्न का माहौल बनने लगा। लेकिन विरोध भी उतना ही तीखा होने लगा। गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोबिंद सिंह जी तक की दशगुरु परंपरा इसी काल में शुरू हुई थी। लेकिन अब तक भारत का बहुत बड़ा हिस्सा मसलन बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनखवा, सिंध प्रदेश और पंजाब का बहुत बड़ा हिस्सा इस्लाम पंथ को ग्रहण कर चुका था। अठारहवीं सदी में भारत पर अंग्रेजों का कब्जा हो गया। वे बीसवीं शताब्दी के मध्य में देश से तो चले गए, लेकिन जाने से पहले पश्चिमोत्तर भारत या सप्त सिंधु क्षेत्र के उस हिस्से को जो पिछले हजार साल में इस्लाम की चपेट में आ चुका था, पाकिस्तान नाम देकर भारत से अलग कर गए। उसके बाद अरबों, तुर्कों या मुगलों को हिंदुस्तान पर हमला करने की जरूरत नहीं पड़ी या फिर उनमें अब उतनी हिम्मत नहीं रही थी, लेकिन उनका यह काम भारत के ही उस हिस्से ने संभाल लिया जिसे अंग्रेज इस्लाम के आधार पर अलग करके गए थे। उसके बाद पाकिस्तान द्वारा 1947-48, 1965, 1971 में किए गए हमलों और उसके बाद कारगिल युद्ध को देखा जा सकता है। कारगिल के बाद तो अब तक आतंकवाद के रूप में यह युद्ध निरंतर चल रहा है। ट्रंप ने सही कहा है कि यह लड़ाई हजार-पंद्रह सौ साल से चली हुई है। अंतर केवल इतना ही है कि पहले हमले अरब, तुर्क या मुगल करते थे, लेकिन अब उनमें भारत पर हमले करने की हिम्मत तो नहीं बची है या फिर उन्हें शायद इसकी जरूरत भी नहीं है। अलबत्ता अब अपने ही वे लोग जिन्होंने इस कालखंड में इस्लाम ग्रहण कर लिया था, जब भारत पर हमला करते हैं तो तुर्क उनकी मदद पर आ जाते हैं। तुर्की इस समय यही कर रहा है। लेकिन अब मुख्य प्रश्न यही है कि क्या पंद्रह सौ साल से चली आ रही इस लड़ाई को खत्म करने का वक्त आ गया है? यह सवाल इसलिए भी जोर पकड़ रहा है क्योंकि इस समय देश में प्रधानमंत्री के पद पर नरेंद्र मोदी हैं और देश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। भारतीय जनता पार्टी अपने जनसंघ काल से ही इस लंबी लड़ाई को निर्णायक रूप से खत्म करने के पक्ष में रही है। कुछ तथाकथित विद्वान इसकी व्याख्या यह कह कर करते हैं कि भारतीय जनता पार्टी इस्लाम पंथ और शिया पंथ के खिलाफ है। भाजपा किसी के खिलाफ नहीं है, वह भारत के पक्ष में है। भाजपा यह मानती है कि इस देश में भगवान की पूजा के हजारों तरीके हैं, उनमें नमाज पढ़ कर ईश्वर की आराधना भी एक है। इसी प्रकार ईश्वर के नाम भी अनेक हैं, उनमें से अल्लाह भी एक है। इसलिए विरोध का तो प्रश्न ही नहीं है। अलबत्ता भगवान की पूजा करने के जितने तरीके हैं, उन सभी के आधार पर देश के उतने टुकड़े नहीं किए जा सकते। पाकिस्तान नाम का टुकड़ा इसी आधार पर देश से अलग किया गया था। यह आधार ही गलत था। भाजपा मानती है कि यह घृणित कार्य साम्राज्यवादी यूरोपीय ताकतों ने किया था, जिन्हें भारत को कमजोर रखने के लिए इसकी जरूरत थी। पाकिस्तान के एक मंत्री ने तो सार्वजनिक रूप से यह मान ही लिया है कि हम पिछले चालीस साल से ब्रिटेन-अमेरिका के कहने से भारत के खिलाफ यह गंदा काम कर रहे हैं। पाकिस्तान के इन गंदे कामों के कारण ही भारत में यह मांग उठ रही है कि हजार-पंद्रह सौ साल से चले आ रहे इस युद्ध को समाप्त करने का सही समय आ गया है। इतिहास में ऐसे क्षण आते हैं। पाकिस्तान में भी बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनखवा, सिंध प्रदेश से यह मांग उठ रही है। यह सब इलाके पाकिस्तान में नहीं बने रहना चाहते। लेकिन भारत के अंदर इस संभावित निर्णायक युद्ध के समय क्या स्थिति है, इस पर चर्चा करने से पहले मुझे बाबा साहिब अंबेडकर का संविधान सभा की अंतिम बैठक में दिया गया ऐतिहासिक भाषण याद आ रहा है। बाबा साहिब ने कहा था, ह्यमुहम्मद बिन कासिम द्वारा सिंध पर चढ़ाई के समय राजा दाहिर सेन के सैन्य कमांडरों ने मुहम्मद बिन कासिम के एजेंटों से रिश्वत ले ली और अपने स्वयं के राजा के पक्ष में लड से मना कर दिया। वह जयचंद ही था जिसने भारत पर आक्रमण करने और पृथ्वीराज चौहान से लड के लिए मुहम्मद गौरी को भारत में आमंत्रित किया और उससे स्वयं सोलंकी राजाओं के साथ उसकी सहायता करने का वादा किया। जब शिवाजी हिंदुओं की मुक्ति के लिए लड़ रहे थे, तो कई अन्य मराठा राजवंश और राजपूत राजा मुगल सम्राटों के साथ मिलकर उनके खिलाफ लड़ाई लड़ रहे थे। झ क्या इतिहास स्वयं को दोहराएगा? यह ऐसा विचार है जो मुझे चिंतित करता है। यह चिंता इस तथ्य के बोध से और अधिक गहरी हो जाती है कि ह्यजातिह्न और ह्यपंथह्न के रूप में हमारे पुराने शत्रुओं के अतिरिक्त, अब हमारा साथ बहुत से राजनीतिक दलों व उनके विविध एवं विरोधी राजनीतिक पंथों के साथ भी जुड जा रहा है। क्या भारतीय अपने देश को अपने पंथ से ऊपर रखेंगे या वे देश के ऊपर पंथ स्थापित करेंगे? मुझे नहीं पता। लेकिन यह बहुत निश्चित है कि यदि इन राजनीतिक दलों ने देश से ऊपर पंथ रखा, तो हमारी स्वतंत्रता को दूसरी बार संकट में डाल दिया जाएगा और संभवतः यह हमेशा के लिए खो जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती रुपए की ताकत एवं भारत में बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार

दिनांक 07 फरवरी 2025 को अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में भारतीय रुपए की कीमत सबसे निचले स्तर अर्थात 87.44 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई थी। इसके बाद धीरे धीरे इसमें सुधार होता हुआ दिखाई दिया है एवं अब दिनांक 30 अप्रेल 2025 को यह 84.50 रुपए प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गई है। वहीं दिनांक 18 अप्रेल 2025 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी तेज गति से आगे बढ़ता हुआ 68,610 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है और यह दिनांक 27 सितम्बर 2024 के उच्चतम स्तर 70,489 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के बहुत करीब है। भारतीय रुपए की मजबूती एवं विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि ऐसे समय में हो रही है जब विश्व के समस्त देश अमेरिकी प्रशासन के टैरिफ युद्ध का सामना करते हुए संकट में दिखाई दे रहे हैं। परंतु, भारत पर टैरिफ युद्ध का असर लगभग नहीं के बराबर दिखाई दे रहा है। यह भी सही है कि हाल ही के समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ा है और अमेरिकी डॉलर इंडेक्स लगभग 109 के स्तर से नीचे गिरकर दिनांक 30 अप्रेल 2025 को 99.43 के स्तर पर आ गया है। शायद अमेरिका भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की मजबूती को कम करना चाहता है ताकि अमेरिका में आयात महंगे हों एवं अमेरकी निर्यातकों को अधिक लाभ पहुंचे। परंतु, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर पर दबाव के बढ़ने से सोने की कीमतों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है और यह दिनांक 22 अप्रेल 2025 को अपने उच्चतम स्तर 3500 अमेरिकी डॉलर प्रति आउन्स पर पहुंच गई थी। साथ ही, अमेरिकी शेयर बाजार भी धराशायी हुआ है और डाउ जोंस एवं अन्य इंडेक्स में भारी गिरावट दर्ज हुई है। अब ऐसा आभास हो रहा है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा विभिन्न देशों के विरुद्ध छेड़े गए टैरिफ युद्ध का विपरीत असर अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारतीय रुपए के मजबूत होने के चलते भारतीय शेयर (पूंजी) बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक एक बार पुनः अपना निवेश बढ़ाने लगे हैं एवं पिछले लगातार 8 दिनों से इन विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में शेयरों की भारी मात्रा में खरीद की है। जबकि, सितम्बर 2024 के बाद से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से लगातार अपना निवेश निकाल रहे थे और इस बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगभग 3 लाख करोड़ रुपए के शेयरों की बिक्री भारतीय शेयर बाजार में की है। जिसके चलते भारतीय शेयर बाजार के निफ्टी इंडेक्स में लगभग 3500 अंकों की भारी गिरावट दर्ज हुई थी। परंतु, भारतीय संस्थागत निवेशकों, भारतीय म्यूचअल फण्ड एवं खुदरा निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में अपना निवेश बढ़ाकर भारतीय पूंजी बाजार को सम्हालने में मदद की है अन्यथा भारतीय शेयर बाजार क्रेश हो गया होता। परंतु, अब भारतीय शेयर बाजार में सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है एवं अब एक बार पुनः यह आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। हाल ही के समय में निफ्टी इंडेक्स में लगभग 1500 अंकों की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के विदेशी व्यापार में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। विभिन्न देशों को भारत से निर्यात 5.50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 82,093 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं वहीं अन्य देशों से भारत में होने वाले आयात 6.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 91,519 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। निर्यात की तुलना में आयात में वृद्धि दर अधिक रही है जिसके चलते भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 9,426 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। व्यापार घाटे के बढ़ने के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव बढ़ा और रुपया कमजोर हुआ। भारत में कच्चे तेल एवं स्वर्ण का आयात भारी मात्रा में होता है। मुख्य रूप से इन्हीं दो मदों की कीमतें भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ीं थी, जिसका प्रभाव भारत में अधिक आयात के रूप में दिखाई दिया है। परंतु, अब हर्ष की बात है कि कच्चे तेल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में 75 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल से घटकर लगभग 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बेरल पर नीचे आ गई है और स्वर्ण के महंगे होने के चलते स्वर्ण का आयात भी कुछ कम हुआ है। उक्त दोनों घटनाओं के परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए पर दबाव कुछ कम होता हुआ दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में भले स्थितियां ठीक नहीं दिखाई दे रहीं है, परंतु भारत में आंतरिक मजबूती के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था अभी भी विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, एशियाई विकास बैंक, स्टैंडर्ड एवं पूअर आदि अंतरराष्ट्रीय रेटिंग संस्थानों ने भी वित्तीय वर्ष 2025-26 में, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक क्षेत्र में विकसित हो रही विपरीत परिस्थितियों के बीच भी, भारतीय अर्थव्यवस्था के 6 प्रतिशत से अधिक की दर से आगे बढ़ने की सम्भावना व्यक्त की है।

# जिला अधिकारी की जनता दरबार में 75 मामलों की हुई सुनवाई

## कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

**प्रातः किरण, संवाददाता**

बेतिया। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।



जिलाधिकारी के जनता दरबार में 75 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें खेल, राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया उनमें नरसिंह राम, धनीलाल दास, शम्भू हजरा, शारदा देवी, अनिल कुमार मिश्र, हीरालाल राम, रूस्तम बैठा, हजरत अली, प्रिया कुमारी, अख्तर देवान, रमेश साह, सुशीला देवी, डोमा सिंह, इद्रीश मियां, राजेन्द्र राउत, सविता देवी, नागेन्द्र मिश्र, शेख जैनुल, रामजी प्रसाद आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी बेतिया सदर विनोद कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार रवि, उप समाहर्ता निधि राज जिला स्थापना उप समाहर्ता अहमद अली अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिले के 747 हाइड्रोसील फाईलेरिया मरीजों की हुई सर्जरी

## बचाव हेतु वर्ष में एकबार डीईसी एवं अल्बेण्डाजोल की गोली का सेवन जरुरी

**जीएमसीएच बेतिया, अनुमण्डलीय अस्पताल नरकटियागंज एवं बगहा मे होता है निःशुल्क ऑपरेशन**

**प्रातः किरण, संवाददाता**




बेतिया। फाइलेरिया एक गंभीर रोग है जिसके कारण समान्यतः लोगों में हाथी पाँव के लक्षण दिखाई पड़ते है। परन्तु इसमें कई प्रकार के लक्षण दिखाई देते है। कुछ पुरुषो में हाइड्रोसील बड़ा, सूजन होना जैसे लक्षण दिखाई देते है तो स्त्रियों में स्तन एवं जननांग भी असामान्य हो जाते है। इसमें सूजन हो जाता है। हाइड्रोसील फाईलेरिया एक ऐसा रोग है जिसकी सर्जरी कर मरीजों को ठीक किया जा सकता है। जिसके लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। इस सम्बन्ध में जिले के डीभीडीसीओ डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया की जिले के 747 हाइड्रोसील फाईलेरिया मरीजों की सर्जरी हो चुकी है। जिले के जीएमसीएच बेतिया, अनुमण्डलीय अस्पताल नरकटियागंज एवं बगहा मे इसका निःशुल्क ऑपरेशन होता है जिसका लाभ उठाना चाहिए।

भीडीसीओ प्रशांत कुमार ने बताया की सभी पीएचसी, अनुमण्डलीय अस्पताल में फाइलेरियारोधी दवाई उपलब्ध है। फाइलेरिया से बचाव हेतु वर्ष में एकबार डीईसी एवं अल्बेण्डाजोल की गोली का सेवन जरुरी होता है।

### समय पर फाइलेरिया की रोकथाम जरूरी

एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा ने कहा की फाइलेरिया एक गंभीर रोग है जिसका ईलाज व देखरेख नहीं करने पर यह काफी गंभीर हो जाता है। फाइलेरिया को आम बोलचाल की भाषा में हाथी पांव भी कहा जाता है। शुरूआत में यह बीमारी होने पर आपके हाथ, पैर, स्तन और मुंह पर सूजन दिखाई दे सकती है। इसके अलावा कुछ लोगों में फाइलेरिया की बीमारी होने पर उनके अंडकोष में भी सूजन आ सकती है। इस बीमारी के बारे में सही जानकारी होने पर आप आसानी से इसे दूर कर सकते हैं। फाइलेरिया के बारे में सही जानकारी और समय पर इसके लक्षणों को पहचानकर ईलाज से बचाव संभव है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्लब द्वारा छाता का किया गया वितरण

छपरा कार्यालय।अन्तराष्ट्रीय स्वंय सेवी संस्थान इनर व्हील क्लब ऑफ सारण की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी द्वारा श्याम चक पर तीन ठेला चालकों के बीच गर्मी से राहत देने के लिए छाता और सत्तू का वितरण किया गया । इस अवसर पर उन्होंने घरेलू इलेक्ट्रॉनिक ऐ इलेक्ट्रिकल उपकरणों को ई-कचरा रीसाइक्लिंग और प्रबंधन के लिए घर पर रखे अनेक सामानों को एकत्रित कर के उन्हें डिस्पोस किया कइस बात की जानकारी क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने दी ।

### सड़क दुर्घटना में हुए जख्मी का इलाज के दौरान मौत

लहलादपुर: जनता बाजार थाना क्षेत्र के सारण गांव निवासी राजेंद्र चौहान को तीव्र गति से आ रहा एक बाइक सवार ने जोरदार ठोकर मार दिया. जिससे वह बीच सड़क पर गिर पड़े और उनका सिर फट गया. बाइक सवार भी गिर पड़ा. आसपास के लोगों ने 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाया. पुलिस ने दोनों जख्मियों को पीएचसी, लहलादपुर लाकर भर्ती करा दिया. दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये दोनों को सदर अस्पताल, छपरा भेज दिया. मगर राजेंद्र चौहान की स्थिति नाजुक देखते हुए छपरा से भी उन्हें पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी. घटना बृहस्पतिवार के दोपहर सारण गांव में जनता बाजार-पैगम्बरपुर मुख्य सड़क पर उस समय की है, जब मृतक अपने छोटे भाई के पोते के तिलक जाने की तैयारी कर रहे थे. बताते चलें कि घटना के दिन ही उनके घर से तिलक जाना तथा 5 मई को बारात आना था. इस दुर्घटना से मृतक के घर में आयोजित वैवाहिक खुशी गम में बदल गयी. जहां मंगल गीत गूंज रही थी, वहां रोने-चिल्लाने की आवाजें आने लगीं. घर आये चहकते मेहमानों के भी चेहरे फिंके पड़ गये. बाइक सवार अपने को दाऊदपुर का बिगन सिंह बता रहा था. समाचार प्रेषण तक इस मामले में प्राथमिकी दर्ज होने की सूचना नहीं थी.

### पक्षकारों को गवाही की कॉपी देने के लिए दिया गया आवेदन

छपरा कोर्ट। बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश्वर तिवारी ने छपरा व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीत कुमार गर्ग को पक्षकारों को गवाही की प्रति उपलब्ध कराने एवं पीठासीन पदाधिकरियों के द्वारा तिथि निर्धारित करने के लिए आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि प्रतिदिन सभी न्यायालय में गवाहों की गवाही दर्ज जाती है । परंतु गवाही की प्रति पक्षकारों को या विद्वान अधिवक्ता महोदय को प्राप्त नहीं कराया जाता है। जिसके कारण पक्षकारों को परेशानी के सामना करना पड़ता है। उसकी सच्ची प्रतिलिपि बाद में लेना पड़ता है। जिसके कारण उन्हें आर्थिक एवं मानसिक परेशानियो का सामना करना पड़ता है ।साथ ही न्यायालय के कर्मचारियों को भी अन्य आवश्यक कार्य करना पड़ता है। जबकि नियमानुसार साक्ष्य दर्ज होने के पश्चात इसकी प्रति पक्षकारों को उपलब्ध करा दिया जाना है। जिसके कारण आए दिन परेशानी होती है साथ ही न्यायालय में तिथि का निर्धारण पीठासीन पदाधिकारी द्वारा नहीं करने के कारण पक्षकारों अधिवक्ता एवं पीठ सहायक के बीच भी तकरार ना हो ।

### समान खरीदने गई किशोरी के गायब अनहोनी की आशंका

परसा (सारण): प्रखंड के अन्याय गांव में दुकान से समान खरीदने गई किशोरी के गायब होने के बाद स्वजनों में अनहोनी की आशंका बढ़ने लगी है। पीड़ित समा प्रवीण ने परसा थाने में आवेदन देकर पुत्री की गायब होने के मामले में मुजफ्फरपुर जिले के सरैया थाना क्षेत्र के मरवापाकर निवासी मो मुमताज,मो अरबाज,मो इबरान,मो शहबाज सहित पांच लोगों को आरोपित किया है । पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### मारपीट मामले में पीड़िता ने कराई प्राथमिकी

परसा (सारण)। थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में भूमिविवाद व शौचालय बनाने के दौरान हुए आपसी विवाद के कारण मारपीट मामले पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज कराई है । पीड़िता राजेंद्र सिंह की पुत्री सविता कुमारी ने मारपीट कर घायल किए जाने के मामले में गांव के ही ओम प्रकाश सिंह,घनश्याम सिंह सहित तीन लोगों को आरोपित किया है ।पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# महिला संवाद से नीतिगत बदलाव की ओर: ग्रामीण महिलाओं की 11,857 आकांक्षाएं बनेंगी विकास की आधारशिला

**प्रातः किरण, संवाददाता**

छपरा कार्यालय।बिहार की महिलाएं अब केवल घर की चौखट तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए नीतियों के केंद्र में आकर अपनी भूमिका निभा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा आयोजित ह्लमहिला संवादह्व कार्यक्रम के माध्यम से वे न केवल अपनी सफलता की कहानियां साझा कर रही हैं, बल्कि राज्य के समावेशी विकास हेतु ठोस सुझाव भी दे रही हैं।

सारण जिले के विभिन्न प्रखंडों में आज कुल 36 महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए, सरकारी योजनाओं से मिली सफलता को रेखांकित किया और अपने गांव, पंचायत और समाज के विकास को लेकर स्पष्ट और व्यावहारिक सुझाव रखे ।कार्यक्रम में भाग लेने वाली महिलाओं और युवतियों ने बताया कि कैसे उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वरोजगार, शिक्षा, सुरक्षा और सामाजिक कल्याण योजनाओं के माध्यम से अपनी ज़िंदगी को एक नई दिशा दी।

महिलाओं ने अपनी आकांक्षाएं भी खुलकर रखीं–गांवों में नालियों की बेहतर व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण, विधवा पेंशन में वृद्धि, राशन दुकानों की स्थापना और दिव्यांग भत्ता जैसी सुविधाएं प्रमुख मांगों में शामिल रहीं। दिघवारा प्रखंड की महिलाओं ने अपने क्षेत्र में स्नातक स्तरीय कॉलेज की स्थापना की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि उनके बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े।

यह संवाद केवल जीविका समूहों तक सीमित नहीं रहा। इसमें उन महिलाओं की भी भागीदारी रही जो अभी समूह से नहीं जुड़ी हैं।

यह दशार्ता है कि महिला संवाद कार्यक्रम ने समावेशिता को प्राथमिकता दी है।

सरकार की ओर से यह पहल इस उद्देश्य से की गई है कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में चल रही योजनाओं की समीक्षा हो सके और नई नीतियों के निर्माण में महिलाओं की वास्तविक जरूरतें शामिल की जा सकें। संवाद के दौरान प्राप्त सुझावों और आकांक्षाओं को मोबाइल एप के माध्यम से संकलित किया जा रहा है।

# महिला संवाद में गूंजा आत्मनिर्भरता का स्वर

**प्रातः किरण, संवाददाता**

बेतिया।नौतन प्रखंड के पूर्वी नौतन पंचायत के वीरता ग्राम संगठन द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लेकर अपने विचार साझा किए। यह संवाद जीविका के ग्राम संगठन कि पहल पर महिलाओं को साक्षरता, स्वास्थ्य सेवाएं, और रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



संवाद के दौरान यह बात निकल कर आ रही है कि गाँव कि अधिकांश महिलाएं अब साक्षर बन चुकी हैं, जिससे महिलायें ना केवल अपने बच्चों की शिक्षा में योगदान दे रही हैं, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। संवाद कार्यक्रम में शारदा देवी ने बताया कि महिलाओं का समूह में जुड़ने और बैठक में भाग लेने का ही नतीजा है कि महिला संगठित होकर आगे बढ़ रही है और सभी महिलायें आत्मविश्वास के साथ अब हस्ताक्षर करती है। विद्यापति देवी जो अंगीरा समूह से जुड़ी है ने बताया कि उनके किराना दुकान में पूंजी की आवश्यकता है और इसलिय उन्हें बैंक से व्यक्तिगत कर्ज की जरूरत है ।महिलाओं ने स्थानीय स्तर पर बड़े शहरों जैसी मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने की जोरदार वकालत की। उन्होंने बताया कि छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए दूर दराज के अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है, जिससे समय और पैसा दोनों की बबार्दी होती है। इस संदर्भ में विद्यापति ने बताया कि उनके बच्चे हीमोफीलिया जैसे रोग से ग्रसित है जिसके लिए उन्हें अक्सर पटना शहर जाना पड़ता है। नजमा खातून और संवाद में भाग लेने वाली अधिकतर महिलाएं बिजली व्यवस्था में सुधार, बिजली की दर में कमी करने की माँग रखी ।महिलाओं के बीच से यह बात आयी कि महिलायें अब कौशल विकास के माध्यम से रोजगार के अवसर पाना चाहती हैं। सिलाई, बुनाई, खाद्य प्रसंस्करण, और डिजिटल साक्षरता जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण लेकर वे आत्मनिर्भर बनने को तैयार हैं। इस संदर्भ में आरती देवी ने कौशल विकास कर घर या घर के आस पास में ही रोजगार उपलब्ध कराने की बात पर बल दिया ।महिलाओं का कहना था कि वो कम पढ़ी लिखी है इसलिए उन्हें उसी अनुरूप रोजगार से जोड़ने कि पहल की जाए । बताते चले कि पूरे जिले में संवाद कार्यक्रम 18 अप्रैल से अलग अलग ग्राम संगठनों में आयोजित किया जा रहा है ।

# मई दिवस समारोह संपन्न, मई दिवस श्रमिकों का जागृति दिवस है :अली

**प्रातः किरण, संवाददाता**

छपरा कार्यालय। कल एक मई को ट्रेड युनियन तथा विभिन्न जनसंगठनों के संयुक्त तत्वाधान में बी एस एस आर युनियन के जिला कार्यालय (साधनापूरी) में मजदूर दिवस समारोह का आयोजन बी एस एस आर युनियन के जिला अध्यक्ष रमन कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ ।सबसे पहले माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य अहमद अली ने झंडोत्तोलन किया तत्पश्चात गगनभेदी नारों के बीच शहीद बेदी पर पुष्पांजली कर शिकागो के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी ।इस अवसर पर



अपने सम्बोधन में मजदूर दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अहमद अली ने कहा कि आठ घंटा काम की माँग को लेकर सबसे पहले अमेरिका के शिकागो शहर में 1886 में मजदूरों ने आम हड़ताल किया था ।उनके प्रदर्शन पर पुलिस ने गोलियाँ चलाई और पाँच मजदूर शहीद हुए ।कई मजदूर नेताओं को फाँसी भी दी गयी ।लेकिन आन्दोलन थमा नहीं और तत्कालीन अमरिकी सरकार को मजदूरों की माँगों के सामने झुकना पडा. तथा काम के घंटों को घटा कर आठ घंटा करने पर मजबूर होना पडा.।ज्ञातब्य हो कि पहले मजदूरों को 12-14 घंटा की ड्युटी करनी पड़ती थी ।अमरीकी मजदूरों की जीत पूरी दुनिया को प्रभावित किया और धीरे धीरे सारे संसार में सरकारों को काम के घंटे को आठ घंटा करना पडा.। तब से प्रत्येक वर्ष एक मई को दूनिया भर के मेहनतकश अपने हक अधिकार के संघर्ष को आगे बढाने का संकल्प लेते हैं। युनियन के पूर्व जिला सचिव एम के ओझा ने नया श्रम संहिता का विरोध करते हुए कहा कि इससे बेरोजगारी की समस्या और बिकट हो जायेगी तथा ठेकेदारी प्रथा के प्रोत्साहन के साथ साथ काम के घंटों को आठ घंटों से अधिक करने का प्रावधान है ।अतः हर हाल में हमें इसके विरोध में उतरना है ।20 मई को इन्ही सारी माँगों को लेकर अखिल भारतीय आम हड़ताल को सफल करना है। एस एफ आई के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि 1923 में भारत में सबसे पहले चेन्नई में मजदूर दिवस का आयोजन कर भारतीय मजदूरों ने विश्व मजदूर बिरादरी के साथ अपने आप को जोडा.।आज श्रम कानूनों में बदलाव ला कर श्रमिकों के अधिकारों पर जो हमले हो रहे हैं उसके विरुद्ध हमें अपनी चट्टानी एकता के साथ उतरना होगा। इस अवसर पर पहलगाम में पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या पर रोष ब्यक्त करते हुए एक मिनट मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मई दिवस समारोह में मुख्य रुप से युवा नेता दलन यादव, शिक्षक नेता कैलाश पंडित,ऐम्बुलेंस कर्मचारी युनियन के जिला सचिव मोबस्सीर हुसैन, ।सुभाष मित्रा, अजय कुमार, राकेश कुमार सिंह,संतोष कुमार , प्रवीन कुमार सिंह आदि ने मई दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किये।

# इसुआपुर में मोटरसाइकिल गैरेज से हजारों रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी , टीवीएस एजेंसी में भी चोरी का किया असफल प्रयास

**प्रातः किरण, संवाददाता**

इसुआपुर । इसुआपुर बाजार के दक्षिणी छोड़ स्थित रामविलास राय के मोटरसाइकिल गैरेज से बुधवार की रत अज्ञात चोरों ने 25 हजार रुपए मूल्य से अधिक की संपति चुरा ली है। वहीं बगल में स्थित गणेश टीवीएस एजेंसी में भी चोरी का असफल प्रयास किया गया। घटना से संबंधित दोनों प्रतिष्ठानों के संचालकों रामविलास राय तथा रितेश कुमार सिंह ने इसुआपुर थाना में लिखित आवेदन दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरों ने पहले मोटरसाइकिल गैराज को निशाना बनाया। जिसमें गैरेज के पीछे पश्चिम दिशा में लगे ग्रिल के गेट को तोड़ दिया। वहीं गैरेज के अंदर रखे 20 फीट लंबी सीढ़ी तथा हथोड़ा छेनी को निकाल कर पीछे पक्के मकान में सेंध फोड़ दिया। साथ ही गैरेज में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर तार को भी काट दिया । उसके बाद उसी गैरेज का सीढ़ी हथौड़ा तथा छेनी लेकर टीवीएस एजेंसी के दीवाल के पीछे पश्चिम की तरफ गए। वहां दीवाल में लगे एग्जस्ट फैन को तोड़कर निकाल दिया और सेंध बना दिया। हालांकि एजेंसी की कोई सामन चोरी नहीं हुई है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि लोगों के जग जाने या आने की आहट से चोर वहीं सीढ़ी, हथोड़ा, छेनी छोड़कर भाग गए। हालांकि घटनास्थल पर फेस मास्क भी मिला है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है।

# रिविलगंज में पीड़ित व्यवसायियों के साथ की बैठक,मुखिया ने समस्याएं सुनी

**प्रात : किरण, संवाददाता**

छपरा कार्यालय। सारण जिला वैश्य महासभा छपरा एवं सारण जिला व्यावसायिक संघ छपरा के अध्यक्ष वीरेंद्र साह मुखिया ने, रिविलगंज,सारण के सड़क के किनारे के दुकानदारों एवं मकान मालिकों के मकान, दुकान, छज्जा, बालकनी आदि को अतिक्रमण के नाम पर, बर्बरता पूर्वक प्रशासन द्वारा, बिना जमीन की मापी कराए अथवा उन्हें नोटिस दिए, प्रशासन द्वारा एकाएक तोड़ देने के खिलाफ घोर आपत्ति जताई है। रिविलगंज बाजार पहुंचकर वहां के पीड़ित, मर्माहत एवं आर्थिक क्षति के शिकार दुकानदारों की व्यथा व्यवसाईयों के नेता वीरेंद्र साह मुखिया ने सुनी। कुछ दुकानदारों का प्रशासन द्वारा निर्दयता पूर्वक पिटाई करने एवं लाठी दंडे से मारकर हाथ तोड़ देने तथा पीठ पर निर्ममता पूर्व मारकर जख्मी कर देने की सच्चाई भी रिविलगंज के व्यवसायियों ने वीरेंद्र साह मुखिया को दिखाई। इस नाइंसाफी के खिलाफ वीरेंद्र साह मुखिया के नेतृत्व में वहां के दुःखी व्यवसायियों की एक बैठक ठाकुरबाड़ी में हुई। जिसमें व्यथित व्यवसायियों द्वारा प्रशासन के विरुद्ध आवाज उठाई गई तथा यह निर्णय लिया गया की जिला पदाधिकारी, जिला आरक्षी अधीक्षक, उप महानिरीक्षक आदि पदाधिकारियों से न्याय की गुहार की जाएगी। हालांकि सारण आरक्षी अधीक्षक ने वीरेंद्र साह मुखिया एवं उनके प्रतिनिधि मंडल को इस पर त्वरित न्याय करने की बात कही है। फिर भी अगर स्थानीय स्तर पर रिविलगंज के पीड़ित एवं प्रशासन की दुर्भावना के शिकार व्यवसाईयों एवं नागरिकों के साथ न्याय नहीं होता है तो माननीय न्यायालय की शरण ली जाएगी।

इस बैठक में मुख्य रूप से रामनारायण साह, प्रदीप कुमार, शिवकुमार ब्याहुत, अरुण कुमार गुप्ता शिक्षक, ओम प्रकाश प्रसाद, धनंजय प्रसाद, संदीप कुमार, राजू कुमार, मुन्ना ततवा, विनय कुमार, मन्नु कुमार, कमलेश पंडित, मनीष कुमार गुप्ता, अरुण कुमार, आदित्य प्रसाद गुप्ता, विकास कुमार, बबलू प्रसाद, नीरज कुमार, अख्तर अली, प्रभात कुमार, राजन प्रसाद, विष्णु कुमार गुप्ता, शंकर जी, अखिलेश प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, राजू साह, भारत भूषण प्रसाद, आलोक कुमार, राजू कुमार गिरी, रंजीत कुमार सोनी, पिंटू कुमार आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# दो थाना कांड में थानाध्यक्ष का वेतन बंद करने और न्यायालय में संदेह उपस्थित होने का आदेश

**प्रात : किरण, संवाददाता**

छपरा कोर्ट।अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एकादश राकेश कुमार ।। ने मांझी थाना कांड संख्या 28 / 2023 के यू टी संख्या 37/25 में न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने एवं अवमानना मामले मे मांझी थानाध्यक्ष साकेत कुमार का तत्काल वेतन बंद करने एवं न्यायालय मे संदेह उपस्थित होने का आदेश दिया है। साथ ही धारा 384 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत भी करवाई करने का आदेश दिया है न्यायालय द्वारा आरोपी सूरज कुमार एवं विशाल कुमार के विरुद्ध 83 दंड प्रक्रिया संहिता के तमिला की रिपोर्ट की मांग की गई थी। परंतु नहीं भेजा गया। न्यायालय ने सदेह उपस्थित होकर कारण बतलाने का भी आदेश पुलिस अधीक्षक के माध्यम से भेजा था ।परंतु थानाध्यक्ष द्वारा ना ही रिपोर्ट भेजा गया और ना ही न्यायालय में उपस्थित हुए । दूसरे मामले मांझी थाना कांड संख्या संख्या 106/25 में भी थानाध्यक्ष साकेत कुमार को संदेह उपस्थित होने और उनके वेतन बंद करने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है। थाना कांड में जख्मी लोगों का जख्म प्रतिवेदन की मांग न्यायालय द्वारा की गई थी ।परंतु थानाध्यक्ष द्वारा कई तिथियां बीत जाने के बाद भी जख्म प्रतिवेदन न्यायालय में उपस्थित नहीं कराया। दोनों ही मामलों में पुलिस अधीक्षक के माध्यम से भी थानाध्यक्ष को सूचना भेजा गया था। परंतु कोई कागजात न्यायालय में दाखिल नहीं हुआ तब न्यायालय ने सख्त रूप अपनाते हुए यह आदेश दिया है और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत की धारा 384 के अंतर्गत करवाई करने का आदेश दिया है।

# प्रो. राजेश नायक को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा बनाया गया तकनीकी अधिकारी

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के खेल निदेशक प्रो राजेश नायक को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के लिए भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। इस आशय का पत्र भेज कर जेपीयू के कुलपति को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर अरुण मल्लिक ने निवेदन किया है कि श्री नायक को 8 से 15 मई तक इस खेल के लिए पटना आने दिया जाए। कुलपति के नाम दिए अपने पत्र में उन्होंने लिखा है हमें आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025 का आयोजन 8 मई से 15 मई 2025 तक पटना, बिहार में किया जाएगा। यह खेलो इंडिया यूथ गेम्स बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश भर के सर्वश्रेष्ठ युवा पुरुष और महिला मुक्केबाजों को उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक साथ लाता है। आपके विभाग के खेल निदेशक प्रो. राजेश नायक भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के योग्य अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी भी हैं। प्रो. राजेश को भारतीय मुक्केबाजी महासंघ द्वारा इस आयोजन के लिए तकनीकी अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया प्रोफेसर राजेश नायक को 8 मई से 15 मई 2025 तक उनके कर्तव्यों से मुक्त करें और उन्हें खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने में सक्षम बनाएं।श्री नायक के इस उपलब्धि पर जीपीयू के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई, कुल सचिव प्रो नारायण दास,सभी पदाधिकारी, सभी शिक्षक और शिक्षाकोत्तर कर्मचारी तथाभारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने शुभकामनाएं दी है।

# बनियापुर मे शिक्षक की मौत पर विद्यालयों में शोक,परिजनों में मातम

बनियापुर ।प्रखंड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय नरायण टोला कन्हौली मनोहर के शिक्षक का स्नान के क्रम मे गिर जाने के बाद ब्रेन हेमरेज हों जाने के बाद पटना मे इलाज के क्रम मे मौत हों गयी है,जिसकी सूचना से विद्यालय सहित छात्र छात्राओं ,शिक्षकों शोक सहित परिजनों मे मातम छा गया है। उक्त के संबंध मे बताया गया है कि सहाजीतपुर गाव निवासी सर्वजीत चोधरी के पुत्र मनोज कुमार चौधरी 50 वर्षीय नव सृजित. प्राथमिक विद्यालय नरायण टोला कन्हौली मनोहर के विशिष्ट शिक्षक जो मार्निग स्कूल पकड़ने के लिए सुबह दरवाजे पर स्थित शौचालय के चप्पकल पर स्नान के लिए गए वही गिर गए,जहा कुछ मिनट बाद पत्नी ने देखा कि गिर पड़े हुए है जहा एकत्रित परिवार ने उन्हे इलाज के लिए पटना ले जाया गया,इलाज के क्रम मे शिक्षक ने दम तोड़ दिया,जिसके बाद घर मे कोहराम मच गया,उक्त शिक्षक अपने पिछे तीन बेटा और तीन बेटी छोड़ गए है जो अभी शिक्षारत है ।बड़ा पुत्र प्रभात और पत्नी सावित्री देवी के चित्कार से लोगो का कलेजा फट जा रहा है,परिवार का अकेला कमाऊ व्यक्ति थे ।परिवार निराश्रय हों गया है, जहा घटना पर छात्र छात्राओं शिक्षकों मे इस शिक्षा और अपने कार्य के समर्पित शिक्षक के लिए शोक मे डूब गए है,जहा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम नाथ बैठा डीडीओ मो जलालुद्दीन आसमोहम्मद नसीम अहमद शिक्षक परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह शिक्षक नेता विनोद राय इंद्रजीत महतो संजय यादव कौशर अली विजय साह प्रदीप कुमार छठीलाल चौधरी गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है,कहा है कि इस संकट की घड़ी मे संघ शोक संतप्त परिवार के साथ है।

# पहली बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार कराएगी जातीय जनगणना यहअभूतपूर्व निर्णय : चंद्रवंशी

**जातीय जनगणना के साथ सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक गणना भी कराएगी सरकार : असितनाथ तिवारी**

**प्रातः किरण, संवाददाता**

छपरा कार्यालय। एनडीए गठबंधन के सभी घटक दलों की प्रेस वार्ता छपरा परिसदन में भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी ने कहा कि देश में पहली बार नरेंद्र मोदी जी की नेतृत्व वाली एनडीए की सरकार ने देश में जनगणना के साथ जातीय जनगणना कराने का अभूतपूर्व निर्णय किया है इस जातीय जनगणना से देश की आर्थिक शिक्षा निक सामाजिक स्थितियों का वस्तु स्थिति पता चलेगा एवं सरकार जो जो सबका साथ सबका विकास पर विश्वास रखती है सबके लिए काम करने में आसानी एवं सुविधा होगी एवं देश के विकास को एक ऐतिहासिक गति मिलेगी ।




भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता असित नाथ तिवारी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने स्थापना काल से जातीय जनगणना का विरोध करती आई है सर्वप्रथम भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू ने जातीय जनगणना का विरोध किया पूरी कांग्रेस पार्टी शुरू से ही जातीय जनगणना का विरोधी रही संसद में इसके प्रमाण मजबूत है कि शुरू से लेकर आज तक कांग्रेस जातीय जनगणना का विरोध करती आई और सिर्फ अपने स्वार्थ सिद्धि एवं चुनावी हितों के लिए जनता को जातीय जनगणना पर गुमराह करने का काम करती है जबकि यह सच्चाई है कि कांग्रेस कभी भी नहीं चाहतीं थीं जातिऐ जनगणना , आज देश में पहली बार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ने अभूतपूर्व निर्णय लेकर जातीय जनगणना करने का फैसला किया इस जनगणना से गरीब पिछड़े अति पिछड़े दलित महादलित आदिवासी सभी जातियों को विकास का अवसर मिलेगा और एक सही आंकड़ा जो आर्थिक सामाजिक एवं शैक्षणिक स्तर पर सरकार के पास उपलब्ध होगा जिससे सरकार को विकास की गाड़ी और तेजी से बढ़ाने में सहयोग प्रदान होगा यह निर्णय ऐतिहासिक के साथ-साथ एक अभूतपूर्व निर्णय है जो भारत के भविष्य को बदलने वाली है।

प्रेस वार्ता में जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, भाजपा पश्चिमी जिला अध्यक्ष बृजमोहन सिंह, लोजपा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार, हम के जिला अध्यक्ष उज्वल श्रीवास्तव ,आर एल एम जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ,जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष मुरारी सिंह ,भाजपा महामंत्री विवेक कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार साह ,जदयू महासचिव इं प्रभाष शंकर ,चंद्र भूषण पंडित, मोहम्मद फिरोज ,रमाशंकर शांडिल्य, बलवंत सिंह, सुशील कुमार सिंह ,शुभम वर्मा आदि उपस्थित थे।

# नाटक शिव -धनुष की दमदार प्रस्तुति ने शहर की रंगमंचीय शून्यता को तोड़ा

## 15 दिवसीय कार्यशाला में मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में तैयार हुआ नाटक – शिव धनुष

प्रातः किरण संवाददाता

आरा । मजदूर दिवस के अवसर पर सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित नाट्योत्साव में सर्किल थिएटर इन एजुकेशन फोरम के बैनर तले स्थानीय नागरी प्रचारिणी सभागार में हास्य -व्यंग नाटक शिव - धनुष की शानदार प्रस्तुति हुई. राजा बसंत व धनंजय सिंह द्वारा लिखित इस नाटक की परिकल्पना व निर्देशन देश के प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक मनोज कुमार सिंह ने किया। विदित हो कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चले 15 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में इस नाटक को तैयार किया गया. पिछले दिनों दिवंगत हुए आरा के रंगमंच की दो विभूतियां कवि साहित्यकार पवन श्रीवास्तव व रंगकर्मी पत्रकार रजनीश त्रिपाठी को इस नाटक से श्रद्धांजलि समर्पित की गई.

उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ समाजसेवी श्री गुड्डु सिंह बबुआन, समाज सेवी सचिन सिन्हा, फिल्म निमार्ता व अभिनेता श्री हर्ष जैन, लोक संगीत गुरू नागेंद्र नाथ पाण्डेय, समाज सेवी अंजनी तिवारी, सामाजिक चिंतक सुशील कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया. सुशील कुमार जी ने पवन श्रीवास्तव व हर्ष जैन ने रजनीश त्रिपाठी की स्मृतियों को याद किया। अपने सम्बोधन में गुड्डु सिंह ने कलाकारों द्वारा मंचित पिछले नाटक ह्लगंगा -स्नान ह्व की चर्चा करते हुए कहा कि आज गंगा - स्नान की चर्चा पुरे देश में है। शहर में सांस्कृतिक गतिविधियां बनी रहे इसके लिए मैं भरपूर सहयोग करूंगा। मंच संचालन जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी अभय विश्वास भट्ट ने किया।



नाटक का सार कुछ इस प्रकार रहा. शिव -धनुष का नाम सुनते ही हमें रामायण की वो कथा स्मरण होने लगती है. नाटक की शुरूआत भी इसी कथा से होती है जिसे पार्क में एक दीदी बच्चों की शिव धनुष टूटने जी कहानी बताते बताते यह भूल जाती है कि शिव धनुष को किसने तोड़ा. ये बात वहाँ से गुजर रहे एक स्कूल के प्रधानाध्यापक सुनते है और अपने विद्यालय में बच्चों से ये सवाल करते है. इस सवाल को लेकर एक छात्र की पिटाई हो जाती है और उसके पिता पुलिस तक पहुंच जाते है. यह मामला तिल का ताड़ और राई का पहाड़ बन जाता है। यह मामला संसद तक पहुंच जाता है.

हास्य - व्यंग से भरपूर यह नाटक दर्शकों से सीधा संवाद स्थापित करता है कि पाश्चात्य संस्कृति की चकाचौंध में हम इतने दिग्भ्रमित हो गए है कि हम अपनी भारतीय संस्कृति को भूलते जा रहे है. बेहतरीन संगीत और प्रकाश व्यवस्था, निर्देशकीय सोच, आधुनिक रंगमंचीय कंपोजिशन से सुसज्जित इस नाटक ने दर्शकों को खूब हँसाया और यह सन्देश दे गया कि आधुनिकता के साथ साथ हमें अपनी संस्कृति को सहेजने और सुरक्षित रखने की भी आवश्यकता है. नाटक के पात्रों में नव अभिनेत्री मधु प्रिया ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया. कोरस में निशिकांत सोनी, श्याम बाबू कुमार, लड्डू भोपाली, दीपू कुमार, नितेश पाण्डेय, अमित राज, सिद्रा कुमार, राजा कुमार ने अपने विभिन्न दृश्यों के विभिन्न चरित्रों में दर्शकों को खूब हँसाया और तालियां बटोरी. दीदी और शिव तांडव नृत्य के मुख्य चरित्र में कथक नृत्यँगना मीनाक्षी पाण्डेय ने अपने नृत्य से दर्शकों पर अमिट प्रभाव छोड़ इस चरित्र को यादगार बनाया. बाल रंगकर्मी दिव्या व सृष्टि ने अपना प्रभाव छोड़ा. अभिभावक की भूमिका में डॉ अनिल सिंह ने दमदार अभिनय से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिक्षा अधिकारी की भूमिका में मनोज कु सिंह व नाटक में मुख्य भूमिका निभा रहे प्रसिद्ध अभिनेता डॉ पंकज भट्ट ने अपने अभिनय से समा बांध दिया। प्रकाश निर्देशन एन एस डी वाराणसी पास आउट निखिल का रहा.

# पीएम मोदी के जातीय जनगणना के फैसले का लोजपा (रा) के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया

प्रातः किरण संवाददाता

श्री कृष्ण चेतना समिति सभागार में लोकजनशक्ति पार्टी(रामविलास)के जिलाध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार के प्रधानमंत्री द्वारा जातीय जनगणना कराने की घोषणा पर उनके प्रति लोजपा आभार व्यक्त करता है।1931के जातीय जनगणना के बाद 2011में मनमोहन सिंह की सरकार ने जातीय जनगणना कराई थी लेकिन सरकार के जातीय जनगणना के प्रति नियत साफ नही थी इसलिये जातीय जनगणना के जातीय सर्वे को तत्कालीन सरकार ने सार्वजनिक नही किया, इस बीच दिवंगत नेता रामविलास पासवान जी ने समय समय पर जातीय जनगणना कराने की मांग करते रहे और माननीय केंद्रीय मंत्री सह लोजपा(रामविलास)के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी ने भी जातीय जनगणना कराने की मांग करते आये हैं।माननीय चिराग पासवान ने बिहार सरकार में नही रहते हुए भी नीतीश जी के सरकार को जातीय गणना कराने के निर्णय को समर्थन किया था ।आज जो जातीय जनगणना करने का निर्णय केंद्र सरकार जो कि है हमारे नेता चिराग पासवान और देश की जनता की मांग का ही परिणाम है। श्री राजेश्वर पासवान ने आगे प्रेस वार्ता में बताया कि विपक्ष पार्टियां सिर्फ ढिंढोरा पीटती है और एनडीए सरकार कर के दिखाती है। केंद्र में कई दशक से यूपीए की शासन रहने के बाद में कोई ठोस निर्णय नहीं लिए लेकिन हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जातीय जनगणना कराने की घोषणा किया है वह बधाई के पात्र है,भारत के सभी न्याय पसंद लोग उन्हें धन्यवाद देते है। राष्ट्र हित में निर्णय लेने की किसी को क्षमता है तो वह श्री नरेंद्र मोदी जी को ही है। जातीय जनगणना से जितनी जिनकी संख्या उतनी हिस्से दारी के साथ साथ देश के हर वर्ग का सर्वांगीण विकास होगा। लोजपा रामविलास पुनः देश हित में ऐतिहासिक कार्य करने का निर्णय लेने पर प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी , बिहार के मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी, लोजपा रामविलास सुप्रीमो युवाओं के धड़कन चिराग पासवान जी को,श्री जीतराम माझी जी,श्री उपेंद्र कुशवाहा जी एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व को आभार प्रकट करती है एवं धन्यवाद देती है।

प्रेस वार्ता में शामिल जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान के साथ सुरेंद्र आजाद प्रदेश सचिव, यादव रामसकल सिंह भोजपुरिया,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,प्रो विजय सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,संतोष पासवान प्रदेश महासचिव अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ,मनोज पासवान जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ,विकास सिंह जिला अध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ, प्रमोद कुमार पासवान जिला अध्यक्ष लेबर सेल, वीरमणि सिंह आदि थे।

# केन्द्र सरकार द्वारा देश भर में जातीय जनगणना कराने के फैसले पर युवा जदयू, भोजपुर का उत्सव मार्च

प्रातः किरण संवाददाता

युवा जदयू कार्यकताओं ने एक दूसरे को अबीर लगाकर एवं मिठाई खिलाकर एवं सभी कार्यकताओं ने पटाखे फोड़ कर उत्सव मनाया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं युवा जदयू जिला अध्यक्ष मोनू यादव ने कहा की देश में जातीय जनगणना का निर्णय भारत की राजनीति में सामाजिक न्याय की एक बड़ी जीत के तौर पर दर्ज किया जाएगा। जिस जातीय जनगणना की शुरूआत माननीय मुख्यमंत्री बिहार सरकार बिहार के विकास पुरुष श्री नीतीश कुमार ने बिहार में की थी, वह अब पूरे देश की नीतियों का मार्गदर्शक बनने जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना को राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार करना इस बात का प्रमाण है कि जब राजनीति जनभावनाओं से जुड़ती है, तब बदलाव अवश्य आता है।वही मौके पर उपस्थित जदयू के जिला अध्यक्ष संजय सिंह जी ने कहा की यह केवल एक गणना नहीं, बल्कि देश के करोड़ों वंचित और पिछड़े वर्गों के आस्तित्व की पहचान और अधिकारों को मान्यता देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जदयू के प्रदेश सचिव सह ब्रह्मपुर विधानसभा प्रभारी श्री प्रिंस सिंह बजरंगी जी ने कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय की नींव को और मजबूत करेगा और योजनाओं को ज्यादा प्रभावी, सटीक और समावेशी बनाएगा। वही युवा जिला उपाध्यक्ष अमित कुशवाहा जी कहा कि इस दूरदर्शिता और साहसिक फैसले के लिए दिल से बधाई।माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी की पहल आज देश की नीतियों की दिशा बदल रही है।

वही युवा जदयू का प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बाबू अभिनाश सिंह कुशवाहा ने कहा कि।अब वक्त है झ्र आंकड़ों के आधार पर नीतियाँ बने, प्रतिनिधित्व का हक मिले, और हर वर्ग की आवाज लोकतंत्र में सुनी जाए।वही कार्यक्रम में उपस्थित युवा जनता दल यूनाइटेड भोजपुर के प्रखंड अध्यक्ष विनय यादव, संजय सिंह, गिद्दिक कुशवाहा, रमेश कुशवाहा,अमरजीत यादव,राजू यादव, रिकेश कुमार, रविन्द्र कुमार,सुशील कुमार , शिवशंकर कुमार, आजाद कुमार, मुरलीमनोहर शर्मा, रविन्द्र कुमार यादव, अमित कुशवाहा आदि थे।

# आदि गुरु शंकराचार्य की जंयती पर जूटे गोस्वामी समाज के लोग, एकजूटता का किया आहवान

## समाजिक उत्थान के लिए भरी हूंकार, मांगी अपनी राजनीतिक हिस्सेदारी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना । सनातन धर्म को पुनः स्थापित करने और देश के चारों कोणों में मठों का निर्माण करने वाले महान व्यक्तित्व के धनी रहे जगद्गुरु शंकराचार्य जी का जयंती गोस्वामी समाज ने बिहार विधान परिषद् के सभागार में शुक्रवार को मनाया। अखिल भारतीय गोस्वामी समाज के बैनर तले आयोजित जयंती समारोह में विभिन्न जिलों से गोस्वामी समाज के सैकड़ों लोगों का जुटान हुआ। जयंती समारोह का उद्घाटन विधानसभा के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार सरकार के मंत्री महेश्वर हाजारी, एमएलसी संजय गांधी, महामंडलेश्वर रवि शंकर गिरि, राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोरंजन गिरि, प्रदेश अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी, ज्योतिषाचार्य श्रीपति त्रिपाठी सहित अन्य ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य की विद्वता अतुलनीय थी। उनकी चर्चा देश सहित विदेशों में भी होती है। गोस्वामी समाज द्वारा आदि गुरु जयंती समारोह के आयोजन को सराहा। कहा कि इस समाज को भी उचित सम्मान और जगह मिले इस का वे प्रयास करेगे। मंत्री महेश्वर हाजारी ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए एकता महत्वपूर्ण है। आदि गुरु की जयंती पर अपने श्रद्धा पुष्प अर्पित करते हुए कहा गोस्वामी समाज को आगे आने का पूरा हक है।



अपने कूल देवता की जयंती पर जूटे गोस्वामी समाज के लोगों ने मंच से सामाजिक एकजूटता पर बल दिया और इस अवसर पर संगठन का विस्तार किया । अखिल भारतीय गोस्वामी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोरंजन गिरि ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य ने भारतीय धर्म, दर्शन और संस्कृति को एक नई दिशा दी, उनके दर्शन और मठों ने हिंदू धर्म को पुनर्जीवित करने और उसे संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस दौरान उन्होने समाज के लोगों से संगठित होकर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रदेश अध्यक्ष उद्धव गोस्वामी ने अपनी श्रद्धा पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि गोस्वामी समाज को अपने कुलदेवता से प्रेरणा लेने की जरूरत है। जगद्गुरु शंकराचार्य एक महान हिंदू दार्शनिक, धर्मगुरू और संन्यासी थे। उन्होंने समाज को संगठित होने और देश, समाज और सनातन को आगे ले जाने की दिशा में काम करने का अहवान किया। कार्यक्रम का संचालन राकेश भारती ने किया। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन, प्रो. शिवजी गोस्वामी, विरेन्द्र भारती, रंजीत गिरि, डा. दिवाकर गिरि, मन्नू गिरि, जवाहर गिरि, मुकेश गोस्वामी, शैलेश पर्वत, डा.दीपक पर्वत, मिथलेश गिरि, संजीत गिरि, बिपिन गिरि, उमेश गिरि, मोहन लाल गिरि सहित विभिन्न जिले से गोस्वामी समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# गोदाम में लगी आग,लाखों का सामान जलकर खाक,एक व्यक्ति झुलसा, जीएमसीएच रेफर

प्रातः किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित गोलचौक परिसर निवासी पॉपुलर जेनरल स्टोर संचालक संजीव कुमार सिंह के घर के पीछे गोदाम में बुधवार की करीब एक बजे मध्यरात्रि को आग लग गई।आग की लपटों को शौच के लिए निकले ग्रामीण को यह नजारा दिखा और तुरंत 112 को सूचना दी ।

सूचना के ठीक तुरंत बाद 112 कि टीम घटनास्थल पर पहुंच गई आग की विक्राल रूप देखकर थाना पुलिस अग्निशमन के साथ पहुंचे लेकिन आग बुझाने में न काफी होता देख वन विभाग से मदद मांगी गई।सूचना पर वन विभाग की पानी टैंकर व वनकर्मियों की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में लग गई। गृह मालिक संजीव कुमार ने गोदाम के गेट को जैसे खोला अंदर की भभकते आग की चपेट में आ गए और बुरी तरह से झुलस गए।यह आग सुबह 5 बजे तक सुलगती रही।पड़ोसी सन्तोष कुमार बताया कि गोदाम में रखे ईरिक्सा,बाइक,पलंग,अनाज,साइकिल मवेशी का चारा समेत लाखों के सामान जलकर राख हो गए।बताया जा रहा है कि आग लगने की यह तीसरी घटना है इससे पहले भी दो बार पूर्व में आगलगी की घटना हो चुकी है।बतादें की गोदाम के चारो तरफ घनी बस्ती है।मौके पहुंचे वनकर्मी,पुलिस प्रशासन के जांबाजों ने आग पर काबू समय रहते पा लिया और आग को फैलने से रोक लिया।

सुबह गश्ती पर निकले एसएसबी के जवानों ने भी घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया। मौके पर पहुंचे एसआई राजेश कुमार ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है, जांच चल रही है।

# रूप-रंगसे ज्यादा लड़कियों के गुण,शैक्षणिक योग्यता, व्यक्तित्व और कृतित्व का मूल्यांकन होता है : रवींद्र रतन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। शहर के नामी ग्रामी वैद्य स्मृति शेष रामदास चौधरी जी की परपौत्री , वैद्य श्रीनारायण चौधरी की पौत्री तथा श्री मती रश्मि चौधरी एवं श्री संजय नारायण चौधरी की बड़ी लड़की आयुष्मान शिवांगी की शादी सीतामढ़ी की श्रीमती सरिता देवी एवं श्री उमेश प्रसाद के लडके रुपेश प्रसाद संग हुई।शिवांगी दिल्ली के निकट के किसीमहाविद्यालय में व्याख्याता के पद पर कार्यरत है,अभी उसने पी एच डीपूर्ण करने जा रही है। रूपेश जी के पिता जी आए ,लडकी देखी,उसके गुण,शैक्षणिक योग्यता ,व्यक्तित्व और कृतित्व का मूल्यांकन किया और वगैर दहेज की कोई मांग किए ।ही शादी करने को



तैयार होकर समाज के सामने एक आदर्श उप- स्थित किए। दोनो पक्छो ने मिलकर बुबना धर्म शाला में शादी और प्रीति भोज का आयोजन किया । जिसमें शहर के नामी गिरामी ईष्ट-मित्र ,सगे- संवन्धी सभी शामिल हुए। बड़ा भाई श्री अजय नारायण चौधरी दिल्ली में इलाज रत होते हुए वहीं से मोनिटरिंग कर आशीर्वाद देते रहे, यहाँ विजय नारायण चौधरी ,विश्वास चौधरी , संतोष चौधरी,सत्य प्रकाश चौधरी,सतीश चौधरी ,अभिषेक चौ0 गौरव ,सौरव ,शिवम ,केशू ,वैभव , सलोनी ,श्रीया ,सहित परिवार के सारे सदस्य, इष्ट-मित्र, सगे सम्बन्धी स्वागत में खड़े रहे।शहर के हिन्दी-बज्जिका के कवि, साहित्यकार रवीन्द्र कुमार रतन, आयकर अधिकारी कामेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बैंक अधिकारी अमर नाथ सिंह,रेल अधिकारी देव नाथ चौधरी,वार्ड पार्षद अमित कुमार, पंकज कुमार, सुरेश चन्द्र वर्मा ,भूषण,सुरेश किशोर आदि की उपस्थिति एवं सक्रियता से शादी निर्विघ्न सम्पन्न हुई। अपने शुभकामना-संदेश में रवीन्द्र-रतन ने

बेटियों को घृणा से देखने बालो से प्रश्नात्मक लहजे में पूछा वेटी को नही जन्म दोगे तो बहु कहाँ से लाओगे ?अभी यू पी एस सी आदि में लडकियां ही अच्छा कर रही है।

अन्त में संजय नारायण जी ने आगे अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए आने और शामिल हो कर समारोह को सफल बनाने के लिए आभार प्रकट किया।

# स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए मां गीता इस्टीट्यूट हेल्थ सांइस ने जारी की तिथि

बिक्रमगंज (रोहतास)। थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज नगर परिषद स्थित मां गीता इस्टीट्यूट के विभिन्न कोर्सो के अंतर्गत सत्र 2025-2026 में नामांकन स्कॉलरशिप के लिए प्रवेश परिक्षा की तिथि घोषित कर दी गई है। इस संबंध में कॉलेज के सचिव मुस्कान सिंह ने बताया कि उनके संस्थान में प्रत्येक वर्ष नामांकन को लेकर छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित होती है। जिस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य है कि आर्थिक तंगी के आभाव में गरीब एवं मेधावी छात्राओं के विभिन्न कोर्सों की पढ़ाई अधूरी न रह सके। जो आयोजित होने वाली 10 मई को स्कॉलरशिप परीक्षा में शामिल होकर में मिलने वाले सुविधाओं का लाभ ले सके। उन्होने कहा कि आयोजित परीक्षा तहत मेडिकल क्षेत्र के नर्सिग और फामेर्सी के विभिन्न कोर्सों, जीएनएम, पोस्ट बीएसी नर्सिंग, डी फार्मा, बी फार्मा मे नांमकन के लिए 4 मई को स्कॉलरशिप परिक्षा आयोजिता की जाएगी। साथ ही एक महीने के लिए संस्थान के प्राप्न में निशुल्क हेल्थ चेकअप की परिक्षा दी जाएगी। जो कि 10 मई से प्रारंभ होगा। इसके लिए परिक्षार्थी ऑन लाईन, ऑफलाइन एवं कॉलेज के वेबसाईट पर अपलाई कर सकते है। इस परिक्षा में बेहतर प्रर्दशन करने ताले विद्याथीयों को प्रथम वर्ष के व्युसन फी में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

# धनबाद-चंडीगढ़ स्पेशल ट्रेन का लखनऊ मंडल में परिचालन परिवर्तित मार्ग से

हाजीपुर। धनबाद और चंडीगढ़ के मध्य चलायी जा रही 03311/03312 धनबाद-चंडीगढ़-धनबाद स्पेशल का परिचालन लखनऊ मंडल में परिवर्तित मार्ग से किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है।

1.गाड़ी सं. 03311 धनबाद-चंडीगढ़ स्पेशल - दिनांक 02.05.2025 से धनबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. गाड़ी सं. 03311 धनबाद-चंडीगढ़ स्पेशल परिवर्तित मार्ग डीडीयू-वाराणसी-माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ जं.-लखनऊ-आलमनग के रास्ते की जाएगी ।

2.गाड़ी सं. 03312 चंडीगढ-धनबाद.स्पेशल - दिनांक 04.05.2025 से चंडीगढ़ से खुलने वाली गाड़ी सं. गाड़ी सं. 03312 चंडीगढ़-धनबाद स्पेशल परिवर्तित मार्ग आलमनग-लखनऊ-माँ बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ जं.-वाराणसी-डीडीयू के रास्ते की जाएगी ।

# आईसीआईसीआई बैंक ने मुजफ्फरपुर में एक और शाखा का किया उद्घाटन

मुजफ्फरपुर। आईसीआईसीआई बैंक ने मुजफ्फरपुर के ब्रह्मपुरा स्थित लक्ष्मी चौक में एक नई शाखा (बिजनेस सेंटर) स्थापित की है। इस शाखा का उद्घाटन डॉ. मिथिलेश कुमार झा, प्राचार्य, मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरपुर ने किया। यह शाखा बचत और चालू खाता, सावधि और आवर्ती जमा, और होम लोन, पर्सनल लोन, ऑटो लोन, गोल्ड लोन, बिजनेस लोन और एजुकेशन लोन जैसी विभिन्न ऋण सेवाएं प्रदान करती है। इसके साथ ही रेमिटेंस और कार्ड सेवाएं भी उपलब्ध हैं। शाखा परिसर में लॉकर सुविधा भी मौजूद है। शाखा का संचालन सोमवार से शुक्रवार और महीने के पहले, तीसरे और पाँचवें शनिवार को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक होता है।

इस शाखा में टैब बैंकिंग सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके तहत बैंक का कर्मचारी टैबलेट डिवाइस के माध्यम से ग्राहक के स्थान पर ही खाता खोलने, सावधि जमा शुरू करने, चेक बुक के लिए अनुरोध करने, ई-स्टेटमेंट जनरेट करने, पता बदलने सहित लगभग 100 सेवाएं प्रदान करता है।

# राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी में अर्चना चौधरी की कला कृति का हुआ चयन

पटना। कला संस्कृति एवम युवा विभाग , बिहार के अन्तर्गत ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी में दरभंगा के पिंडारूच गांव की बहू अर्चना चौधरी की कला कृति का चयन हुआ है। 18 अप्रैल से 8 मई तक की इस प्रदर्शनी का उदघाटन मोतीलाल प्रसाद, माननीय मंत्री कला संस्कृति एवम युवा विभाग तथा इसी विभाग के सचिव प्रणव कुमार द्वारा 18 अप्रैल को किया गया था। इस प्रदर्शनी में लोककला, चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, रेखांकन तथा छापकला के कुल 118 कलाकृतियों का चयन हुआ है, जिसमें अर्चना चौधरी की मिथिला चित्रकला का भी चयन हुआ है। प्रख्यात साहित्यकार महेंद्र मलंगिया की पुत्री अर्चना चौधरी लगभग 10 वर्षों से चित्रकला क्षेत्र में सक्रिय है। इनके चित्रों की प्रदर्शनी एग्जीबिशन सहित कई प्रदर्शनियों में भी हुई है।

# स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया



बड़हरा। बड़हरा पंचायत में रणविजय सिंह राजापुर वाले की देखरेख में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया, और जनसेवा की भावना से प्रेरित होकर उमड़ा जन सैलाब यह दशार्ता है कि जनता श्री सिंह जी के नेतृत्व में अपार विश्वास रखती है। नेत्र जांच शिविर के तहत आँखों की जाँच की गई और जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श भी दिया गया।इस अवसर पर रणविजय सिंह ने कहा, जनता की सेवा ही मेरा धर्म है, और स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाना मेरी पहली जिम्मेदारी है।

# सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

आरा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पुलिस कर्मियों के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राज ने सेवानिवृत्त पुनि ओम प्रकाश, पुअनि रामजी यादव, प्राअनि (प्रशि.) आर्मोरर रामनाथ राम, प्राअनि (प्रशि.) जयप्रकाश नारायण तिवारी, हवलदार कौशल कुमार सिंह और हलवलदार लालबहादुर प्रसाद की सेवानिवृत्ति पर फूल-माला वह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि सभी सेवानिवृत पुलिस पदाधिकारी ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी पूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस परिवार उनकी अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सेवा भावना के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। इस मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहें।

# टेंपू और बोलेरो की टक्कर , बुजुर्ग की मौत,तीन जख्मी ,बोलेरो चालक फरार

बगहा।रामनगर नरकटियागंज मुख्य मार्ग स्थित दीउलिया मोड़ के समीप टेंपू और बेलोरो में टक्कर हो गई जिसमें एक बुजुर्ग की मौत और तीन लोग घायल हो गए हैं।सूचना के बाद मौके पर पहुंची 112 की पुलिस ने घायलों को रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया,जहां डॉक्टर मिथिलेश कुमार ने बुजुर्ग को मृत्य घोषित कर दिया है और घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

# जातीय जनगणना समाज के हर तबके के हित में है : सुनील कुमार

प्रात: किरण संवाददाता

गयाः केंद्र सरकार द्वारा देशव्यापी जातीय जनगणना की घोषणा के बाद एनडीए के घटक दलों के नेताओं की गया कि जदयू कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत है। यह तो होना ही चाहिए था। बिहार में तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो वर्ष पहले ही इसको करा लिया था। वहीं जदयू जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद दांगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से समाज के पिछड़े और हाशिए पर रहने वाले लोगों कि संख्या के अनुरूप उन्हें हिस्सेदारी मिल सकती है। जबकि जिला जदयू के प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार ने इस जातिगत जनगणना कराकर समाज को नई दिशा दी।उन्होंने इसे सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया है।

इस मौके पर सुनील कुमार सिंह,प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ जदयू,जदयू जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद दांगी,भाजपा जिला अध्यक्ष विजय मांझी, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय लोक मोर्चा जितेन्द्र पासवान, जिला अध्यक्ष हम नारायण मांझी, जिला अध्यक्ष लोजपा दिलीप सिंह, जदयू मुख्य प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा जिला महासचिव जदयू डॉक्ङ शंकर कुमार चौधरी, जदयू नेता कैलाश पासवान, बबन चंद्रवंशी, कमलेश कुमार दिवाकर, प्रकाश राम पटवा, रणजीत सिंह, अतुल प्रियदर्शी, सुरेश मांझी, रंजीत चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# केन्द्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना के निर्णय को विपक्ष द्वारा श्रेय लेने का पाखंडी राजनीति है: निहोरा यादव

■ केन्द्र सरकार द्वारा मूल जनगणना मे जातीय गणना कराने के निर्णय पर एनडीए का संयुक्त प्रेस वार्ता

प्रात : किरण संवाददाता

आराः शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के घटक दलो के प्रदेश प्रवक्ताओं द्वारा केन्द्र सरकार के आगामी जनगणना मे जातीय जनगणना कराने के निर्णय पर आरा परिसदन में प्रेस वार्ता की गई ।जदयू के प्रदेश प्रवक्ता निहोरा यादव ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार द्वारा आगामी जनगणना मे जातीय जनगणना कराने का निर्णय से पूरा देश खुश है,लेकिन देश मे विपक्षियों द्वारा पाखंडी राजनीति करते हुए श्रेय लेने का होड़ लगा है ।बिहार में जातीय सर्वे कराने का निर्णय भी नीतीश कुमार के नेतृत्व मे एनडीए सरकार की ही थी। 2019-20 विधानमंडल ने जातीय सर्वे कराने का प्रस्ताव पारित किया था तो उस समय भी बिहार मे एनडीए की ही सरकार थी ।उस समय तेजस्वी सरकार मे नही थे ।जब एनडीए सरकार प्रस्ताव पारित कर सकता है तो तेजस्वी यादव पाखंडी श्रेय कैसे ले सकते है ।2021 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से सभी पार्टियों के नेता ने मिलकर सर्वे कराने का अनुरोध किया था। उसके बाद प्रधानमंत्री के निर्देश से बिहार की एनडीए सरकार की मंत्रीपरिषद ने जुन 2022 मे निर्णय लिया कि राज्य में जातीय सर्वे कराएँगे ।जबकि तेजस्वी यादव अगस्त 2022 में सरकार में आए तो श्रेय कैसे ले सकते है ? बिहार मे सर्वे भी हुआ और सार्वजनिक भी किया गया ।जबकि कॉंग्रेस, आरजेडी या किसी भी इंडी गठबंधन की सरकार ने जातिगत जनगणना नही कराया ।कॉंग्रेस की कर्नाटक सरकार ने जातिगत सर्वे कराया, लेकिन आजतक इसे सार्वजनिक नही किया ।राहुल गाँधी झुठ-मुठ के श्रेय लेने के लिए चिल्ला रहे है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्णा ने प्रेस वार्ता करते हुए स्पष्ट कहा कि केन्द्र की एनडीए सरकार ने निर्णय ली है कि आगे की जनगणना में जातिगत जनगणना भी सखथ-सखथ होगा ।इससे समाज और देश का सर्वांगीण विकास होगा ।भारतीय जनता पार्टी केवल विकास की राजनीति करती है और केन्द्र की एनडीए सरकार सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास से कार्य करती है ।उन्होने कहा कि जनगणना का विषय संविधान के अनुच्छेद 246 की केन्द्रीय सूची की क्रम संख्या 69 पर अंकित है और यह केन्द्र का विषय है ।हालांकि कई राज्यो ने सर्वे के माध्यम से जातियों की जनगणना की है ।जहाँ कुछ राज्यो ने राजनैतिक दृष्टि से और गैरपारदर्शी ढंग से सर्वे किया,लेकिन बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने सूचारू रूप से किया और उसे सार्वजनिक भी किया। जातीय जनगणना 1931 तक देश मे हुआ है ।लेकिन कांग्रेस की सरकारो ने जाति जनगणना का हमेशा विरोध किया है ।आजादी के बाद की गई सभी जनगणनाओं में जातियो की गणना नही की गई है ।वर्ष 1951 से 2011 तक की जनगणना में हर बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का डेटा दिया गया,लेकिन ओबीसी और दूसरी जातियो का नही। आजादी के बाद पहली बार है कि प्रापर सही तरीके से जनगणना के साथ जाति जनगणना करायी जा रही है ।रालोमो के प्रदेश उपाध्यक्ष जागा कुशवाहा ने केन्द्र सरकार की जनगणना के साथ जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के निर्णय को सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।

# विश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यान इस वार्षिक परियोजना पर ब्रह्माकुमारी के सिविल लाइन सेवा केंद्र गया द्वारा एक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




गया ।प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा आध्यात्मिक जागृति हेतु एक राष्ट्रीय प्रोजेक्ट वार्षिक थीम ह्वविश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यानह्व कार्यक्रम को पूरे वर्ष के लिए चुना गया है, जिसका शुभारंभ गृह मंत्री अमित शाह जी के द्वारा ब्रह्माकुमारी के अन्तरराष्ट्रीय मुख्यालय शान्तिवन में किया गया है ।ब्रह्माकुमारी का विश्व एकता और विश्वास के लिए योग एक ऐसा तरीका है जो लोगों को एक साथ लाने और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने में सहायता करेगा ।इसी श्रृंखला में ब्रह्माकुमारीज के स्थानीय सेवा केन्द्र सिविल लाइन थाना के पीछे, विक्टर एक्सरे गली, होटल सिटी सूर्या के सामने गया में ह्वविश्व एकता और विश्वास के लिए ध्यानह्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।इस कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन करते हुए बोधगया टेम्पल मैनेजमेंट कमिटी की सचिव महाश्वेता महारथी ने कहा कि ब्रह्माकुमारियों के द्वारा चलाया जा रहा कार्यक्रम योग ध्यान और आध्यात्मिक शिक्षाओं का मिश्रण है जो व्यक्तिगत और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देगा ।इस कार्यक्रम में उपस्थित बुलियन एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय कुमार वर्णवाल ने कहा कि यह अभ्यास एक ऐसी तकनीक है जो हमें अपने भीतर शांति और स्थिरता खोजने में मदद करती है, जिससे हम दूसरों के प्रति अधिक सहानुभूति और समझ विकसित करते हैं ।

मध्य विद्यालय कुकरा गया के प्रधानाध्यापक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि ब्रह्माकुमारियों की आध्यात्मिक शिक्षायें हमें यह सिखाती है कि हम सभी एक ही ईश्वर के बच्चे हैं और इसलिए एक दूसरे से जुड़े हुए हैं ।यह शिक्षा हमें दूसरो के साथ प्यार, दया और समझ के साथ व्यवहार करने के लिए प्रोत्साहित करती है ।संस्था के सदस्य विभिन्न प्रकार की सामुदायिक सेवा गतिविधियों में भाग लेते हैं जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और पर्यावरण संरक्षण आदि ।ये गतिविधियां हमें एक साथ काम करने और एक बेहतर दुनिया बनाने की भावना विकसित करने में मदद मिलती है ।बी.टी. एम.सी. के सदस्य डॉ. अरविन्द कुमार ने कहा कि राजयोग ध्यान की एक विशेष तकनीक है जो हमें अपनी आत्मा को ईश्वर के साथ जोड़ने में मदद करती है ।राजयोग हमें अपने भीतर की शक्तियों को जागृत करने और एक बेहतर दुनिया बनाने में मदद करता है इस कार्यक्रम में उपस्थित ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि सुखमय संसार के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी को साथ मिलकर चलना होगा ।एक कदम हम चलें एक कदम आप चलों कदम से कदम मिला कर चलें तो मंजिल तक पहुंच ही जायेंगे ।वर्तमान समय भौतिकता अपने चरम पर है लेकिन आंतरिक शक्ति कमजोर हो गई है ।

त्याग तृष्णा में बदल गया, प्रेम, वैर विरोध वेमनस्य में, सेवा स्वार्थ में बदल गया है । विश्वास मतभेद में बदला गया है । सभी कहते हैं पिस चाहिए शांति चाहिए लेकिन इस पिस के नाम पर पिसेज अर्थात टुकड़े टुकड़े होते जा रहा है ।कहते हैं वेयर आर इन द माइड ओफ द पिपुल्स लेकिन हम कहते हैं [illegible] अगर मन में शांति नहीं है तो शांति के लिए कितने भी कॉन्फ्रेंसेज कर लें सम्मेलन कर लें शांति स्थापित नहीं हो सकती ।इसके लिए सर्वप्रथम मन में शांति चाहिए किसी को विश्वास नहीं है कि कभी इस दुनिया में शांति थी। अब फिर से शांति हो सकती है यह विश्वास जरूरी है । अब है कि अन्दर रामायण चल रही है, मन और बुद्धि के अंदर भी संघर्ष चल रहा है। आज व्यक्ति के अंदर ही इतना संघर्ष है, पहले तो उससे मुक्त होना होगा। इसके लिए मेडिटेशन अर्थात ध्यान आवश्यक है और ध्यान से जो प्राप्ति होती है इसको हम कहते है इनर हारमनी। आज व्यक्ति के मन बुद्धि और संस्कार में एकाग्रता और एक मत नहीं है । मनुष्य आज एक नहीं तीन है मन जो कहता है हम वो करते हैं फिर बुद्धि जो कहती है वो करते हैं फिर हमारा संस्कार भी है जिसके वशीभूत हम कर्म करते हैं तो व्यक्ति 3 इन 1 हो जाता है । स्वयं में स्वयं के मन, बुद्धि, संस्कार में ही एक मत चाहिए। इसके लिए मेडिटेशन ध्यान की आवश्यकता है । राजयोग ध्यान करने से आत्मा अपने शांति, प्रेम, शक्ति, आनंद इन आनादी गुणों का धारण करती है। इन गुणों में हम जितना जितना टिकेंगे उतना उतना हमारी आंतरिक शक्ति जागृत होगी। मेडिटेशन कोई बैठकर करने की बात नहीं है । यह एक अवेयरनेस है, मैं कौन हूँ मेरे निजी गुण और आदि गुण क्या है। वह आप चलते फिरते आँखें खोल के कर सकते हैं।

# उर्दू विद्यालय के निकट सड़क पर बह रहा पानी ,छात्रों को हो रही परेशानी



प्रातः किरण संवाददाता

करपी। प्रखंड क्षेत्र के शहर तेलपा बाजार में स्थित राजकीय उर्दू प्राथमिक विद्यालय के निकट सामने सड़क पर बह रहे नाली के पानी के कारण जलजमाव की स्थिति से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों की परेशानी से गुजरना पड़ रहा है। निकटवर्ती रहने वाले मकान मालिकों के द्वारा नाली का पानी जानबूझकर उर्दू विद्यालय के सामने सड़क पर गिराया जाता है जिसके चलते सड़क पर कीचड़ बना हुआ है। विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ आम लोगों को भी इस रास्ते से पैदल चलना मुश्किल बना हुआ है ।जलजमाव के कारण काफी गंदगी नजर आता है।आस पास के दुकानदार भी इस जलजमाव की स्थिति से परेशान है ।उन दुकानदारों का कहना है कि गंदगी के कारण इससे काफी बदबू निकलता है जिसके कारण ग्राहक इधर आना पसंद नहीं करते है। ज्ञात हो कि शहर तेलपा स्थित इस उर्दू प्राथमिक विद्यालय में चुनाव के समय दो-दो मतदान केंद्र भी बनाए जाते हैं बावजूद किसी प्रतिनिधि या पदाधिकारी ने इस की सुध नहीं ली। प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी से लेकर शहर थाना के भी पदाधिकारी के द्वारा इस दृश्य को देखने के बाद भी नजर अंदाज किया जाना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल है।

# दिहाड़ी मजदूरों के बीच इनर व्हील क्लब ऑफ गया ने मनाया मजदूर दिवस



प्रातः किरण संवाददाता

गया ।श्रमिक हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। चाहे घर में काम करने वाले सहायक हो या समान ढोने वाले कुली ,इमारत में काम करने वाले मजदूर हो या फैक्ट्री में काम करने वाले लोग ,इन सब के बिना हमारे जीवन सुचारु रूप से नहीं चल सकता है। क्लब के बैनर तले गया बोधगया रोड स्थित निर्माण अधीन इमारत में काम करने वाले 120 मजदूरों के बीच भोजन पानी चप्पल गमछा इत्यादि बांटा गया है । गर्मी को देखते हुए सभी को आम पन्ना भी पिलाया गया ।इस कार्यक्रम से सभी मजदूर काफी खुश हुए हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता ने सभी मजदूरों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी हैं ।तथा उनके प्रति अपने आभार को व्यक्त करते हुए बताया कि श्रमिक दिवस की शुरूआत 1 मई सन 1986 से शिकागो शहर में हुई थी ।इस दिवस का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के काम को सम्मान देना तथा उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक करना है ।इस कार्यक्रम में पीडीसी गीता अग्रवाल ,पीडीसी ऋतु डालमिया, पीपी अंजना मित्तल, पीपी राज ढिल्लन , पीपी वंदना प्रसाद ,पीपी सीमा भदानी, अलका तर्वे ,सारिका कंधवे, नीति भदानी आदि शामिल हुई है ।

# देशभर में जातीय जनगणना सामाजिक न्याय और समावेशी भारत की नींव है :एनडीए

- जातीय जनगणना देश के सामाजिक व आर्थिक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम : पीयूष
- बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1994 में हीं सदन के माध्यम से जातीय जनगणना की मांग की थी : डॉ अनुप्रिया
- लालू प्रसाद यादव व कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने आरक्षण के नाम पर केवल अपने परिवार को लाभ दिया :पूजा शर्मा

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल। देशभर में आगामी जनगणना के साथ जातीय गणना कराने के ऐतिहासिक फैसले के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा आर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, रालोमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष सुमन का एनडीए गठबंधन के नेताओं ने अरवल जिला अतिथि गृह में प्रेस वार्ता के माध्यम से अभिनंदन व स्वागत किया है। जिला अतिथि गृह में आयोजित प्रेस वार्ता की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष मिथलेश कुमार व संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने किया । आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पीयूष शर्मा ने कहा कि अब देश सटीक आंकड़ों के जरिए वंचित, शोषित, पीड़ित तबकों की संख्या के अनुसार विकास के लिए योजनाएं बना सकेगा और उन्हें धरातल तक उतार सकेगा। यह ऐतिहासिक कदम सामाजिक न्याय और समावेशी भारत की नींव है। यह कदम सामाजिक समानता, समावेशी विकास और नीति निर्माण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को मजबूत करेगा । भारतीय जनता पार्टी तो शुरू से हीं सामाजिक समरसता और अंत्योदय के सिद्धांत पर चलती है। इसके पहले भी समाज के गरीब वर्गों को 10% का आरक्षण देकर सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास के संकल्प को प्रदर्शित किया था, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने आजतक जाति जनगणना का विरोध किया। आजादी के बाद की गई सभी गणनाएं में जाति की गणना कभी नहीं किया गया। आजादी के बाद यह पहली बार देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण हो रहा है। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं को आईना दिखाते हुए कहा कि काका कालेलकर की रिपोर्ट को सदन में न रखकर लाईब्रेरी में रखना, मंडल आयोग की रिपोर्ट को लागू न करना यह कांग्रेस की आरक्षण विरोधी मानसिकता को परिलक्षित करता है। कांग्रेस आजतक सिर्फ जातियों के तुष्टिकरण की राजनीति की है ।यह पहली बार है कि सरकार आंकड़े के माध्यम से समाज की वास्तविक संरचना को जानने और उसी आधार पर योजनाएं बनाने का निर्णय लेगी । वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जदयू की प्रदेश प्रवक्ता डॉ अनुप्रिया ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो सदन के माध्यम से 1994 में हीं जातीय जनगणना की आवाज उठाई थी,जब राजद के युवराज की उम्र मात्र 4 वर्ष थी ।वे कबसे आरक्षण के हितैषी हो गये । उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के दलों ने जाति जनगणना के विषय को केवल अपने राजनैतिक लाभ के लिए उपयोग किया।

2010 में तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत डॉ मनमोहन सिंह ने श्री नाम से एक जाति आधारित जनगणना की संस्तुति की किन्तु उसे भी नहीं करने का काम किया। उनके नेता पी चिदंबरम ने जनगणना में जाति को शामिल करने का विरोध किया।

# अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हज यात्रियों को जिलाधिकारी ने गुलाब देकर हज यात्रियों को किया रवाना

प्रातः किरण संवाददाता



गया ।आज से हज यात्रा शुरू हो गई है ।बिहार के हज यात्रियों की पहली फ्लाइट ने गया एयरपोर्ट से उड़ान भरी है ।हज यात्रा पर जाने वालों ने गया एयरपोर्ट पर देश समेत राज्य के विकास और सुख-समृद्धि की दुआ मांगी है ।इसके साथ ही जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी है ।बिहार के हज यात्रियों के लिए पहले विमान ने आज गया एयरपोर्ट से सुबह 10:00 बजे उड़ान भरी है। पहले जत्थे में गया एयरपोर्ट से 145 लोग हज यात्रा पर गए, जिन में 86 पुरुष और 59 महिलाएं शामिल हैं ।हज यात्रियों के लिए गया एयरपोर्ट पर जिला प्रशासन की ओर से अच्छी व्यवस्था की गई है।

अधिकारियों ने यात्रियों को फूल देकर किया विदाः *गया एयरपोर्ट पर अल्पसंख्यक विभाग के सचिव मोहम्मद सुहैल, जिला पदाधिकारी डॉ. त्याग राजन, नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार और गया के वालंटियर्स ने हज यात्रियों को गुलाब का फूल और उनके बोर्डिंग पास देकर उन्हें हज यात्रा के लिए रवाना किया गया है ।आज से हज यात्रा शुरू हो गई है। गया से 2 दिन की यात्रा है। हज यात्रियों के अटेंडेंस के लिए टर्मिनल के बाहर पंडाल लगाया गया है. गर्मी को देखते हुए पीने के लिए ठंडे पानी की भी व्यवस्था की गई है ।वहीं, जो हज यात्री रात में आ रहे हैं। उनके लिए एयरपोर्ट पर ही रहने की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही टर्मिनल के अंदर स्वास्थ्य कैंप और चाय नाश्ता की व्यवस्था की गई है. डॉ. त्याग राजन , जिला पदाधिकारी।

# जाति जनगणना देश को एक नई दिशा देगा, जहां हर वर्ग को उसकी वास्तविक स्थिति के अनुसार उचित सम्मान और संसाधनों में हिस्सेदारी मिलेगी: डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता

गया ।देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लिया गया यह निर्णय कि आगामी जनगणना के साथ-साथ जातीय जनगणना भी कराई जाएगी, एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह फैसला न केवल सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, बल्कि इससे भारत के सामाजिक ताने-बाने की गहरी समझ भी विकसित होगी। भाजपा किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे एक युगांतरकारी फैसला बताया है ।डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह निर्णय वंचित, शोषित और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को उनकी सही पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आजादी के इतने वर्षों बाद भी भारत में जातीय आंकड़ों की समग्र जानकारी का अभाव रहा है। इस वजह से नीतियों के निर्माण और संसाधनों के न्यायसंगत वितरण में कठिनाई आती रही है।

जातीय जनगणना से यह स्पष्ट जानकारी प्राप्त होगी कि किस जाति की आबादी कितनी है और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति क्या है। इसके आधार पर सरकार उन वर्गों के लिए अधिक सटीक और प्रभावशाली योजनाएं बना सकेगीपूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पूरी कैबिनेट को साधुवाद देना चाहिए, जिन्होंने यह साहसी और जनहितैषी निर्णय लिया है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि मोदी सरकार केवल विकास की बात नहीं करती, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता की भी वास्तविक चिंता करती है।

यह फैसला यह भी दशार्ता है कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है, खासकर उन वर्गों के लिए जो लंबे समय से मुख्यधारा से वंचित रहे हैं ।जातीय जनगणना से न केवल सामाजिक संतुलन सुनिश्चित होगा, बल्कि यह सामाजिक समावेशन को भी मजबूती देगा। इससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग जैसे वर्गों को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। यह निर्णय ह्वसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व की भावना को और अधिक मजबूती प्रदान करता है ।अंततः डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को एक नई दिशा देगा, जहां हर वर्ग को उसकी वास्तविक स्थिति के अनुसार उचित सम्मान और संसाधनों में हिस्सेदारी मिलेगी। यह एक ऐसा ऐतिहासिक क्षण है जो आने वाले वर्षों में भारत के सामाजिक ढांचे में गहराई से असर डालेगा और एक समावेशी, सशक्त और समान भारत के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा।

# प्लस टू कासिमी हाई स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. अमीनुर रब को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

- मोहम्मद इलियास कासिमी बने नए प्रभारी प्रधानाध्यापक

प्रातः किरण संवाददाता

गया । शहर के प्रतिष्ठित अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान प्लस टू कासिमी हाई स्कूल में बुधवार को एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के लोकप्रिय प्राचार्य डॉ. अमीनुर रब के सेवानिवृत्ति पर उन्हें विदाई दी गई है। यह अवसर न केवल एक शैक्षणिक कार्यकाल की समाप्ति का था, बल्कि उस समर्पण, अनुशासन और नेतृत्व का भी सम्मान था, जो डॉ. रब ने अपने पूरे कार्यकाल में प्रदर्शित किया।

भावभीनी विदाई, गरिमामयी आयोजन

इस कार्यक्रम की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन-ए-पाक से हुई है। इसके बाद स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया गया है। साथ ही, बच्चों ने एक से बढ़कर नात-ए-पाक और और कई खूबसूरत नज्म पेश किया। संपूर्ण माहौल भावुकता से भर गया जब छात्र-छात्राओं ने अपने भाषणों और गीतों के माध्यम से डॉ. अमीनुर रब के प्रति अपना आदर और प्रेम प्रकट किया है ।इस समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य रागिब हसन ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि डॉ. अमीनुर रब ने न केवल इस विद्यालय को एक नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया, बल्कि स्कूल के समग्र शैक्षणिक परिदृश्य को भी समृद्ध किया है ।इस कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षक मोहम्मद नेयाज-उल-हसन ने अत्यंत कुशलता से किया, जिनकी वाणी और शब्द चयन ने श्रोताओं को समारोह से जोड़कर रखा है ।डॉ. रब के कार्यकाल को याद करते हुए, पूर्व शिक्षक डॉ. असफर सईद ने कहा कि इनका नेतृत्व शांत लेकिन निर्णायक था। अनुशासन और गुणवत्ता की जो मिसाल उन्होंने पेश की, वह आने वाले शिक्षकों के लिए प्रेरणा बनेगी ।वहीं, प्रबंधन समिति के सचिव सऊद आलम ने कहा कि डॉ. अमीनुर रब का सेवाकाल बहुत सराहनीय रहा। उन्होंने जिस कुशलता से स्कूल का संचालन किया है यह उनकी कार्यशैली को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से डॉक्टर अमीनुर रब ने स्कूल में अपनी सेवा दी है, इसी तरह नव नियुक्त प्रभारी प्राचार्य मोहम्मद इलियास कासिमी से भी उम्मीद करते हैं की उनके सेवा काल में विद्यालय और बुलंदियों पर पहुंचे ।इस कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के सदस्य रागिब हसन और हसन अजीजुर रहमान सहित वरीय शिक्षक मोहम्मद आफताब आलम, मोहम्मद वसीम अहमद, मोहम्मद काज़िम हुसैन, मोहम्मद दिलशाद अहमद आदि शिक्षकों ने भी अपना अनुभव साझा किया है। इस अवसर पर लिपिक मोहम्मद फरहत हुसैन और प्यून मोहम्मद ताहिर हुसैन भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल के शिक्षक मोहम्मद नेयाजुल हसन, मोहम्मद वसीम अहमद, मोहम्मद काज़िम हुसैन, मोहम्मद दिलशाद अहमद का विशेष रूप से महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इस कार्यक्रम के एक विशेष क्षण में, विद्यालय परिवार ने नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य मोहम्मद इलियास कासिमी का स्वागत पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर किया है। उन्होंने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें डॉ. अमीनुर रब जैसे प्रिंसिपल के अधीन कार्य करने का अवसर मिला है। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर विद्यालय की गरिमा को आगे बढ़ाना उनका कर्तव्य होगा।

समारोह के अंत में डॉ. अमीनुर रब ने भावुक विदाई भाषण देते हुए कहा कि यह विद्यालय उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। यहां का हर छात्र, हर शिक्षक और हर सहयोगी उनके परिवार का हिस्सा रहा है। आज वो भावनात्मक रूप से भरे

# जातिगत आधारित जनगणना कराने का निर्णय स्वागत योग्य है :सत्येन्द्र रंजन

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल ।केन्द्र सरकार के द्वारा जातिगत आधारित जनगणना कराने के निर्णय को लेकर जिला अतिथि गृह में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित की गई ।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने एक लम्बे अरसे से जातिगत आधारित जनगणना कराने के लिए मांग कर रहे थे , इस मांग को केन्द्रीय कैबिनेट के द्वारा स्वीकृति मिल चुकी है ।इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को बहुत - बहुत आभार व्यक्त करता हूं ।उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अध्यक्षता में केन्द्रीय कैबिनेट के बैठक में देश स्तर में जातिगत आधारित जनगणना कराने का निर्णय ऐतिहासिक और स्वागत योग्य कदम है ।केन्द्र सरकार का यह कदम देश के सभी वर्गों के समावेशी विकास की दिशा में एक बहुत बड़ा बदलाव लायेगा ।जातीय जनगणना से नीतियों को अधिक न्याय संगत और लक्षित बनाने में मदद मिलेगी , इससे वंचित तबकों को सशक्त करने की दिशा में ठोस जानकारी और आधार मिलेगा ।

प्रेसवार्ता में लोजपा रामविलास अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसीम अंसारी , लोजपा रामविलास के संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष सिंटू कुमार , अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रविन्द्र चंद्रवंशी , जिला उपाध्यक्ष राजेन्द यादव , जिला संगठन मंत्री रमेश रजक , कईल पासवान , अमरनाथ पासवान मुख्य रूप से शामिल हुए ।

## दिहाड़ी मजदूरों के बीच इनर व्हील क्लब ऑफ गया ने मनाया मजदूर दिवस

गया ।श्रमिक हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। चाहे घर में काम करने वाले सहायक हो या समान ढोने वाले कुली ,इमारत में काम करने वाले मजदूर हो या फैक्ट्री में काम करने वाले लोग ,इन सब के बिना हमारे जीवन सुचारु रूप से नहीं चल सकता है। क्लब के बैनर तले गया बोधगया रोड स्थित निर्माण अधीन इमारत में काम करने वाले 120 मजदूरों के बीच भोजन पानी चप्पल गमछा इत्यादि बांटा गया है । गर्मी को देखते हुए सभी को आम पन्ना भी पिलाया गया ।इस कार्यक्रम से सभी मजदूर काफी खुश हुए हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष तृप्ति गुप्ता ने सभी मजदूरों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं दी हैं ।तथा उनके प्रति अपने आभार को व्यक्त करते हुए बताया कि श्रमिक दिवस की शुरूआत 1 मई सन 1986 से शिकागो शहर में हुई थी ।इस दिवस का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के काम को सम्मान देना तथा उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक करना है ।इस कार्यक्रम में पीडीसी गीता अग्रवाल ,पीडीसी ऋतु डालमिया, पीपी अंजना मित्तल, पीपी राज ढिल्लन , पीपी वंदना प्रसाद ,पीपी सीमा भदानी, अलका तर्वे ,सारिका कंधवे, नीति भदानी आदि शामिल हुई है ।

## खेलो इंडिया युथ गेम पहला जत्था आज गया पहुचने पर भव्य स्वागत

गया ।गया मे होने जा रहे खेलो इंडिया युथ गेम 2025 के अवसर पर आज पहली टीम गतका जम्मू काश्मीर से गया पहुचे हैं, जिनका जोरदार स्वागत अपर समाहर्ता राजस्व परितोष कुमार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी गया राजेश कुमार द्वारा गया रेलवे स्टेशन पर किया गया है ।इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी और सुचना जनसंपर्क विभाग के वीपुल कुमार उपिस्थति थे

## मजदूरों के समस्या का अंबार लगा प्रशासन भ्रष्टाचार में डूबा हुआ:मनोज यादव

अरवल। मजदूर दिवस के अवसर पर अरवल विकास मंच के अध्यक्ष मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में मजदुर दिवस मनाया गया। विकास मंच के अध्यक्ष सह रेलवे संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि अरवल जिले में मजदूरों के समस्या का अंबार लगा हुआ है लेकिन जिला प्रशासन भ्रष्टाचार में डूबा हुआ जिले के मजदूरों को श्रम कार्ड या बीमा नहीं बनाया जा रहा है सरकार द्वारा दिया जाने वाला सुविधा से वंचित है अरवल के मजदूर जल्द ही अरवल विकास मंच के बैनर तले मजदूरों के हक में आंदोलन शुरू किया जाएगा मजदूर दिवस के अवसर पर राजनीश यादव मंटू यादव जय गोविंद सिंह जितेंद्र सिंह राजू कुमार रविदास महेंद्र पासवान एवं दर्जनों लोगों ने मजदूर दिवस को संबोधित किया।

## पावर लूम से आईआईटी तक पटवा टोली की मेहनत और समर्पण की कहानी:प्रकाश पटवा

गया ।मानपुर पटवा टोली, गया—अब यह गांव केवल पावर लूम की खटखटाहट के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाने के लिए जाना जाता है। यहां के युवा आईआईटी, मेडिकल और प्रशासनिक सेवाओं जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में सफलता की मिसाल बन चुके हैं। जदयू व्यवसाय एवं उद्योग प्रकोष्ठ, गया के अध्यक्ष प्रकाश राम पटवा ने एक समारोह में विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित किया ।

# 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार

हाजीपुरःयात्रियों की सुविधा के मद्देनजर बरौनी-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-डीडीयू के रास्ते कटिहार से मुंबई सेंट्रल तथा श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस,कोल्हापुर के लिए चलायी जा रही 01-01 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 01405 श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-कटिहार स्पेशल 25 मई, 2025 तक प्रत्येक रविवार को परिचालित की जायेगी ।

2.गाड़ी सं. 01406 कटिहार-श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर स्पेशल 27 मई, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी ।

3.गाड़ी सं. 09189 मुंबई सेंट्रल-कटिहार स्पेशल 31 मई, 2025 तक प्रत्येक शनिवार को परिचालित की जायेगी ।

4.गाड़ी सं. 09190 कटिहार-मुंबई सेंट्रल स्पेशल 03 जून, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी ।

## मुजफ्फरपुर, दानापुर एवं रक्सौल से सिकंदराबाद के चलायी जा रही स्पेशल का परिचालन सिकंदराबाद के बजाए चर्लपल्ली से

हाजीपुर। सिकंदराबाद स्टेशन के ट्रैक अपग्रेडेशन कार्य हेतु प्लेटफॉर्म ब्लॉक लिये जाने के कारण मुजफ्फरपुर, दानापुर एवं रक्सौल से सिकंदराबाद के मध्य चलायी जा रही निम्नलिखित 03 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन सिकंदराबाद के बजाए चर्लपल्ली से किया जा रहा है ।

# रेल से करें चार धाम की यात्रा

- चार धाम यात्रा के लिए चलाई जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली । बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरूआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोड़ी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नानघर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित इस ट्रेन में फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी में टिकट बुक कराई जा सकती है। ट्रेन में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और सिक्योरिटी गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। इस ट्रेन का संचालन भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के माध्यम से किया जाएगा ।टिकटों की बिक्री भी आईआरसीटीसी के वेबसाइट से ही की जाएगी। इसके लिए एक पैकेज रेट का निर्धारण किया गया है जिसमें जर्नी टिकट के साथ-साथ तीन सितारा होटल में रहने, तीनों टाइम का भोजन, साइटसींइग की पूरी व्यवस्था, ट्रैवल इंश्योरेंस और टूर मैनेजर की सेवा शामिल है। इस ट्रेन में बुकिंग के लिए 150 सीटें उपलब्ध है जिसे पहले आओ,पहले पाओ आधार पर बुक किया जाएगा। ट्रेन के संबंध में विस्तृत जानकारी भारतीय रेल कैटरिंग एवं टूरिज्म कारपोरेशन के वेबसाइट पर तथा उनके वेब पोर्टल पर उपलब्ध है। भारतीय रेल के कार्यकारी निदेशक सूचना एवं प्रचार दिलीप कुमार ने बताया कि देश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को जोड़ने के उद्देश्य से भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन का परिचालन किया जाता है। इन ट्रेनों के संचालन से विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान का भ्रमण कर पाना आसान हुआ है।

# राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी में अर्चना चौधरी की कला कृति का हुआ चयन

**प्रख्यात साहित्यकार महेंद्र मलंगिया की पुत्री अर्चना चौधरी लगभग 10 वर्षों से चित्रकला क्षेत्र में सक्रिय**

प्रात: किरण संवाददाता

पटनाः कला संस्कृति एवम युवा विभाग, बिहार के अन्तर्गत ललित कला अकादमी द्वारा आयोजित द्वितीय राज्य स्तरीय कला प्रदर्शनी में दरभंगा के पिंडारूच गांव की बहू अर्चना चौधरी की कला कृति का चयन हुआ है। 18 अप्रैल से 8 मई तक की इस प्रदर्शनी का उदघाटन मोतीलाल प्रसाद, माननीय मंत्री कला संस्कृति एवम युवा विभाग तथा इसी विभाग के सचिव प्रणव कुमार द्वारा 18 अप्रैल को किया गया था। इस प्रदर्शनी में लोककला, चित्रकला, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, रेखांकन तथा छापकला के कुल 118 कलाकृतियों का चयन हुआ है, जिसमें अर्चना चौधरी की मिथिला चित्रकला का भी चयन हुआ है। प्रख्यात साहित्यकार महेंद्र मलंगिया की पुत्री अर्चना चौधरी लगभग 10 वर्षों से चित्रकला क्षेत्र में सक्रिय है। इनके चित्रों की प्रदर्शनी बिहार ललित कला के कला मंगल श्रृंखला के अन्तर्गत लोक कला की प्रदर्शनी में, बिहार संग्रहालय के स्थापना दिवस समारोह, वैदेही: सीता बेयोंड द बॉडी आर्ट एग्जीबिशन सहित कई प्रदर्शनियों में भी हुई है। इन्होंने पारंपरिक विषय सामा चकेबा, सीता स्वंयर, राजा सलहेस, छठ, मधुश्रामनी, रास आदि और वर्तमान विषयों जैसे त्रास, एसिड अटैक, पिता, वापसी जैसे चित्र बनाएं हैं। इसके अलावा इनके चित्रों की सराहना अन्य देशों में भी हुई है। अर्चना वर्तमान में पटना में रह रही हैं तथा मिथिला चित्रकला को प्रसारित करना तथा नए कलाकार तैयार करना इनका सपना है। अर्चना आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को अलग से मिथिला चित्रकला सिखाती हैं इनका मानना है कि मिथिला चित्रकला में रोजगार की भी अनंत संभावनाएं हैं। अर्चना चौधरी अपनी कला यात्रा का श्रेय बिहार सरकार में अधिकारी अपने पति गोपेश को देती है जिनका सहयोग हर पल मिलता है, और हंसते हुए बताती हैं कि पति के कविता संग्रह का आवरण भी अर्चना ने ही बनाया था।

# खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम, पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ी सड़कों के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। गोपाल विद्यार्थी। बिहार में पहली बार सज रहे खेलों के महाकुंभ खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलीपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और उससे जुड़ने वाली सभी सड़कों पर ट्रैफिक को सुचारु बनाए रखने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। ताकि न सिर्फ खिलाड़ियों और उनके सपोर्ट स्टाफ को बल्कि खेलों के इस महाकुंभ में आने वाले दर्शकों को भी किसी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेन्दर, राज्य के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने पूरे दलबल के साथ गुरुवार को पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में की गई सुरक्षा व्यवस्था का जायज लिया। उन्होंने खिलाड़ियों, उनके प्रशिक्षकों और सपोर्ट स्टाफ के साथ-साथ दर्शकों की सुरक्षा इंतजामों का भी निरीक्षण किया। पाटलीपुत्रा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से जुड़ी सड़कों की ट्रैफिक व्यवस्था का भी उन्होंने जायज लिया और पटना पुलिस के वरीय अधियाकरियों को कई जरूरी निर्देश भी दिए। इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन 4 मई (रविवार) को तथा समापन समारोह आगामी 15 को राजधानी पटना के पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ही होगा। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया उपस्थित रहेंगे जबकि इस खेल महाकुंभ का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडिओ कॉन्फ्रेंसिंग से करेंगे। इन खेलों में देश के सभी 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों से दस हजार खिलाड़ी, खेल प्रशिक्षक और उनके सपोर्ट स्टाफ शिरकत कर रहे हैं। यह पहला मौका है जब बिहार की राजधानी पटना सहित राज्य के चार अन्य शहरों में राष्ट्रीय स्तर पर खेलों का आयोजन किया जा रहा है। पटना के अलावा राजगीर में नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, गया, भागलपुर और बेगूसराय में कुल 28 खेलों का आयोजन किया जा रहा है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए स्टेडियम की दीर्घा में दर्शकों के लिए प्रवेश की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। पाटलीपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निरीक्षण के दौरान खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव बी राजेन्दर, डीजीपी विनय कुमार के साथ राज्य के अपर पुलिस महानिदेशक कुंदन कृष्णन, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण, पटना की जोनल आईजी गरिमा मल्लिक, पटना के एसएसपी अवकाश कुमार समेत राज्य और पटना पुलिस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

# मारपीट मामले में दोनों पक्षों ने दर्ज कराई प्राथमिकी

प्रात: किरण संवाददाता

मसौढ़ी।अनुमंडल अंतर्गत लहसुना थाना क्षेत्र के घोरहुआ गांव में आपसी विवाद में खूब लाठी-डंडे चला, तथा दोनों पक्षों की ओर से कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने थाने में आवेदन देकर एक दूसरे विरुद्ध थाने में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस घटना की जांच कर कार्रवाई शुरू कर दी है इस बाबत एक पक्ष लहसुना थाना क्षेत्र के घोरहुआ गांव निवासी सहदेव मिस्त्री के पुत्र जितेंद्र कुमार ने बताया कि बीते मंगलवार की रात शशि शर्मा ऋषि शर्मा राजकपूर व कुंदन शर्मा इन सभी लोग मेरे पुत्री के साथ लोहे के रॉड से मारपीट कर जख्मी कर दिया है इनके अलावा अन्य परिवार सदस्य घायल हुए हैं दूसरे पक्ष के कुंदन शर्मा ने थाने में आवेदन देकर जितेंद्र मिस्त्री उपेंद्र मिस्त्री सहित दस लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। वहीं पिस्तौल के बट से मेरे सिर पर प्रहार किया, जिससे सिर फट गया और मैं घायल हो गया।पॉकेट से चार हजार रुपए व बीस हजार रुपए के आभूषण लेकर चले गए,जाते-जाते जान से मारने की धमकी दे डाली है लहसुना थाना की पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की बारीकी से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आपसी रंजिश और हिंसा की प्रवृत्ति को उजागर किया है। छोटे-छोटे विवादों में लोग कानून को हाथ में लेने से नहीं चूकते, जिसका परिणाम हिंसा और पीड़ितों की पीड़ा के रूप में सामने आता है। प्रशासन से यह अपेक्षा की जा रही है कि वह जल्द से जल्द दोषियों को पकड़कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। दोनार चौक स्थित ऐतिहासिक हनुमान मंदिर का 27 वां वार्षिक उत्सव गुरुवार को पूरे विधि विधान के साथ धार्मिक वातावरण में मनाया गया।

वार्षिक उत्सव को लेकर मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया और वीर हनुमान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। प्रधान पुजारी आचार्य परमानंद झा द्वारा स्थानीय ललित कुमार झुनझुनवाला से पूजा का संकल्प कराया और कलश स्थापना करने के बाद पहले श्री गणेश पूजन, राम-जानकी पूजन, शिव-पार्वती की पूजा के बाद ध्वजा पूजन एवं ध्वजारोपण किया गया। इसके पश्चात वीर हनुमान की पूजा अराधना की गई। पूजा अर्चना के बाद राहुल कुमार झा एवं विकास कुमार झा द्वारा हनुमान चालीसा एवं सुंदरकांड का पाठ किया गया। हवन एवं महा आरती भी की गई।

वार्षिक उत्सव को लेकर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया था। जिसमें कलाकार श्याम घायल, अमरेंद्र कुमार यादव, सुनील कुमार, मन्ना लालदेव और गौतम पंजियार समेत कई स्थानीय कलाकारों ने भक्ति भजन एवं गीतों की अपनी प्रस्तुति दी जिसने श्रोताओ को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत महा आरती की गई और उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।मंदिर के सेवैत श्रवण कुमार झुनझुनवाला ने बताया कि दोनार स्थित ऐतिहासिक हनुमान मंदिर काफी पुराना है। 1998 में इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था और उस समय पूर्व में स्थापित हनुमान की विग्रह के साथ साथ और एक हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गई। उन्होंने बताया कि इस इलाके में एक ही जगह में भगवान हनुमान की दो-दो विग्रह स्थापित हैं। इस मंदिर की खासियत है कि यहाँ हनुमान का दक्षिण मुखी और पूर्व मुखी विग्रह स्थापित है।वार्षिक उत्सव के पवित्र अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन मंदिर में पहुंचे और हनुमान जी की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए अपनी भक्ति और श्रद्धा निवेदित किया।

## सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

आरा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को पुलिस कर्मियों के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक राज ने सेवानिवृत्त पुनि ओम प्रकाश, पुअनि रामजी यादव, प्राअनि (प्रि-श.) आर्मोरर रामनाथ राम, प्राअनि (प्रशि.) जयप्रकाश नारायण तिवारी, हवलदार कौशल कुमार सिंह और हलवलदार लालबहादुर प्रसाद की सेवानिवृत्ति पर फूल-माला वह अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि सभी सेवानिवृत पुलिस पदाधिकारी ने अपने कार्यकाल में ईमानदारी पूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस परि-वार उनकी अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और सेवा भावना के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।इस मौके पर कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहें।

# बिहार के विकास के वाहक हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार : वीरेन्द्र कुमार सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सड़क, बिजली, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने एवं बिहार के विकास और आम जनता की बेहतरी के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के विकास के वाहक हैं। उनके कुशल नेतृत्व में बिहार देश का अग्रणी विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से बिहार का भरपूर विकास किया। उनके अथक मेहनत से पिछले 20 वर्षों में बिहार का कुल बजट 13 गुना बढ़ा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार की खासियतों, विरासतों को संजीदगी के साथ पूरी मजबूती से विश्व पटल पर उजागर किया। उन्होंने कृषि रोड मैप लागू किया जिससे राज्य में फसलों की पैदावार में भारी वृद्धि हुई है। यह बातें औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने शुक्रवार को ग्राम संपर्क यात्रा के दौरान कही। बारून के प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत बारून में ग्राम संपर्क यात्रा किए। उन्होंने गोवर्धनपुर, बिलासपुर, बरन बीघा, बरुआ पुल, मस्तूल बारुण, बारूनगंज, छक्कन बीघा, नरचाही बनकट (रिउर), चंदर बीघा, नागेश्वरपुर, मोहनगंज, बारून बाजार, चौधरी मोहल्ला सामुदायिक भवन, औघड़ बाबा एवं कुम्हार टोली गांव में ग्राम संपर्क यात्रा किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने वहां के ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। साथ ही समस्या का समाधान करने का भी आश्वासन दिया। वहीं जगहझजगह ग्रामीणों ने भी पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत किया। यात्रा में जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, पैक्स अध्यक्ष केदार यादव, जिला उपाध्यक्ष विभूति नारायण पांडे, किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष पिंटू यादव, पप्पू विश्वकर्मा, डॉ हीरालाल, रामप्रवेश सिंह आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की ग्राम संपर्क यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## देश में जाति आधारित जनगणना मोदी सरकार से ही मुमकिन है : पप्पू सिंह

अलीनगर(दरभंगा)।आजादी के 7 दशक बाद पहली बार देश में जाति आधारित जनगणना हो रही है और ये तभी मुमकिन हो पाया है क्योंकि देश में नरेंद्र मोदी की सरकार है। ये कहना है बीजेपी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह पप्पू सिंह का है।

श्री सिंह ने कहा, जाति आधारित जनगणना कराने से देश के पिछड़े समाज को उनका वाजिब हक दिलाने में मदद मिल सकेगा। कांग्रेस इसका श्रेय लेना चाहती है पहले उसे देश को कुछ सवालों का जवाब देना चाहिए।अध्यक्ष सिंह ने कहा जो राहुल गांधी आज जाति जनगणना की बात करें हैं, पहले वो ये तो बताएं की उनकी पिछली स-रकारों ने क्यों नहीं ये कदम उठाया? नेहरु से लेकर इंदिरा गांधी और फिर मनमोहन सिंह की सरकार ने क्यों नहीं जाति आधारित जनगणना कराई इसका जवाब कांग्रेस और राहुल गांधी को देना चाहिए।

# सेवानिवृत एक परंपरा, जिसका निर्वहन सभी करते है: अधीक्षण अभियंता




प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सेवानिवृत एक परंपरा है , जिसका निर्वहन सभी करते है। नौकरी की शुरूवात से ही सेवानिवृत्ति की तिथि निश्चित हो जाती है। उक्त बाते ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद के अधीक्षण अभियंता ई मो अरशद ने कही। उन्होंने कहा की नौकरी काल में सभी कर्मचारी के साथ समन्वय स्थापित कर काम किया। इस दौरान सभी कर्मियों का साथ मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्य प्रमंडल दाउदनगर के कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार तथा संचालन ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल औरंगाबाद के ई सूरज कुमार पांडेय व विशाल कुमार ने की। कार्य प्रमंडल औरंगाबाद के कार्यपालक अभियंता ई अरुण कुमार प्रभारकर ने अभिनंदन पत्र से स्वागत किया। मौके पर कार्य प्रमंडल अरवल के कार्यपालक अभियंता ई अशोक कुमार, जहानाबाद के कार्यपालक अभियंता ई राजेश कुमार, टेकरी के कार्यपालक अभियंता ई भूपेश कुमार, रजौली के कार्यपालक अभियंता ई अरविंद कुमार, जांच एव गुणवत्ता प्रमंडल, गया के कार्यपालक अभि आदि थे।

# सीएम साइंस कॉलेज में बीसीए के लिए एआईसीटीई से पुन: मिली मान्यता

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।सीएम साइंस कॉलेज में स्ववित्त पोषित योजना अंतर्गत तीन वर्षीय बीसीए पाठ्यक्रम के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से शुक्रवार को मान्यता मिलने के बाद सत्र 2025-28 में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस सत्र में नामांकन के लिए 05 मई से आवेदन जमा लिए जाएंगे। शुक्रवार को पाठ्यक्रम संचालन के लिए गठित सलाहकार समिति की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। प्रधानाचार्य सह पाठयक्रम निदेशक प्रो दिलीप कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पाठ्यक्रम संयोजक डा अभिषेक शेखर, बर्सर डा यूके दास, डा योगेश्वर साह, डा सुजीत कुमार चौधरी, डा अजय कुमार ठाकुर, डा बीडी त्रिपाठी एवं पाठ्यक्रम सहायक अभिषेक कुमार शामिल हुए।

बैठक में सर्वसम्मति से सीबीसीएस पाठ्यक्रम पर आधारित इस तीन वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया 05 मई से प्रारंभ किए जाने पर सहमति बनी। जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई निर्धारित की गई। बैठक में जून के दूसरे सप्ताहमे लिखित एवं मौखिक परीक्षा के आधार पर मेधा सूची तैयार कर नामांकन प्रक्रिया पूरा कर लेने एवं जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से इसका वर्ग संचालन शुरू कर दिए जाने का निर्णय लिया गया। आवेदन ऑफलाइन मोड में महाविद्यालय के स्नातक काउंटर पर जमा लिए जाएंगे।

जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य सह पाठ्यक्रम निदेशक प्रो दिलीप कुमार चौधरी ने बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) से चालू वर्ष 2025-26 के लिए मान्यता मिल गई है। इसके मिलने के बाद महाविद्यालय में संचालित हो रहे इस पाठ्यक्रम के प्रति छात्रों का रूझान काफी बढ़ा है। एआईसीटीई ने सीएम साइंस कॉलेज में बीसीए पाठ्यक्रम में कुल 60 सीटों पर नामांकन लेने की स्वीकृति दी है।

उन्होंने बताया कि प्रतिस्पर्धा के वर्तमान दौर में महाविद्यालय में बीसीए पाठ्यक्रम शुरू होने से छात्र-छात्राओं के लिए एक बेहतर विकल्प उपलब्ध हुआ है। गणित विषय के साथ न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं इस पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं।प्रधानाचार्य ने बताया कि इसके साथ ही महाविद्यालय में स्ववित्त पोषित योजना अंतर्गत पूर्व से संचालित छमाही सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम क्रमशः मशरूम कल्टीवेशन, पीसी हार्डवेयर, मोबाइल रिपेयर्स, हेल्थ केयर एवं हर्बल मेडिसीन पाठ्यक्रम में दाखिला की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

# अमृत राज का 14वां जन्मदिन मनाया जायेगा आज



पटना। प्रेम, आशीर्वाद और खुशियों से भरे माहौल में शनिवार को अमृत राज श्रीवास्तव का 14वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। अमृत राज पत्रकार शैलेश श्रीवास्तव एवं सरिता श्रीवास्तव के सुपुत्र हैं। उनके जन्मदिवस के इस विशेष अवसर पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें ढेरों बधाइयां और मंगलकामनाएँ दीं। वे स्व. दादा प्रेम नाथ श्रीवास्तव और दादी विजय श्रीवास्तव की छत्रछाया एवं आशीर्वाद से अमृत राज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। वे न सिर्फ पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि अनुशासन और संस्कारों में भी आगे हैं। परिजनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यह आशा जताई कि वे समाज में एक आदर्श नागरिक के रूप में अपनी पहचान बनाएंगे।

## आपका शहर आपकी बात के तहत रौजा मोहल्ला में लगाया गया शिविर

आरा। नगर निगम के द्वारा आपका शहर आपकी बात के तहत शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर-28 रौजा मुहल्ला में शिविर लगाया गया। जिसमें मोहल्ले वासियों ने अपनी समस्याओं से महापौर इंदु देवी और नगर आयुक्त अंजू कुमारी को अवगत कराया। क्षेत्र वासियों ने उत्साह पूर्वक अपनी सड़क, नाला, राशन कार्ड, लाइट, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधित, सुझाव व आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर इंदु देवी ने कहा कि मोहल्ले वासियों की समस्याओं को सुनने के लिए यह शिविर लगाया जा रहा है, जो विगत 22 अप्रैल से शुरू है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका निदान करना हमलोगों की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जितने भी मामले आ रहे हैं, उसका निदान जरूर होगा। नगर आयुक्त अंजू कुमारी ने कहा कि नगर विकास के द्वारा यह शिविर लगाया गया है। इतने दिनों में बहुत सारी समस्याएं आई, उन समस्याओ का प्राथमिकता के अधार पर त्वरित निदान भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि हर संभव प्रयास किया जा रहा है और संबंधित वार्ड पार्षद से बातचीत करके समस्या का निदान किया जाएगा। इस मौके पर उप नगर आयुक्त कोमल कुमारी, सिटी मैनेजर ओम प्रकाक, सफाई प्रभारी विकास कुमार, वार्ड-28 की पार्षद सदिका खातून, पार्षद प्रतिनिधि पिंटू खान, निगम के कर्मचारी प्रेम मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार, मोहित कुमार, स्थानीय लोगों में मोहम्मद फैजान, पिंकी देवी, नासिक खातून, प्रीति कुमारी, पिंटू कुमार, अरविंद कुमार, स्वामी कुमार, पप्पू कुमार, सफीन कुमार, शौहाद कुमार, मोहन वर्मा, अमित कुमार, इत्यादि उपस्थित थे।

## सवारी बस व स्कॉर्पियो की सीधी भिड़ंत में स्कार्पियो सवार पिता-पुत्र समेत पांच जख्मी

आरा। जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बेलवनिया गांव के समीप सवारी बस व स्कॉर्पियो की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कॉर्पियो पर सवार पिता-पुत्र समेत पांच लोग जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज किया रसदार अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के भरौली गांव निवासी जितेंद्र यादव उसका पुत्र जीतू कुमार,उसी गांव के निवासी राजाराम यादव, राजेश यादव,नागेंद्र कुमार सिंह शामिल है। बताया जाता है कि शाहपुर थाना क्षेत्र के भरौली गांव निवासी राजाराम यादव की बेटी अनीता देवी की 29 अप्रैल को शादी थी। उसी का कलेवा लेकर सभी लोग स्कॉर्पियो से अपने गांव से बड़हरा थाना क्षेत्र के अलेखी टोला गांव जा रहे थे। उसी दौरान बेलवनिया गांव के समीप सवारी बस व स्कोर्पियो की सीधी भिड़ंत हो गई।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना पुलिस द्वारा एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस में उसकी गिरफ्तारी गुरुवार की शाम अनाइठ मोहल्ले से की। गिरफ्तार वारंटी नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ मोहल्ला निवासी मोती चौधरी है। बताया जाता है कि न्यायालय द्वारा उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। जिसके आलोक में नवादा थाना पुलिस ने से गिरफ्तार किया।

## विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से किसान की मौत

आरा। जिले के संदेश थाना क्षेत्र के बारा गांव में शुक्रवार की सुबह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी है शिवजनम सिंह का 40 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार सिंह है। वह पेशे से किसान था। इधर, मृतक के छोटे भाई रवि रंजन कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार की सुबह घर से निकलकर खेत जा रहा था। रास्ते में पहले से सड़क किनारे विद्युत प्रवाहित तार टूट कर गिर पड़ा था। इसी क्रम में वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बावजूद इसके परिजन अपनी संतुष्टि के लिए उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में बड़ा था। उसके परिवार में मां सुदामो देवी, पत्नी अंजू देवी व पांच पुत्री सुनीता, प्रीति, सलोनी, अनीता एवं आशा है। घटना के बाद मृतक के घर में को हाहाकार मच गया है। उसकी मां सुदामो देवी, पत्नी अंजू देवी परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## दो आरोपितों के घर चस्पाया गया इश्तेहार

आरा। जिले की सिकरहटा थाना पुलिस की टीम ने हत्या के प्रयास मामले में फरार दो आरोपियों के घर इश्तेहार चस्पाया। इस दौरान पुलिस ने सिकरहटा के सिकरोल बाल टोला निवासी अखिलेश कुमार एवं चकिया निवासी मुन्ना सिंह उर्फ धर्मेंद्र के घर जाकर इश्तेहार चस्पाया और न्यायालय के आदेश का तमिला किया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द से जल्द पुलिस या कोर्ट के समक्ष समर्पण करने को कहा गया है। समर्पण नहीं करने की स्थिति में आरोपियों के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। बता दें की दोनों आरोपी वर्ष 2003 से हत्या के प्रयास मामले में फरार चल रहे थे।

## गया कॉलेज कंप्यूटर विज्ञान अनुप्रयोग के छात्र छात्राओं ने किया अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुतीकरण

गया।आज गया कॉलेज गया के कंप्यूटर विज्ञान बीसीए के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का विभिन्न तरह के प्रोजेक्ट बनाकर आज विभाग में प्रस्तुति दी जो कि विद्यार्थियों ने कंप्यूटर फंडामेंटल के पार्ट को बनाया और प्रस्तुत किया और कंप्यूटर के हार्डवेयर पार्ट्स बनाकर अपने प्रोजेक्ट को विभाग में प्रस्तुत की ज्ञात हो कि गया कॉलेज गया के प्रधानाचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर लगातार महाविद्यालय के विभिन्न विभागों में बच्चों के द्वारा प्रोजेक्ट असाइनमेंट को कराया जा रहा है जिससे कि विद्यार्थी परीक्षा हॉल में अपनी पूरी समझ को रख सके ।

## केंद्र सरकार का जातीय गणना कराने का फैसला ऐतिहासिक कदम होगा: अवध बिहारी पटेल

गया।जदयू जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की पूरे देश में जनगणना के साथ जाति गणना कराने का फैसला केंद्र सरकार का ऐतिहासिक व क्रांतिकारी कदम है। पटेल ने कहा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बहुत पुराना मांग था कि पूरे देश में जाति गणना कराया जाए। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देता हूं की उन्होंने हमारे पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के मांग को मानते हुए पूरे देश में जाति गणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया। पटेल ने कहा इससे गरीब वंचितों को हक अधिकार सही रूप में मिलेगा , नीतीश कुमार 30 साल पहले भी संसद में और हाल ही में विधानसभा में भी पूरे देश में जाति गणना कराने का मांग किए थे। पटेल ने कहा की बिहार हमेशा नजीर पेश करते रहा है, नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने जातीय गणना करके दिखाया आज पूरे देश ने अपनाया। विपक्ष क्रेडिट लेने में लगा हुआ है, लेकिन इसका पूरा श्रेय नीतीश कुमार जी को जाता है, उन्होंने ही मांग किया था की बिहार की तर्ज पर पूरे देश में जाति गणना कराया जाय। जनता दल यू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देता है, उन्होंने पूरे देश में जातीय गणना कराने का ऐतिहासिक फैसला किया है।

# गंगा महोत्सव पहली बार ग्रामीण क्षेत्र से हुआ आगाज



प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)। जिला के घनश्यामपुर प्रखंड के जयदेवपट्टी गांव में चार दिवसीय गंगा महोत्सव कार्यक्रम का कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति सह विश्वविद्यालय पंचांग के संपादक डॉ. रामचंद्र झा, जिला कला एवं सांस्कृति अधिकारी चंदन कुमार, वाणेश्वरी न्यास समिति के सचिव संजीव कुमार झा, वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन एक मई को किया। आयोजक डॉ. बचनेश्वर झा ने उपस्थित अतिथियों को गंगा महोत्सव का पट्टा एवं एक-एक लीटर बोतल में गंगाजल दे कर सम्मानित किया।

पूर्व कुलपति डॉ.झा ने कहा कि गंगा को पृथ्वी पर लाने वाला भागीरथ था। लेकिन पृथ्वी पर आने वाली मां गंगा के शोर गुल की आवाज से तपस्या में लीन ऋषि जहू को बाधा उत्पन्न हुई जिस कारण उन्होंने अपने आचमन से गंगा को अपने शरीर में समाहित कर लिए। भागीरथ मुनि के गुस्से को शांत करने के लिए पुनः लंबे समय तक तपस्या कर गंगा को प्रवाहित करवाने का वरदान लिया। मुनि ने अपने कान के माध्यम से गंगा को प्रवाहित किया। गंगा का धरती पर अवतरण उसी दिन से हुआ। जिला कला एवं सांस्कृति अधिकारी चंदन कुमार ने कहा कि गंगा महोत्सव मनाने में विभाग से सहयोग उपलब्ध करवाने का प्रस्ताव शीघ्र भेजा जाएगा। यह महोत्सव आध्यात्मिक प्राचीन घटना को श्रद्धालुओं के जेहन में ताजा करता है। जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से चार दिवसीय गंगा महोत्सव का आगाज किया गया है। श्री कुमार ने इस कार्यक्रम में शीरकत अतिविशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित पत्र देकर स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए वरिष्ठ पत्रकार ने कहा कि गंगा महोत्सव जानकी महोत्सव की तरह लोग मनायेंगे।कला एवं सांस्कृतिक के प्रधान लिपिक रवि शंकर, रोशन, तारा कुमारी, सोनी देवी, आलोक कुमार झा साजन आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा की कोर कमेटी की बैठक में प्रधानमंत्री के फैसले का हुआ स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता

गया।जिला अतिथि गृह गया में राष्ट्रीय अति पिछड़ा वर्ग महासभा की कोर कमेटी की बैठक हुई है जिसकी अध्यक्षता पूर्वी भाजपा जिला महामंत्री पप्पू कुमार चंद्रवंशी ने किया है। संचालन भाजपा नेता विनोद सिंह दांगी ने किया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जदयू गया जिला अध्यक्ष द्वारका प्रसाद उपस्थित हुए हैं।इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जातीय जनगणना को लेकर था। वहीं सीरी सिंह एवं दांगी ने केंद्र सरकार द्वारा कराए जा रहे जाति जनगणना को लेकर सभी लोगों ने बधाई दी और कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही एनडीए सरकार ने आज कैबिनेट में बड़ा फैसला लिया है। जनगणना के साथ-साथ जातीय गणना भी कराई जाएगी। राहुल गांधी सहित कुछ विपक्षी नेता झूठ और ओछी राजनीति कर रहे थे। उनकी राजनीतिक दुकानदारी मोदी ने बंद कर दी है। जो पार्टी 2011 में जातीय जनगणना कराकर उसका डेटा सार्वजनिक नहीं कराई है।

## संक्षिप्त खबरें

### पप्पू वर्मा बने कांग्रेस के सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष



सुपौल। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के अनुमति के बाद प्रदेश कांग्रेस सहकारिता विभाग के प्रदेश अध्यक्ष राजनन्दन कुमार ने पत्र निर्गत करते हुए सुपौल जिला कांग्रेस सहकारिता विभाग के जिला अध्यक्ष के पद पर पप्पू वर्मा को मनोनयन किया है। उनके मनोनयन के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों के साथ-साथ काफी संख्या में पैक्स अध्यक्षों ने एक दूसरे के साथ खुशी का इजहार किया। मनोनयन के बाद पप्पू वर्मा ने अपने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी ने जो भी मुझे जिम्मेदारी दिया है मैं उसे बखूबी ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा और जिला के जितने भी सहकारिता विभाग में आम जनों की समस्या होगी उसके समाधान हेतु हर संभव प्रयास किया जाएगा और जल्द ही मैं सुपौल जिला के सभी प्रखंडों में अपना कमिटी तैयार करके प्रदेश नेतृत्व को सौंप दूँगा। मनोनयन के बाद पप्पू वर्मा शिष्टाचार मुलाकात हेतु सुपौल विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता मिन्नत रहमानी के आवासीय कार्यालय पहुंचे जहाँ रहमानी समेत जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ता ने उनको फूल माला से उनका स्वागत किया। स्वागत अभिनंदन में ओबीसी जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव, मीडिया प्रभारी सोनू आजाद, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव सरफराज, दिवाकर कुमार, प्रशांत कुमार, अबुल कैश, मो. आलमगीर, संजय सिंह, मनोज झा, शशि यादव, कमलेश्वर वर्मा, प्रणव झा, अमरेंद्र कुमार, संजीत कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### बोट सफारी का संचालन फिर से शुरू पर्यटक दुबारा ले सकेंगे बोटिंग का मजा

बगहा। नसीम खान क्या नारायणी गंडक नदी में जलस्तर कम हो जाने से सैलानियों के लिए बोटिंग बंद कर दिया गया था, लेकिन शुक्रवार से पर्यटक फिर से इस बोटिंग का मजा ले सकेंगे। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि 15 मार्च से नदी का लेवल गंडक बराज मेंटेनेंस कार्य हेतु कम कर दिया जाता है। कम हुए जलस्तर के कारण पर्यटकों के नदी बोट सफारी को बंद कर कर दिया जाता है। शुक्रवार से फिर से नदी के जलस्तर बढ़ जाने के कारण बोटिंग दुबारा से शुरू कर दिया गया है। बतादें इंडो नेपाल के बीच बहने वाली नारायणी गंडक नदी के दूसरी तरफ नेपाल की ऊंची ऊंची पहाड़ियां और भारतीय क्षेत्र स्थित हराभरा वीटीआर का जंगल और इसके बीच मे बोटिंग का लुफ्त मानो स्वर्ग का आप सैर कर रहे हैं।

### जातीय जनगणना के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया गया

बगहा। बगहा में एनडीए नेताओं द्वारा शुक्रवार को एक साँझा प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया, जिसमें बीजेपी सदर विधायक राम सिंह और जेडीयू एमएलसी भीष्म सहनी सहित सभी पांचों घटक दलों के पार्टी पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना करवाने के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत सबों नें एक स्वर में जोरदार तरिके से किया। एक ओर जेडीयू एमएलसी भीष्म सहनी नें जातीय जनगणना के लिए देश में रॉल मॉडल बने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सबसे पहले लिए गए फैसले कों केंद्र सरकार द्वारा अंगीकार करने कों लेकर पीएम मोदी का आभार जताया वहीं लालू राबड़ी और कांग्रेस शासन काल पर जमकर प्रहार किये।
जबकि बीजेपी विधायक राम सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह निर्णय देश की राजनीति में एक बड़े मोड़ की तरह सार्थक प्रयास साबित होगा। क्योंकि जो काम 60 वर्षो के शासन काल में कांग्रेस आरजेडी कि सरकारें नहीं कर पाई उसे पीएम मोदी और सीएम नीतीश कि जोड़ी नें कर दिखाया लिहाजा इन दोनों के नेतृत्व में देश और राज्य निरंतर तरक्की के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है।

### वीटीआर जंगल मे लगी आग पर काबू पाने के लिए मिला आधुनिक अग्निशमन

बगहा। वीटीआर जंगलों में लगी आग पर काबू पाने के लिए वनप्रमण्डल-2 को आधुनिक पानी टेंकर की व्यवस्था विभाग द्वारा कराई गई है। इस पानी टैंकर में मोटर पंप लगे हैं जो टैंकर में पानी भरने और आग बुझाने के लिए प्रेसर से कार्य करेगा, जो दूर तक आग बुझाने का कार्य करेगा। रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि मोटर जेट पंप और पाइप के जरिये आग पर इससे काबू पाने में मददगार साबित होगी। बतादें की ऐसी ही व्यवस्था वीटीआर के दूसरे वनप्रमण्डलों को भी मुहैया कराई जा रही है। ताकि जंगल मे आग लगी कि घटनाओं पर काबू पाया जा सके और वन संपदा को बचाया जा सके। इसके लिए फायर वाचरों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

# अलौली गढ़ घाट पर टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरा कर जल्द पूल निर्माण कार्य चालू करने को लेकर किया प्रदर्शन

## अनावश्यक बिलंब करने के बजाय सरल सहज संक्षिप्त निविदा प्रक्रिया पूरा करने एवं समय रहते पूल निर्माण कार्य शुरू करने की जरुरत : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता

अलौली। समाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के बैनर तले अलौली गढ़ घाट बागमती नदी पर सरकार द्वारा स्वीकृत पूल निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर जल्द चालू करने, टेंडर की प्रक्रिया में हो रहे अनावश्यक विलंब को जल्द पूरा करने के सवाल को लेकर गढ़ घाट बागमती नदी के किनारे फरकिया वासियों ने प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि फरकिया वासियों के निरंतर आंदोलन के बदौलत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा स्वीकृत एवं शिलान्यास हो चुके अलौली गढ़ घाट बागमती नदी पर पूल निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है।

बिगत कई महीनों से निविदा की ही प्रक्रिया चल रही है। आखिर कब टेंडर की प्रक्रिया पूरी होगी, कब एजेंसी काम चालू करेंगे, कब पूल निर्माण सामग्री गढ़ घाट पर आएगी, यह यक्ष प्रश्न बना हुआ



है। फरकिया वासी चिंतित है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकार वोट बैंक बनाने हेतु आनन फानन में शिलान्यास तो कर दिए, लेकिन टेंडर की लंबी प्रक्रिया को सहज सरल संक्षिप्त बनाकर पूरी कर युद्ध स्तर पर पूल निर्माण कार्य प्रारंभ हो, यह संशय एवं उहापोह की स्थिति बनी हुई है। फरकिया वासी का इंतजार ट्रेन की तरह पूल पूरा होने का कब खत्म होगा, सपना कब पूरा होगा, आमजन लंबे अरसे से बाट जोह रहे है। फरकिया वासियों ने कहा कि आखिर कब तक नाव पर छात्र नौजवान मजदूर किसान पशु - पशुपालक आम-आवाम नदी पार करते रहेंगे ? घंटो नाव का इंतजार करते रहेगें, ट्रेन के तरह पूल का सपना कब पूरा होगा ? पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि 1-2 महीने में बारिश एवं बाढ़ आ जाएगी, पुनः आगामी एक वर्ष के लिए कार्य ठप्प हो जायेगा। समय रहते कार्य पूरा करने की जरुरत है। श्री यादव ने सरकार जिला प्रशासन से टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरा कर पूल निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर चालू करने की मांग किया।

# मशरक में समारोह पूर्वक मनी भगवान परशुराम की जयन्ती

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक प्रखण्ड क्षेत्र के चंदेश्वर मोड़ अवस्थित ऋषभ रेस्टोरेंट के सभागार में पं राजीव पाठक की अध्यक्षता में भगवान विष्णु के छठे अवतार धर्म व नीति की प्रतिमूर्ति भगवान श्री परशुराम की जयंती मनाई गई। मंच संचालन चुनमुन बाबा और पं प्रिंस मौनस ने किया। भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आचार्य हरेराम शास्त्री एवं आचार्य पंडित धीरज तिवारी ने कहा कि भगवान परशुराम अन्याय अनीति के संहारक के रूप में अवतरित हुए। सभी की सुरक्षा के साथ धर्म की स्थापना के लिए अपने उग्र रूप का कई बार उपयोग किया। अधर्म के विरुद्ध युद्ध के ध्वज वाहक हैं भगवान परशुराम जी! भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी के चरणों में मैं शीश नवाकर नमन करता हूँ। आज मशरक में भगवान परशुराम जी के



जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में बिहार प्रदेश के स्वस्थ मंत्री मंगल पाण्डेय एवं सतीश चंद्र दुबे कोयल एव खनन राज्य मंत्री अन्य ब्राह्मण समाज से जुड़े राजनीतीज्ञ एवं प्रबुद्ध समाजसेवी एवं अन्य गणमान्य अतिथियों संग सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त हुआ परशुराम जी ने शिक्षा के साथ-साथ शस्त्र विद्या में भी राष्ट्र को समृद्ध किया है तथा उनका जीवन हमें यह संदेश देता है कि ज्ञान और बल का संतुलन समाज को सही दिशा देता है। यह संतुलन आज भारत की आवश्यकता है। उन्होंने आजीवन अन्याय के विरुद्ध युद्ध किया और सिद्ध किया कि शक्ति का उपयोग तभी करना चाहिए जब उसका उद्देश्य न्याय और जनकल्याण हो। मेरा युवाओं से आग्रह है कि अपने भीतर छिपे हुए परशुराम जी को पहचानें। हमें भी आधुनिक ज्ञान और तकनीक के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक शक्ति को सशक्त करना होगा। वहीं गोरेयाकोठी विधायक देवेशकांत सिंह, मृत्युंजय तिवारी प्रवक्ता राष्ट्रीय जनता दल, सुधांशु रंजन वरीय नेता, राष्ट्रीय जनता दल, विनोद तिवारी, प्रखण्ड प्रमुख जीरादेई (सिवान), भाजपा नेता अजीत सिंह, जितेंद्र तिवारी, हरेराम शास्त्री, नंदन बाबा, राजीव तिवारी, सरपंच सुबोध तिवारी, जन्मेजय बाबा, डॉ अनूप तिवारी, डॉ ललन पाठक समेत अन्य भी मौजूद रहें।

## अलौली गढ़ घाट पर टेंडर प्रक्रिया जल्द पूरा कर जल्द पूल निर्माण कार्य चालू करने को लेकर किया प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता



अलौली। समाजिक संगठन फरकिया मिशन देश बचाओ अभियान के बैनर तले अलौली गढ़ घाट बागमती नदी पर सरकार द्वारा स्वीकृत पूल निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर जल्द चालू करने, टेंडर की प्रक्रिया में हो रहे अनावश्यक विलंब को जल्द पूरा करने के सवाल को लेकर गढ़ घाट बागमती नदी के किनारे फरकिया वासियों ने प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। पंच सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जिलाध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि फरकिया वासियों के निरंतर आंदोलन के बदौलत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा स्वीकृत एवं शिलान्यास हो चुके अलौली गढ़ घाट बागमती नदी पर पूल निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। बिगत कई महीनों से निविदा की ही प्रक्रिया चल रही है। आखिर कब टेंडर की प्रक्रिया पूरी होगी, कब एजेंसी काम चालू करेंगे, कब पूल निर्माण सामग्री गढ़ घाट पर आएगी, यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है। फरकिया वासी चिंतित है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि सरकार वोट बैंक बनाने हेतु आनन फानन में शिलान्यास तो कर दिए, लेकिन टेंडर की लंबी प्रक्रिया को सहज सरल संक्षिप्त बनाकर पूरी कर युद्ध स्तर पर पूल निर्माण कार्य प्रारंभ हो, यह संशय एवं उहापोह की स्थिति बनी हुई है। फरकिया वासी का इंतजार ट्रेन की तरह पूल पूरा होने का कब खत्म होगा, सपना कब पूरा होगा, आमजन लंबे अरसे से बाट जोह रहे है। फरकिया वासियों ने कहा कि आखिर कब तक नाव पर छात्र नौजवान मजदूर किसान पशु - पशुपालक आम-आवाम नदी पार करते रहेंगे ? घंटो नाव का इंतजार करते रहेगें, ट्रेन के तरह पूल का सपना कब पूरा होगा ? पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि 1-2 महीने में बारिश एवं बाढ़ आ जाएगी, पुनः आगामी एक वर्ष के लिए कार्य ठप्प हो जायेगा। समय रहते कार्य पूरा करने की जरुरत है। श्री यादव ने सरकार जिला प्रशासन से टेंडर की प्रक्रिया जल्द पूरा कर पूल निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर चालू करने की मांग किया।

# प्रखंड मुख्यालय में कार्यक्रम कार्यान्यवन समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर प्रखंड मुख्यालय के सभागार भवन में कार्यक्रम कार्यान्यवन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने की। इस बैठक में छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने विशेष रूप से भाग लिया और प्रखंड के विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों से क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

**सांसद ने किया स्वागत:** अधिकारियों ने सांसद को बुके देकर स्वागत किया। सांसद ने अपने हाथों नवनियुक्त अध्यक्ष उपाध्यक्ष को बुके देकर सम्मानित किया। पहली बैठक होने के कारण सभी सदस्यों के साथ अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया।

**विकास योजनाओं की समीक्षा:** सांसद ने प्रखंड के विभिन्न विभागों के आला अधिकारियों से क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति व विकास कार्य की समीक्षा की। सांसद ने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति, लाभार्थियों की संख्या और निर्धारित लक्ष्यों को लेकर सवाल-जवाब किए।

**सांसद ने दिए सख्त निर्देश:** सांसद ने अधिकारियों को जमीनी स्तर पर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के सख्त निर्देश दिए



और कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और ग्रामीण विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में चल रही योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की.

**महिला को जमीन का पर्चा और आवास देने का निर्देश:** सांसद ने अमनौर हरनारायण पंचायत के पूजा देवी एक महिला को पांच डिसमिल जमीन का पर्चा देकर उड को जमीन के पास वाहन से ले जाकर सुपुर्द करने की बात कही और इउड को ढट योजना के तहत उस महिला को आवास देने का निर्देश दिया।

**विभिन्न योजनाओं की समीक्षा:** बैठक में गरीबी उन्मूलन, जनशक्ति, किसान मित्र, श्रमिक कल्याण, खाद्य सुरक्षा, सबके लिए आवास, शुद्ध पेय जल, जन जन का स्वास्थ्य, सबके लिए शिक्षा, अजज अजा अल्पसंख्यक और अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला कल्याण, बाल कल्याण, युवा विकास, गांव सुधार, पर्यावरण संरक्षण, वन विकास, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण सड़क, ग्रामीण ऊर्जा, पिछड़ा क्षेत्र विकास, गांव सुधार योजनाओं की समीक्षा हुई। पत्रकारों से बातचीत में सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि विकास की बैठक थी और 20 सूत्री का नया गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि देश के प्रधानमंत्री और बिहार के मुख्यमंत्री की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि यह बैठक हर प्रखंड में होगी और सभी जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। पहली बार बिहार के सारण के इतिहास में एक सांसद ने पंचायत और प्रखंड स्तर की बैठक की. यहीं से योजनाओं का कार्यावनयन होता है. जिला से राज स्तर तक जाता है समीक्षा हुई बहुत सारे विषय पर चर्चा हुई. देश के प्रधानमंत्री और बिहार के माननीय मुख्यमंत्री की योजनाओं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे. यह मेरा लक्ष्य है. इसी क्रम में आज हमने संसद के रूप में प्रखंड स्तर के पंचायत स्तर की बैठक अमनौर में हमने की है. यह बैठक हर प्रखंड सारण जिला में होगा. सभी जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे. शुरूआत है सरकार काम अच्छा कर रही है माननीय मुख्यमंत्री का बिहार में अच्छा काम चल रहा है. उसमें हम लोग कदम से कदम मिलाकर और सहूलियत हो जनता को लाभ मिले यही मेरा प्रयास है. बैठक में एडीएम बिकाश कुमार जिला कृषि पदाधिकारी सह डीआरडीए क्यामुदिन अंसारी जिला शिक्षा पदाधिकारी विद्यानंद ठाकुर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी जिला सहकारिता पदाधिकारी एसडीएम डॉ प्रेरणा सिंह बीडीओ राजीव कुमार सीओ अजय कुमार शिक्षा पदाधिकारी अजय शर्मा समेत प्रखण्ड स्तर के तमाम अधिकारी बीस सूत्री के सदस्य शामिल थे।

### डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव मनोनीत हुए समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य



छपरा। सारण जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष बहुमुखी प्रतिभा के धनी, विभिन्न विषयों के ज्ञाता डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव को समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। सदस्य मनोनीत करने का सर्टिफिकेट एस .के .एफ .आई .के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेंद्र बच्चन के द्वारा डॉ. श्रीवास्तव को दिया गया है। उनके सदस्य मनोनीत होने पर पत्रकारिता जगत में काम करने वाले सभी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं तथा सारण जिला पत्रकार संघ के सभी सदस्यों एवं अन्य पत्रकारों के साथ ही साथ जिले के बुद्धिजीवियों सहित दर्जनों शिक्षकों ने डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर खुली ई–निविदा के रुप में आमंत्रित करती है:–

**क्र.सं.:** 1, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–77–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/प्रथम/समस्तीपुर के अधिकार क्षेत्र में स्विच एवं सीएमएस क्रासिंग बॉडी की रि–कंडीशनिंग।, **निविदा लागत (रुपये में):** 7357376.65, **बयाने की राशि (रुपये में):** 147200.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह

**क्र.सं.:** 2, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–78–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** जयनगर में 33 केवी स्वतंत्र फीडर के साथ 33/11 केवी पावर सबस्टेशन के विस्तार से संबंधित सिविल इंजी. कार्य।, **निविदा लागत (रुपये में):** 11191025.16, **बयाने की राशि (रुपये में):** 206000.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह

**क्र.सं.:** 3, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–79–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** समस्तीपुर मंडल में शौचालय सहित पी डब्ल्यू आई एवं आई ओ डब्ल्यू ऑफिस तथा स्टोर शेड का निर्माण। (पी डब्ल्यू आई स्टोर शेड– खगड़िया एट सहरसा, बनमनखी, सकरी, नरकटियागंज पश्चिम, समस्तीपुर कुल–5 अदद) (शौचालय सहित पी डब्ल्यू आई एवं आई ओ डब्ल्यू ऑफिस – सहरसा, सकरी, जयनगर, नरकटियागंज पश्चिम तथा जनकपुर रोड कुल–5 अदद)।, **निविदा लागत (रुपये में):** 45422922.04, **बयाने की राशि (रुपये में):** 377100.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह

**क्र.सं.:** 4, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–80–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** सहायक मंडल इंजीनियर/बापुधाम मोतिहारी के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न समपारों के सड़क का मरम्मत।, **निविदा लागत (रुपये में):** 18303279.90, **बयाने की राशि (रुपये में):** 241500.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह

**क्र.सं.:** 5, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–81–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** सहायक मंडल इंजीनियर/नरकटियागंज के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न समपारों के सड़क का मरम्मत।, **निविदा लागत (रुपये में):** 18428090.67, **बयाने की राशि (रुपये में):** 242200.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह

**क्र.सं.:** 6, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–82–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/बापुधाम मोतिहारी के अधिकार क्षेत्र में कपड़पुरा से बापुधाम मोतिहारी तक टाईप– I–22 अदद टाईप– II–78 अदद कर्मचारी आवास के शौचालय एवं स्नानघर का मरम्मत।, **निविदा लागत (रुपये में):** 19522774.85, **बयाने की राशि (रुपये में):** 247600.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह

**क्र.सं.:** 7, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–83–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/बापुधाम मोतिहारी के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्टेशनों पर सरकारी भवन एवं प्लेटफार्म का मरम्मत।, **निविदा लागत (रुपये में):** 19238790.66, **बयाने की राशि (रुपये में):** 246200.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह

**क्र.सं.:** 8, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–84–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नरकटियागंज के अधिकार क्षेत्र में कर्मचारी आवास के शौचालय एवं स्नानघर का मरम्मत।, **निविदा लागत (रुपये में):** 24715496.98, **बयाने की राशि (रुपये में):** 273600.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह

**क्र.सं.:** 9, **निविदा सूचना सं.:** टी.सी.–85–2025–एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/कार्य/नरकटियागंज के अधिकार क्षेत्र में विभिन्न स्टेशनों पर सरकारी भवन एवं प्लेटफार्म का मरम्मत।, **निविदा लागत (रुपये में):** 18395206.34, **बयाने की राशि (रुपये में):** 242000.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह

**(1) आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई –निविदा के रुप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय** :– 22.05.2025 को 12.00 बजे तक। **(2) ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय** :– 22.05.2025 को 12.00 बजे के बाद। **(3) वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है** :– वेबसाईट: **www.ireps.gov.in.** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/द्वितीय**
**पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**

पीआर/0178/एसपीजे/इंजी./टी/25–26/104

# नृत्यांगना सोमा मण्डल के पद संचालन के साथ थिरके दर्शकों के भी पाँव

## विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ नृत्योत्सव

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बंगाल की नृत्य-साधना में तपी सुचर्चित नृत्यांगना सोमा मण्डल और नृत्याचार्य रामचंद्र गोलदार के स्वर्गिक आनन्द प्रदान करने वाले नृत्य ने दर्शकों को घंटों मोहित किए रखा। उनके मोहक पद-संचालन के साथ दर्शकों के पाँव भी थिरकते रहे। अनेक एकल और समूह-नृत्य से वरीय और प्रशिक्षु कलाकारों ने नृत्य-कला की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी। विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के कला विभाग की ओर से गुरुवार की संध्या नृत्योत्सव-२०२५ का भव्य आयोजन किया गया था। नृत्योत्सव का उद्घाटन करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने



कहा कि संपूर्ण ब्रह्माण्ड पृथ्वी के जीव-जगत समेत अपने समस्त पिंडों के साथ नित्य नर्तन में लिप्त है। सृष्टि के कण-कण में नृत्य और संगीत है। निखिल ब्रह्माण्ड निरन्तर नाच रहा है। उसके पद-संचालन क्षण भर के लिए भी नहीं रुकते। उसका प्रत्येक पद-संचालन प्रकृति को नूतन रूप प्रदान करता है। मनुष्य जब परमात्मा के इस नर्तन के साथ स्वयं को जोड़ लेता है तो आनन्द के उसी सागर का भाग बन जाता है। इसीलिए नृत्य, संगीत, कला और साहित्य आनन्दकर और मंगलकारी हैं। इस अवसर पर डा सुलभ ने नृत्यांगना सोमा मण्डल तथा यामिनी शर्मा को नृत्य-चूड़ामणि और नृत्याचार्य रामचंद्र गोलदार, बक्शी विकास तथा श्वेत शरण को नृत्य-शिरोमणि अलंकरणों से विभूषित किया। इनके अतिरिक्त नृत्याचार्य कुमार कृष्ण किशोर, आयुर्मान यास्क, नृत्यांगना कुमारी रूपा, अमित कुमार, लकी, पूनम लवली, रमा, कोमल, दुर्गेश नन्दिनी, काशिका पाण्डेय, साक्षी, अर्चना, ज्योति, रिया, अंशु, ऋंखला, राधा रानी, निकिता पाठक, इशिका रंजन, प्रिया, नेहा आदि की प्रस्तुतियों की भी दर्शकों ने तालियों से सराहना की।

### इसुआपुर में कोरोना वारियर्स डॉक्टर बी के सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई

इसुआपुर। जिले के सुप्रसिद्ध चिकित्सक कोरोना वरियर्स डॉक्टर बी के सिंह की चौथी पुण्यतिथि शुक्रवार को पार्टी पैलेस में मनाई गई। दिवंगत चिकित्सक के तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा करते हुए कहा गया कि वे एक कुशल चिकित्सक के साथ-साथ मृदु भाषी, व्यवहार कुशल, महान व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। वे सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भी बढ़- चढ़कर हिस्सा लेते थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय पुरानी क्षति हुई है। कोरोना काल में कोरोना से ग्रस्त मरीजों को वे निर्भिक होकर इलाज करते थे। इसी दौरान उन्हें भी कोरोना ने अपनी चपेट में ले लिया तथा वे भी काल के गाल में समा गए। श्रद्धांजि अर्पित करने वालों में



पूर्व जिला पार्षद सह दिवंगत चिकित्सक की पत्नी मंजू सिंह, डॉक्टर प्रतीक कुमार लाला, डॉक्टर संदीप कुमार, जिला पार्षद छबीनाथ सिंह, जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष अनवर हुसैन, ओम प्रकाश सिंह, राधा रमन सिंह, राजदेव दुबे, डॉ राम प्रमोद सिंह, डॉक्टर बैरिस्टर राय, माना सिंह, नवल किशोर ओझा, सुरेंद्र सिंह, शिवबोध सिंह, हरेंद्र राय समेत सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल थे।

# कृषि कार्य के लिए लगा ट्रांसफार्मर से तेल व क्वायल चोरी

प्रात : किरण संवाददाता

तरैया। थाना क्षेत्र के पचभिंडा गांव के कृषि ट्रांसफार्मर से तेल व क्वायल चोरी हो गई है। इस संबंध में तरैया विद्युत उपकेन्द्र के जेई पंकज कुमार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जेई ने बताया कि उक्त स्थल पर आरडीएसएस योजना के तहत कृषि कार्य के लिए 25 केभी का ट्रांसफॉर्मर लगा हुआ था। जिसका स्विच काट कर एवं फ्यूज तोड़कर अज्ञात चोरों ने ट्रांसफॉर्मर से तेल व क्वायल चोरी कर ली है। जिससे विद्युत विभाग को 78000 रुपए की क्षति हुई है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# अलग अलग गांव से दो युवती के अपहरण के मामले में प्राथमिक की दर्ज

परसा। परसा थाना क्षेत्र के प्रसादी गाँव से 29 अप्रैल को परसौना बाजार करने घर से गई युवती वापस नहीं लौटी. परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किया गया लेकिन पता नहीं चल पाया जिसको लेकर युवती के पिता ने स्थानीय थाने में अपहरण की आशंका जताते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है. वही अन्याय गाँव से एक युवक ने शादी के नियत से एक युवती को अपहरण कर लेकर फरार हो गया. जिसको लेकर युवती के माँ ने परसा थाने मे लिखित आवेदन देकर एक महिला समेत 6लोगो पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि दोनों आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# स्वास्थ्य मंत्री का एकमा में हुआ स्वागत

एकमा। भाजपा कार्यकताओं द्वारा बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का पटना से सिवान के महाराजगंज जाने के दौरान एकमा नगर मंडल अध्यक्ष श्री प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में थाने के समीप बस स्टैंड पर गाजें बाजे के साथ फूल माला पहनकर उनका भभ्भ स्वागत किया गया। वहीं पूर्व जिला पार्षद रुपेश सिंह ने मंत्री को अंग वस्त्र एवं भगवान गणेश की प्रतिमा देकर स्वागत किया। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने जमकर जिंदा बाद के नारे लगाए। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्दर नाथ सिंह कमलेश सिंह नगर उपाध्यक्ष दीनदयाल दुबे श्री राम दुबे चंद्रशेखर सिंह बृजेश सिंह अजीत सिंह रींटु तिवारी बेचू सिंह आदि लोग उपस्थित थे।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गिरिजा व्यास का निधन, राजनीतिक जगत में शोक की लहर



**उदयपुर, एजेंसी।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन हो गया। उन्होंने अहमदाबाद के जाइडस अस्ताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस लीं। कुछ दिनों पहले, उदयपुर स्थित उनके निवास पर पूजा के दौरान अचानक साड़ी में आग लग गई थी, जिससे वे 90 प्रतिशत झुलस गईं। इस हादसे के बाद से उनका इलाज चल रहा था, लेकिन अंततः वे इस संघर्ष को हार गईं। डॉ. गिरिजा व्यास ने अपने जीवन में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। वे उदयपुर से विधायक और सांसद रही थीं। इसके अलावा, उन्होंने नरसिम्हा राव सरकार में केंद्रीय मंत्री के तौर पर भी अपनी सेवाएं दीं। यूपीए सरकार में उन्होंने महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाई। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष और महिला कांग्रेस की अध्यक्ष के रूप में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। डॉ. गिरिजा व्यास का निधन भारतीय राजनीति और समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। उनके संघर्षपूर्ण जीवन और समाज के प्रति उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। डॉ. व्यास दर्शन शास्त्र में पीएचडी थीं और मोहनलाल सुखाड़िया यूनिवर्सिटी में बतौर प्रोफेसर रहीं। उदयपुर में शिल्पग्राम निर्माण, जयसमंद से पाइप लाइन समेत अन्य विकास कार्यों में उनका योगदान रहा। डॉ. गिरिजा व्यास के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर दुख जताते हुए लिखा-पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष डॉ गिरिजा व्यास का निधन हम सबके लिए एक अपूरणीय क्षति है। डॉ गिरिजा व्यास ने शिक्षा, राजनीति एवं समाज सेवा के क्षेत्र में बड़ा योगदान था। उनका इस तरह एक हादसे का शिकार होकर असमय जाना हम सभी के लिए एक बड़ा आघात है। मैं ईश्वर से उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना करता हूं।

### मुस्लिमों को टारगेट न करें; पहलगाम में मारे गए विनय नरवाल की पत्नी की अपील

**करनाल, एजेंसी।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए नेवी के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने सभी से शांति की अपील की है। उन्होंने गुरुवार को लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की जयंती पर कहा कि हमें मुस्लिमों और कश्मीरियों को टारगेट नहीं करना चाहिए। हम शांति चाहते हैं। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस हमले में शामिल लोगों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। हिमांशी ने कहा, इस हमले में जो लोग शामिल हैं, इन्हें सख्त सजा दी जाए। लेकिन हमें मुस्लिमों और कश्मीरियों को टारगेट नहीं करना है। विनय की जयंती पर परिवार ने ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन किया था। आज यदि विनय नरवाल जीवित होते तो उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया जाता, लेकिन आज परिवार उनकी याद में जयंती मनाता दिखा। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। इस दौरान हिमांशी बेहद भावुक हो गईं। कैंप में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने रक्तदान किया। हिमांशी ने कहा कि मैं भी पति विनय नरवाल की ओर से दिखाए गए देशभक्ति के रास्ते पर आगे बढ़ूंगी। मुझे देश की सेवा करनी है। हिमांशी ने कहा, देशवासियों को विनय नरवाल के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। वह जहां भी हों, सुखी हों। हम आज यहां शोक व्यक्त करने के लिए उपस्थित नहीं हुए हैं बल्कि हम उनकी देशभक्ति और जज्बे का सम्मान करने के लिए आए हैं। हिमांशी और विनय नरवाल की 16 अप्रैल को ही शादी हुई थी और फिर 19 तारीख को रिसेप्शन हुआ था। यह जोड़ा हनीमून पर पहलगाम घूमने गया था, जहां 22 अप्रैल को आतंकियों ने विनय नरवाल का कत्ल कर दिया। इस हमले में कुल 26 लोग मारे गए थे। आतंकियों ने विनय नरवाल समेत सभी लोगों का धर्म पूछकर कत्ल किया था। ब्लड डोनेशन कैंप में विनय नरवाल की बहन सृष्टि भी मौजूद थीं। सृष्टि ने कहा कि मैं यहां आए सभी लोगों का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने हमारा साथ दिया है।

# मुश्ताक ने सुनील बनकर रचाई शादी, रुद्रपुर की प्रेमिका का गला काटकर सिर नहर में फेंका; धर्मांतरण भी कराया

**रुद्रपुर (खटीमा), एजेंसी।**
उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहने वाली पूजा मंडल का उसके प्रमी से बेरहमी से उसका मर्डर कर दिया। हरियाणा के गुरुग्राम में लिव इन रिलेशन में रहते हुए मुश्ताक ने नाम बदलकर उसके साथ शादी रचाई। दूसरी लड़की को अपने प्रेमजाल में फंसाकर उसने शादी कर ली।

पूजा के दबाव बनाने पर उसका मर्डर कर दिया। सिर को धड़ से अलग कर नहर में फेंक मुश्ताक फरार हो गया था। पुलिस ने हत्यारोपी का गिरफ्तार कर लिया है। पांच महीने से लापता नानकमत्ता की 38 वर्षीय पूजा मंडल की उसके प्रेमी मुश्ताक ने नृशंस हत्या कर दी। बेरहमी से पूजा का गला काटकर उनका धड़ और शव अलग-अलग कट्टे में रखकर नहर में फेंक दिया। पूजा हरियाणा के गुरुग्राम में एक स्पा सेंटर में काम करती थीं और नवंबर 2024 से लापता थीं।

दिसंबर में उनकी बहन ने पूजा की गुमशुदगी दर्ज कराते हुए मुश्ताक पर शक जताया था। इसके बाद से पुलिस जांच में लगी थी। कुछ दिन पहले ही हरियाणा पुलिस ने मुश्ताक को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो उसने सब उगल दिया। हरियाणा पुलिस ने खटीमा पुलिस की मदद से युवती का धड़ नहर से बरामद किया, जबकि सिर खबर लिखे जाने तक नहीं मिला था। मूलरूप से नानकमत्ता की बंगाली कॉलोनी की रहने वाली पूजा मंडल का 2019 में अपने





पति से तलाक हो गया था।

पूजा के दो बच्चे अपने पिता के साथ शक्तिफार्म में ही रहते हैं। इसके बाद पूजा स्पा सेंटर में काम करने के लिए गुरुग्राम चली गई। यहीं टैक्सी चालक सितारगंज निवासी मुश्ताक से उनकी मुलाकात हुई और एक ही राज्य और जिले के होने के कारण दोनों करीब आ गए। इसके बाद दोनों गुरुग्राम में करीब डेढ़ वर्ष तक लिव-इन-रिलेशनशिप में रहे और साल 2022 में दोनों ने शादी कर ली।

इधर, मुश्ताक ने पूजा को बगैर बताए किच्छा से दूसरी शादी भी कर ली। इसकी खबर जब पूजा को लगी तो नवंबर 2024 में यह मामला सितारगंज कोतवाली पहुंचा। तब पूजा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मुश्ताक ने पहचान छिपाकर उससे हिंदू रीति-रिवाज से विवाह किया है।

पूजा ने नवम्बर 2024 में पुलिस व जांच अफसरों को बताया था कि वर्ष 2022 में मुश्ताक ने अपने को सुनील यादव बताकर उनके साथ शादी की। बाद में उनका धर्मांतरण करवा दिया। दोनों के बालिग होने के कारण पुलिस ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग की। बाद में पूजा मुश्ताक के साथ हरियाणा चली गई और कुछ दिन बाद ही लापता हो गई।

पूजा और मुश्ताक के बीच प्रेम संबंध की शुरुआत 2022 में रुद्रपुर में हुई। मुश्ताक चकरपुर कुटरी में पंक्चर की दुकान चलाता था। एक दिन रुद्रपुर में पूजा और मुश्ताक की मुलाकात हुई। मुलाकात के बाद धीरे-धीरे मुश्ताक ने पूजा से नजदीकी बढ़ा ली और दोनों गुरुग्राम चले गए। जहां पूजा एक स्पा सेंटर में काम करने लगी और मुश्ताक एक कैब चलाने लगा।

पुलिस का कहना है कि हरियाणा में रहने के दौरान दोनों आपस में मिलते रहते थे। मामले में नया मोड़ तब आया, जब मुश्ताक ने दो नवंबर 2024 को सितारगंज आकर किच्छा की लड़की से शादी कर ली। इसकी जानकारी जब पूजा को हुई तो वह इसको बर्दाश्त नहीं कर सकी। वह सितारगंज आ गई। पूजा के आने की तारीख आठ नवंबर के आसपास बताई जा रही है।

पूजा ने सितारगंज आने के बाद मुश्ताक के सामने शादी को लेकर काफी हंगामा किया। बताया जा रहा है कि इस मामले में दोनों के बीच पंचायत भी हुई, लेकिन पूजा जिस धोखे से गुजर रही थी, उसे वह बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी। पूजा के नहीं मानने पर मुश्ताक उसे रास्ते से हटाने का मन बना चुका था। इसलिए वह पूजा को इस्लामनगर निवासी अपनी बहन के यहां लेकर आया। पूजा को यहां लाकर भी समझाता रहा। रात के समय पूजा को घुमाने के बहाने कंजाबाग नदन्ना नहर की ओर लेकर आया। यहां पूजा का सिर धड़ से अलग कर शव को ठिकाने लगा दिया।

कोतवाल खटीमा मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि लड़की और आरोपी मुश्ताक के बीच प्रेम संबंध चल रहा था। वह शादी नहीं करना चाहता था। प्रकाश में यह आया है कि युवक ने एक अन्य युवती से विवाह कर लिया है। प्रेमिका के विरोध करने के कारण मुश्ताक ने उसकी हत्या कर दी। हरियाणा पुलिस चार माह से आरोपी की तलाश कर रही थी। -

पूजा की गला काटकर हत्या की गई थी। हत्या करने के बाद सिर को एक कट्टे में पत्थर और मिट्टी में भरकर नाले में फेंका गया, जबकि धड़ को एक चादर में लपेट कर कट्टे में भरकर नाले में फेंका गया। अंदाजा लग रहा है कि इस हत्याकांड में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं।

पुलिस ने बताया कि पूजा की 19 दिसम्बर 2024 को थाना सेक्टर पांच गुरुग्राम हरियाणा में उसकी बहन प्रमिला विश्वास ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जबकि हत्यारोपी ने बताया कि उसने पूजा की हत्या 16 नवंबर की रात को कर दी थी। बुधवार को हरियााण पुलिस मुश्ताक को लेकर खटीमा पहुंची। निशानदेही पर ढाई बजे नाले से युवती का एक कट्टे में चादर में लिपटा सड़ा-गला धड़ बरामद किया।

मृतका पूजा के भाई असित विश्वास ने बताया कि उसकी बहन प्रमिला विश्वास ने ही 19 दिसंबर 2024 को बहुत प्रयास के बाद गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस हरियाणा में मुकदमा दर्ज नहीं कर रही थी। इस बीच वह अपनी बहन को बहुत जगह खोजते रहे। गुरुग्राम से दबाव बनने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।

## गाजियाबाद की 61 सोसाइटियों को नोटिस जारी



**गाजियाबाद, एजेंसी।**
गाजियाबाद में भूजल (ग्राउंड वाटर) दोहन के लिए 61 सोसाइटियों को गुरुवार को नोटिस जारी किए गए हैं। भूजल विभाग ने इन सभी सोसाइटियों से 30 दिन में जवाब मांगा है।

जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद की बैठक विकास भवन में सीडीओ अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें नगर निगम से सोसाइटियों में पानी की आपूर्ति की जानकारी ली गई, जिसमें बताया गया कि 61 सोसाइटी को भूजल दोहन पर नोटिस जारी किया गया है। इन सोसाइटियों को बनाने के दौरान पेयजल आपूर्ति का उचित इंतजाम नहीं किया गया, जिससे इन सोसाइटी में भूजल का उपयोग किया जा रहा है। यहां की पेयजल आपूर्ति भूजल दोहन पर ही टिकी है। बैठक में निर्देश दिए गए कि इन सोसाइटियों में जलापूर्ति किस तरह से की जा सकती है, इसकी स्थिति स्पष्ट की जाए। बैठक में जिला भूगर्भ जल की नोडल सृष्टि जायसवाल, सहायक उपयुक्त रतिका गुप्ता, अधिशासी अभियंता (सिविल) प्रमोद कुमार शर्मा, अश कुमार, सीपी सिंह रावल, रेंज अधिकारी संजय कुमार, एनके पांडे, डाईड्रोलाजिस्ट अंकिता राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अवैध आरओ प्लांट और कार धुलाई सेंटर को लेकर छह शिकायतें मिलीं।

इनमें से तीन प्लांट सील किए गए, जबकि तीन ने खुद ही अपने बोरवेल बंद कर लिए। बैठक में सोसाइटी में पेयजल आपूर्ति के लिए नगर निगम को डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाकर जिला भूगर्भ जल प्रबंधन परिषद को देने के लिए कहा गया है, जिससे सोसाइटी में अवैध रूप से हो रहे भूजल दोहन को रोका जा सके। बैठक में बताया गया कि नलकूप रजिस्ट्रेशन के लिए सात, एनओसी के लिए छह, एनओसी के नवीनीकरण के लिए 20 आवेदन मिले हैं। नलकूप रजिस्ट्रेशन के पांच और एनओसी देने के दो आवेदन स्वीकृत हो पाए हैं।

## सीमा हैदर भारत के लिए बड़ा खतरा; पहलगाम हमले के बाद वकील का कश्मीर लिंक वाला दावा

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।** पाकिस्तान से आई सीमा हैदर पहलगाम हमले के बाद से सुर्खियों में है। एक तरफ जहां उसने चुप्पी साध रखी है तो दूसरी तरफ सोशल मीडिया पर बहुत से लोग उसे वापस पाकिस्तान भेजने की मांग कर रहे हैं। इस बीच सीमा के पहले पति गुलाम हैदर के भारतीय वकील मोमीन खान ने भी कई गंभीर आरोप लगाते हुए भारत सरकार से मांग की है कि उसे तुरंत पाकिस्तान वापस भेज दिया जाए। मोमीन ने सीमा हैदर का जम्मू-कश्मीर से कोई लिंक होने का भी दावा किया है।



मोमीन खान सीमा हैदर के चार बच्चों को वापस पाकिस्तान भेजने के लिए गुलाम हैदर की तरफ से कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने यूट्यूब पर लाइव आकर कहा कि सीमा हैदर ने लिखी-लिखाई स्क्रिप्ट के जरिए विक्टिम कार्ड खेलती रही है। सीमा हैदर भारत के लिए बहुत बड़ा खतरा है, भारत की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा है, नासूर है। उसको जितनी जल्दी हो भारत से डिपोर्ट किया जाए या उसकी जमानत खारिज करवाकर जेल में रखा जाए। भारत की सुरक्षा के लिए यह बहुत बड़ा कदम होगा। रही बात बच्चों की तो अदालत से 2024 में ही आदेश यूपी सरकार को जा चुका है। यूपी सरकार उस आदेश को लागू करते हुए बच्चों को डिपोर्ट कराए। खान ने कहा कि सीमा भारतीय सिम का इस्तेमाल कर रही है और वॉट्सऐप कॉल पर किससे बात करती है, इसकी जानकारी नहीं है। मोमीन खान ने सीमा हैदर के मामले में जांच में लापरवाही बरते जाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच एसएचओ जेवर की ओर से की जा रही है जबकि एपी सिंह झूठा दावा करते हैं कि इस मामले की जांच एटीएस के पास है। खान ने कहा कि ना तो नेपाल जाकर जांच की गई और ना ही उन बस ड्राइवर कंडक्टर से पूछताछ की गई जो इन्हें लेकर आया था।

मोमीन खान ने कहा कि सीमा हैदर को किसी हालत में भारत की नागरिकता नहीं मिलेगी। आज नहीं तो 10 दिन बाद सीमा हैदर को वापस भेजना ही पड़ेगा। गुलाम हैदर के वकील ने सीमा के वकील एपी सिंह को निशान पर लेते हुए कहा कि उन्होंने ही पहलगाम हमले के बाद सीमा को चुप रहने को कहा है। मोमीन ने कहा कि सीमा को उसे एपी सिंह ने ही छिपाकर रखा है। खान ने कहा कि एक दिन सीमा हैदर पलटी मारेगी और एपी सिंह पर ऐसे आरोप लगाएगी कि उन्हें शर्मसार होना पड़ेगा। मोमीन खान ने कहा कि वह खुद को बचाने के लिए भारत माता की जय कहती है और कहती है कि मोदी जी से शरण मांग रही है। जब उसे डिपोर्ट किया जाएगा वह कहेगी कि मुझे बंदूक के साए में रखा जाता था। बच्चों के गले पर चाकू रखकर भारत के समर्थन में और पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगवाए जाते थे। मोमीन खान ने एक अन्य वीडियो में सीमा हैदर के जम्मू-कश्मीर से कनेक्शन को लेकर दावा किया। उन्होंने कहा, 'सीमा हैदर भारत के लिए बड़ा खतरा है। एक वीडियो आया था जिसमें वह कह रही है कि मेरे लिए जम्मू-कश्मीर से फ्रूट, ड्राई फ्रूट आते हैं, ये आते हैं...। इसका कहीं ना कहीं कनेक्शन जम्मू-कश्मीर से भी है। ये हमारे लिए बहुत बड़ा खतरा है। इस खतरे को टाले भारत सरकार और बेल कैंसल करके जेल में डाले।'

## ट्रंप ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार वॉल्ट्ज को हटाया, उपराष्ट्रपति वेंस बोले ये प्रमोशन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज को पद से हटाए जाने और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत पद पर चुने जाने को प्रमोशन यानि पदोन्नति के रूप में पेश करने की कोशिश की है। उन्होंने मीडिया पर आरोप लगाया है कि वह शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा पद से उनके हटने को बर्खास्तगी के रूप में पेश कर रहा है। वेंस ने गुरुवार को चार्ल्सटन, साउथ कैरोलिना में फॉक्स न्यूज को एक साक्षात्कार में बताया- उन्हें जाने नहीं दिया गया। उन्हें संयुक्त राष्ट्र में राजदूत बनाया जा रहा है, जिसे निश्चित तौर पर सीनेट ने कंफर्म किया है। मुझे लगता है कि आप एक अच्छा तर्क दे सकते हैं कि यह एक प्रमोशन है।

उन्होंने आगे कहा, मीडिया इसे बर्खास्तगी के रूप में दिखाना चाहता है। डोनाल्ड ट्रंप ने बहुत से लोगों को निकाल दिया है। लेकिन वह उन्हें बाद में सीनेट द्वारा कंफर्म की गई नियुक्तियां नहीं देते हैं। उन्हें लगता है कि माइक वाल्ट्ज उस भूमिका में प्रशासन (सबसे महत्वपूर्ण रूप से अमेरिकी लोगों) की बेहतर सेवा कर सकते हैं। वेंस ने कहा कि रक्षा सचिव पीट हेगसेथ की नौकरी सुरक्षित है, जब उनसे पूछा गया कि क्या राष्ट्रपति के वरिष्ठ अधिकारियों के पद पर और बदलाव होने वाले हैं, और विशेष रूप से क्या हेगसेथ की नौकरी सुरक्षित है। उन्होंने कहा, हमें पीट पर पूरा भरोसा है। और इस बात पर जोर देने पर कि क्या यह कदम ट्रंप प्रशासन के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ सिग्नल चैट में वाल्ट्ज की कार्रवाइयों का प्रत्यक्ष परिणाम था, वेंस ने कहा, नहीं, ऐसा नहीं है। उन्होंने स्थिति को मोटे तौर पर इस प्रकार वर्णित किया कि वाल्ट्ज राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में जाना एक तरह से हमारी प्रशासनिक शुरुआत थी, उन लोगों को निकाल दिया गया जो निष्ठाहीन थे, और वास्तव में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद को क्रियाशील बनाने के लिए सही लोगों का समूह लाए।

## इंडोनेशिया के राष्ट्रपति बोले- हमारे यहां का इस्लाम तो ऐसा नहीं सिखाता

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की है। यही नहीं उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में जिस इस्लाम का पालन किया जाता है, वह ऐसे आतंकवादी हमलों की शिक्षा नहीं देता। उन्होंने कहा कि हम इस आतंकी हमले से निपटने में भारत के साथ हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी तरह के आतंकवाद से कोई नतीजा नहीं निकल सकता है। इसलिए हथियार छोड़कर ही बात करनी चाहिए। इंडोनेशिया के टॉप लीडर ने अपने देश में तैनात भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती से यह बात कही। राष्ट्रपति ने पहलगाम आतंकी हमले पर चर्चा करने के लिए ही मीटिंग बुलाई थी।

इंडोनेशिया से आई यह टिप्पणी अहम है, जहां दुनिया के सबसे ज्यादा मुसलमान रहते हैं। इंडोनेशिया के लोग अब भी अपनी संस्कृति को भारत से जोड़ते हैं। चक्रवर्ती ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने उन्हें बुलाकर बात की और पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने मृतकों के परिजनों से अपनी संवेदना व्यक्त की है और भारत के साथ इस वक्त में खड़े रहने का संकल्प जाहिर किया। बता दें कि इस्लामिक सहयोग संगठन ने तनाव के बीच पाकिस्तान का समर्थन किया है। ऐसे में इंडोनेशिया की प्रतिक्रिया अहम मानी जा रही है।

जम्मू-कश्मीर के मशहूर पर्यटन स्थल पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोलियों से भून डाला था। इस हमले में 26 लोग मारे गए हैं और उसके बाद से ही तनाव है। भारत ने पाकिस्तान के कई राजनयिकों को बाहर कर दिया है।

# कश्मीर छोड़ो, अब तो तालिबान भी भारत का समर्थन कर रहा; पाक सांसद ने लगाई आर्मी की क्लास

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के प्रमुख धार्मिक नेता व सांसद मौलाना फजलुर रहमान ने भारत-पाकिस्तान तनाव को लेकर पाकिस्तानी सेना और सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कश्मीर मुद्दे पर ध्यान देने से पहले पाकिस्तान को अफगानिस्तान के मसले को सुलझाने की जरूरत है। मौलाना ने यह भी दावा किया कि अफगानिस्तान हमेशा से भारत का समर्थक रहा है और अब तो तालिबान भी भारत के पक्ष में खड़ा है। मौलाना फजलुर जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख हैं, जो पाकिस्तान में एक इस्लामी कट्टरपंथी राजनीतिक दल है।

राजधानी इस्लामाबाद में पत्रकारों से बात करते हुए मौलाना फजलुर रहमान ने कहा, पाकिस्तान की सेना और सरकार की सोच से कोई फायदा नहीं हो रहा। कश्मीर के मुद्दे को बार-बार उठाने से पहले हमें अफगानिस्तान के हालात पर ध्यान देना होगा। अफगानिस्तान ने हमेशा भारत का साथ दिया है, और अब तो तालिबान भी भारत के साथ है। ऐसे में सेना की पुरानी नीतियां हमें और मुश्किल में डाल रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान को अपनी विदेश नीति और क्षेत्रीय रणनीति पर पुनर्विचार करना चाहिए, क्योंकि मौजूदा दृष्टिकोण से न तो कश्मीर मुद्दे का हल निकल रहा है और न ही क्षेत्र में शांति स्थापित हो रही है।

मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तानी सेना की रणनीति को नाकाम करार देते हुए कहा कि सेना की एकतरफा सोच ने देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भी भारत ने वहां अपनी कूटनीतिक स्थिति मजबूत की है, जबकि पाकिस्तान के प्रभाव में कमी आई है।

इस्लामाबाद में आयोजित फिलिस्तीन के साथ एकजुटता और शहीद मौलाना हमीदुल हक की सेवाएं सम्मेलन को संबोधित करते हुए फजलुर रहमान ने कहा, जाहिर शाह से लेकर अशरफ गनी तक अफगानिस्तान में भारत समर्थक सरकारें रही हैं। वहां एक इस्लामिक अमीरात सरकार है जिसे हम कूटनीतिक सफलता के साथ पाकिस्तान समर्थक बनाने में सफल हो सकते थे,





लेकिन हमने उन्हें भी दूर कर दिया है। सीमा के दोनों ओर मालवाहक वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है और सार्वजनिक संपत्ति बर्बाद हो रही है। ये गलत नीतियां तब तक बनती रहेंगी जब तक सैन्य सोच में राजनीतिक और आर्थिक सोच को नहीं जोड़ा जाता। इंडोनेशिया, मलेशिया, अफगानिस्तान, ईरान, बांग्लादेश और चीन की अर्थव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं। आखिर ऐसा क्या है कि इन सब देशों के बीच पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था नीचे जा रही है?

जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख ने आगे कहा, सेना को मेरा संदेश यह है कि वे स्वीकार करें कि वर्तमान स्थिति में आपके पीछे कोई मजबूत राजनीतिक ताकत नहीं है। केवल यह बयान देना कि राष्ट्र एकमत है, ये पर्याप्त नहीं है। आज जब भारत के साथ यह मुद्दा उठा है तो पूरा देश एकमत है। हर लड़ाकू तैयार है, लेकिन अगर हम इसका विश्लेषण करें तो पाएंगे कि जब भारत की बात आती है तो राष्ट्र एक ही स्थिति में है, जबकि अगर अफगानिस्तान के साथ कोई मुद्दा है तो राष्ट्र एक ही स्थिति में नहीं होगा। क्योंकि दोनों की जमीनी स्थिति अलग-अलग है, इसलिए हम मीडिया पर हो रहे दुष्प्रचार से खुश नहीं होंगे। हमारी सोच और दृष्टिकोण आपसे बेहतर है। इसलिए आपको अपनी राजनीति, अपने लोगों, अपनी अर्थव्यवस्था और संसाधनों के साथ स्पष्ट रुख के साथ बैठना होगा। मौलाना का यह बयान कि तालिबान भी भारत का समर्थन कर रहा है काफी चर्चा में है। इसकी कई वजहे हैं। भारत ने अफगानिस्तान में मानवीय सहायता, बुनियादी ढांचे के विकास और कूटनीतिक संबंधों के जरिए अपनी स्थिति मजबूत की है। तालिबान के साथ भारत के सीमित लेकिन रणनीतिक संपर्क भी इस धारणा को बल दे रहे हैं। अफगानिस्तान से अमेरिकी (नाटो) फौज की वापसी के बाद भी भारत ने तालिबान के साथ संपर्क बनाए रखा ताकि वहां की आवाम को मानवीय सहायता जारी रहे।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129